डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 08 अक्टूबर 2024, वर्ष-30, अंक- 350, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




PR No. 338343 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### देवी मंडप निर्माण को ले भूमि पूजन



**हरिहरगंज।** प्रखंड के सेमरवार पंचायत अंतर्गत ढाब कला गांव में नव देवी मंडप निर्माण कार्य को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। सेमरवार पंचायत के पंसस वासुदेव राम, युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने बताया कि भव्य रूप से नव देवी मंडप का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में यजमान सरजू राम, उर्मिला देवी, पंडित बिजूल पाठक, शिक्षक अर्जुन राम, विजय मेहता, अरविंद मेहता, भोला राम, कामदेव राम, प्रवेश यादव, प्रभु राम, अजय, तेजन राम, छठन राम, कुलदीप चौधरी, झल्लू भुइयां, रामसुंदर भुइयां, रामविशुन राम समेत भारी संख्या में भक्त लोग उपस्थित थें।

### भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे विधायक कमलेश कुमार सिंह

# गाजे-बाजे और फूल मालाओं के साथ जपला-छतरपुर रोड पर हुआ भव्य स्वागत



### विधायक ने चार ग्रामीण सड़कों के निर्माण का किया शिलान्यास

हुसैनाबाद के चार महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा, 'कमलेश का कमल छाप हो गया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता को घड़ी के बजाय भाजपा को वोट देना है।' शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि पहले क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बेहद खराब थी, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब उन्होंने हर एक सड़क के निर्माण का काम किया है और क्षेत्र की स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए भी लगातार प्रयास किए हैं। शिलान्यास की गई सड़कों में जपला-पथरा मुख्य पथ से लंगरकोर्ट गांव होते हुए पथरा तक, जपला-पथरा मुख्य पथ से गांवखाप तक, सोनबरसा-बरवाडीह सबानों पथ, और बाजारी बुधुआ से हरिजन टोला बुधुआ तक पथ निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिनमें विजयमल सिंह, गुड्डू सिंह, पप्पू सिंह, हंसराज सिंह, और विनय पासवान प्रमुख रूप से शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार हुसैनाबाद पहुंचे विधायक कमलेश कुमार सिंह का जगह-जगह ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जपला-छतरपुर सड़क पर प्रवेश करते ही सैकड़ों ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। विधायक का स्वागत जपला नहर मोड़ तक आधा दर्जन स्थानों पर किया गया, जहां ग्रामीणों ने उन्हें रोककर मालाएं पहनाईं और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा, हुसैनाबाद और हरिहरगंज की जनता का यह स्नेह और अपनत्व ही मेरी असली पूंजी है। इसी प्यार ने मुझे हमेशा अपने क्षेत्र से जुड़ा रखा है। मेरा उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना और अपने धर्म और संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित करना है। यही वजह है कि मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी बदली है, लेकिन उनका संकल्प और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता वैसी ही बनी हुई है।

विधायक ने क्षेत्रवासियों से जाति, पंथ और धर्म से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि वह सभी लोगों से बेधड़क मिल सकते हैं। उनका मानना है कि राजनीति का असली उद्देश्य क्षेत्र का विकास होना चाहिए, न कि किसी प्रकार की भेदभावपूर्ण राजनीति।

# मोहम्मदगंज में बन रही रेलवे की 130 मीटर लंबी तीसरी सुरंग से गुजरेगी थर्ड रेल लाइन

■ **ऐतिहासिक भीमचूल्हा के पास होने से सैलानियों के भी आकर्षण का होगा केंद्र**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन स्थल भीमचूल्हा के पास पूर्व के दो के समानांतर अब थर्ड रेल लाइन के विस्तार को लेकर तीसरे सुरंग का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है, जो अन्य दो की अपेक्षा ज्यादा लंबी होगी। बताया गया कि इसकी लंबाई 130 मीटर होगी। करीब आधे से अधिक हिस्से का निर्माण पूरा कर दिया गया है। इसके कार्य को पूरा करने के लिए 6 माह का अवधि विस्तार मिला है। मसलन, मार्च 2025 में इसका निर्माण पूरा होने के साथ ही थर्ड रेल लाइन से माल ढुलाई के कार्य को निर्बाध गति मिलेगी। झारखंड से गुड्स ट्रेनों के परिचालन की संख्या में भी वृद्धि होगी। इसका निर्माण पूरा नहीं होने से ही थर्ड रेल लाइन के विस्तार का काम अबतक अधूरा रह गया है। इस सुरंग की खुदाई विशालकाय शिलाखंड को मशीनों से तोड़कर की गई है। बता दें कि सबसे पहले सुरंग का निर्माण अंग्रेज सरकार के समय रेल लाइन के विस्तार के दौरान किया गया था। जानकार बताते हैं कि तब डालमियानगर (बिहार) में कागज की फैक्ट्री के लिए बांस और सलई की लकड़ियों की जरूरत को पूरी करने के लिए छिपादोहर तक ही रेल लाइन बिछाया गया था। इसी से राजहरा कोलियरी से भी कोयले की ढुलाई होनी शुरू हो गई थी। बाद में पलामू और कैमूर के जंगलों के केंदू पत्तियों व किसानों के ईख की ढुलाई किया जाने लगा था। केंदू पत्तियों के कारोबार के लिए मोहम्मदगंज के अलावा ऊंटारी रोड और रेहला (गढ़वा रोड) में गुजराती व्यापारियों के कई बड़े-बड़े गोदाम थे। हालांकि अब न तो डालमिया फैक्ट्री रही न केंदू पत्तियों के कारोबारी ही। तब सिंगल रेल लाइन की वजह से अप-डाउन दोनों रूट से माल और यात्री गाड़ियों का परिचालन होने लगा था। बाद में दुसरा सुरंग रेल लाइन के दोहरीकरण के दौरान 90 के दशक में बनाया गया। इस प्रकार ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान को लेकर दो अलग अलग रेल लाइन हो गए। अब तीसरे सुरंग के निर्माण पूरा होने के साथ केवल माल ढुलाई होगी। यहां अलग-अलग तीन समानांतर सुरंग भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर पहुंचने वाले सैलानियों के भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

### सेवानिवृत्त चौकीदार के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

# एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने अंगवस्त्र व उपहार देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर सेवानिवृत्त चौकीदार जवाहिर पासवान को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, चौकीदार सैयद मोहमद हुसैन ने संयुक्त रूप से माला, अंग वस्त्र व उपहार सामग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने सेवानिवृत चौकीदार को आगे की जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चौकीदार पुलिस प्रशासन के अभिन्न अंग होते है।साथ ही पुलिस के लिए सूचना तंत्र के संग्रह में चैकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने सेवानिवृत चौकीदार के दीघार्यु जीवन की कामना की। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने कहा कि नौकरी पेशा में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, जिससे प्रत्येक सरकारी सेवक को सेवानिवृत होना पड़ता है। हम सबों को सेवानिवृत्त जवाहिर पासवान का कमी खलेगी । महिला थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी को इनकी कमी हमेशा खलेगी। मौके पर सेवानिवृत्त चौकीदार ने कहा कि अपने कार्यकाल में थाना परिवार व आम लोगों का अपार स्नेह मिला है, ईमानदारी पूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया हु। अगर कभी भी थाने को हमारी जरूरत हुई तो काम से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर एएसआई रामानंद प्रसाद, एसआई नर्मदेश्वर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मुन्ना यादव, चौकीदार दिलीप राम, अमित पासवान, छोटू चंद्रवंशी, सोनू कुमार, दिलीप पासवान, सुदेश्वर पासवान, मनोज पासवान, अर्जुन पासवान, रामाशीष पासवान, रमेश पासवान, शिव पासवान, सत्येन्द्र पासवान, राजकुमार पासवान, राजेंद्र पासवान, सुरेंद्र पाल, अक्षय कुमार समेत पुलिस प्रशासन के कई लोग मौजूद थे।

### जेनरल स्टोर एंड गिफ्ट कॉर्नर का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** मेन रोड पुरानी बस स्टैंड हरिहरगंज में सोमवार को जायसवाल श्रृंगार, जेनरल स्टोर एंड गिफ्ट कॉर्नर का उद्घाट गिन्नी कुमारी, मिस्टी कुमारी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को सामान खरीदने में आसानी होगी। साथ ही रोजगार से जुड़कर अपना व्यवसाय करेंगे। प्रतिष्ठान के संचालक चंदन जायसवाल ने कहा कि उनकी दुकान में शृंगार, जेनरल सामान व गिफ्ट से संबंधित सामानों का संग्रह है। जो उचित व किफायती दामों पर उपलब्ध है. मौके पर युगल प्रसाद जायसवाल, मधु देवी, दिलीप स्वर्णकार, मधु देवी, अरविंद पासवान, अजय कुमार सिंह, राजेश शौंडिक, शिक्षक शिव यादव, छोटे लाल, मिठू गुप्ता, मनीष सिंह, रौशन सिंह, श्यामसुंदर सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# धर्म के मर्म को समझने की जरूरत : डीएफओ

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पोलपोल के शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा के अवसर पर 12वें अधिवेशन के दौरान कथा प्रवचन में लातेहार के डीएफओ आशीष कुमार ने धर्म के गूढ़ अर्थ को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धर्म का मर्म हमें भाईचारा, प्रेम और जीने-जीने देने का संदेश देता है। जो लोग धर्म और अध्यात्म को नहीं समझते, वे अहंकार, क्रोध, लोभ, और मोह से घिरे रहते हैं। उन्होंने कहा, जब तक इन बुराइयों से छुटकारा नहीं मिलेगा, तब तक इंसान कहलाने योग्य नहीं हो सकते। धर्म हमें मुक्ति की ओर ले जाता है और जीवन जीने की राह दिखाता है। डीएफओ आशीष कुमार ने जोर देकर कहा कि धर्म जोड़ने का काम करता है, न कि तोड़ने का। उन्होंने कहा कि धर्म में उन्माद की कोई जगह नहीं होती। परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई, इस श्लोक का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाने के समान कोई अधर्म नहीं है।

इस मौके पर वृंदावन से आईं कथा प्रवाचिका केशव प्रिया भारद्वाज ने कहा कि रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। आज के भौतिकवादी युग में रिश्तों का विघटन हो रहा है, परिवारिक आदर्श टूट रहे हैं और रिश्तों की मयार्दा का उल्लंघन हो रहा है। इसे बचाने के लिए अध्यात्म को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में डीएफओ की धर्मपत्नी और बच्चों ने भी सत्संग का आनंद लिया। मौके पर भरदुल कुमार सिंह, शंभू प्रसाद, विपिन सिंह, महेंद्र सिंह, कृपाल पाल, पप्पू देहाती, सुभाष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा जब्त, दो वाहन मौके से फरार

▶ **खनन पदाधिकारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी, पुलिस कर रही कानूनी कार्रवाई**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के नेउरा चौक पर रविवार मध्यरात्रि में खनन पदाधिकारी शुभम कुमार की कार्रवाई में अवैध रूप से स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा वाहनों को जब्त कर लिया गया, जबकि दो अन्य वाहन मौके से भागने में सफल रहे। खनन पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा चौक से अवैध स्टोन चिप्स लोड कर हाईवा वाहनों को अन्य राज्यों में ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

जब्त किए गए वाहनों में जेएच 12पी 1865 और जेएच 03डब्ल्यू 8204 शामिल हैं। खनन पदाधिकारी द्वारा इन वाहनों के चालकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे चालान और अन्य जरूरी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद चैनपुर थाना को सूचित कर वाहनों को जब्त कर लिया गया। हालांकि, जेएच 14एल 6830 और जेएच 14के 6191 नंबर के हाइवा वाहन मौके से भागने में सफल रहे।

**कानूनी कार्रवाई शुरू :** इस घटना के संबंध में खनन पदाधिकारी शुभम कुमार ने चैनपुर थाना में अवैध खनन, बिना चालान और अतिरिक्त लोड ले जा रहे हाईवा चालकों, खनिज विक्रेताओं, वाहन मालिकों और आठ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि खनन पदाधिकारी के आदेश पर अवैध खनन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# दुर्गा पूजा आसेहार में श्री मद भागवत कथा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार देवी मंडप के प्रांगण में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर नवयुवक संघ द्वारा भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में प्रवचनकर्ता पूज्य सत्यगुरु श्री रणधीर महाराज और सुश्री दिकनिश्का जी ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं और शिक्षाओं का महत्व बताया। कथा के दौरान हजारों भक्त पूजा पंडाल में एकत्र हुए और प्रवचन का श्रवण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि धार्मिक आयोजनों में जनसहभागिता कितनी महत्वपूर्ण होती है। प्रवचनकर्ता ने कथा के माध्यम से भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। आयोजन में भक्तों के बीच भक्ति गीतों और भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस प्रकार श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया, बल्कि सामुदायिक एकता को भी मजबूत किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बह रही भक्ति की बयार, 'मंगल भवन अमंगल हारी' से गूंज रहा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्ति की धारा प्रवाहित हो रही है। विभिन्न स्थानों पर रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र 'मंगल भवन अमंगल हारी' की ध्वनि से गूंज उठा है।

**पोलडीह गांव में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान :** पोलडीह गांव में देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान और रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ जारी है। यज्ञाचार्य वेदप्रकाशाचार्य महाराज के नेतृत्व में यह अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। पाठकताओं में कमलेश सिंह, कुंदन कुमार सिंह, राजा सिंह, अभिषेक सिंह, गोलू, अमरेश, दुदुन, गुड्डू, शोनु, छोटू, अमोल और मोहित शामिल हैं।

**अनुष्ठान में ग्रामीणों की भागीदारी**

अनुष्ठान के शांतिपूर्ण संचालन में ग्रामीण सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, जिनमें गुप्तेश्वर सिंह, भृगुनाथ सिंह, अभय सिंह, लक्ष्मी सिंह, विजय सिंह, जितेंद्र वर्मा, जयराम सिंह, सतेंद्र ठाकुर, समिति के अध्यक्ष भोलू सिंह, अरुण सिंह, अरबिंद सिंह, मुकेश सिंह, बबलू, बलबीर, सुनील, दीपक, पप्पू, संजित और राहुल का विशेष योगदान है।



### अन्य गांवों में भी भक्तिमय आयोजन

कस्तूरी चनकार गांव में आचार्य देवव्रत पाण्डेय और ब्राह्मण हिमांशु पाण्डेय व अमोद मिश्रा के नेतृत्व में मानस पाठ का आयोजन हो रहा है। इसके अलावा, दुगाबाड़ी पूजा समिति काजरात नावाडीह, नव दुर्गा पूजा समिति गांधी चौक बस स्टैंड, सूर्यमंदिर दुर्गा पूजा समिति, ठाकुरबाड़ी चौक बाजार, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति रेड़िया, नावाडीह और बरवाडीह समेत अन्य गांवों में दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य और ग्रामीण भक्ति के माहौल में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### दुर्गा पूजा समिति की निकली कलश यात्रा काफी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल



**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा नहर मोड़ दुर्गा पूजा समिति ने सोमवार को बहुत ही धूमधाम तरीके से बाजेगाजे के साथ पूजा समितियों के द्वारा गाजा बाजा के साथ ही कलश शोभा यात्रा निकाली गई। देवरी खुर्द, बाबू लाइन दुर्गा स्थान,जपला स्टेशन परिसर सहित प्रखंड भर में दुर्गा पूजा आयोजित है। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मां दुर्गा के जयकारे से गांव का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा। इधर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट रही। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ,देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार सहित पुलिस बल के जवान तैनात रहे। वहीं इस कलश शोभायात्रा जपला नहर मोड़ से होते हुए मुख्य सड़क होते से जमुहारी माई छठ घाट पर पहुंच कर आचार्य द्रोणाचार्य तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कराया गया। जो पुनः दुर्गा मंडप तक पहुंच कर कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सूर्या सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,अजय प्रसाद गुप्ता, राज अली, रवि कुमार यादव,हंसराज सिंह,मुन्ना कुमार देव,राजेन्द्र पाल,शिवपूजन गुप्ता, अजीत कुमार, सत्येन्द्र गुप्ता, कुंडल साव,मुकेश पटेल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### देश की व्यवस्था को पुनर्विचार की आवश्यकता : कृष्णा बैठा

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर देश के विकास और संसाधनों के असमान वितरण पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बावजूद देश के किसान, मजदूर, बेरोजगार युवक-युवतियां, ठेला चालक, रिक्शा चालक, गुमटी संचालक, होटल मालिक, अनुबंध कर्मी जैसे पारा शिक्षक, सेविका, सहिया, जलसहिया, किसान मित्र, उद्यानमित्र, श्रमिक मित्र, रोजगारसेवक, रसोईया, सहिया साथी, फेरीवाले, और मध्यम वर्ग के व्यापारी आज भी विकास के तिराहे पर खड़े होकर बेहतर भविष्य की राह देख रहे हैं। बैठा का कहना है कि देश की व्यवस्था को पुनर्विचार की आवश्यकता है, ताकि समाज के सभी वर्गों का समान रूप से विकास हो सके और संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण किया जा सकें।

### बसपा का झारखंड बचाओ यात्रा का शुभारंभ

**हरिहरगंज।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान से बसपा का झारखंड बचाओ यात्रा सोमवार को शुभारंभ हुआ। बसपा के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक राम, जिला प्रभारी अभिमन्यु कुमार, जिला उपाध्यक्ष राम बाबू व पूर्व प्रदेश सचिव सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी प्रमोद कुमार रवि ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया। बसपा नेता प्रमोद रवि ने कहा कि यह रथ यात्रा 8 अक्टूबर तक हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में भ्रमण कर बसपा की नीति और सिद्धांत से लोगों को अवगत कराते हुए झारखंड की मौजूदा हालात की जानकारी देगा। इसका समापन 9 अक्टूबर को बसपा के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर कौवाखोह स्थित मैदान में भव्य सभा के साथ की जाएगी. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सुशील रवि, रामसुंदर राम, नागेन्द्र चन्द्रवंशी, विकास चन्द्रवंशी, दिनेश गुप्ता, विश्वनाथ यादव, पप्पु चौधरी, चंदन जायसवाल, इन्द्रदेव भारती, रमण राम, धर्मेन्द्र भुईयां, गुड्डू कुमार सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संकटमोचन संगीत कला केंद्र कलाकारों के सपनों को देगा उड़ान : अजीत तिवारी

**नीलांबर पीतांबरपुर।** संकटमोचन संगीत कला केंद्र का उद्घाटन सनातन धर्म सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मुखिया, गुड्डी देवी, राजन सिंह, चैंबर अध्यक्ष छोटे लाल सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि अजीत तिवारी ने कहा कि लेस्लीगंज में संगीत कला केंद्र खुलने से यहां के बच्चों को काफी फायदा होगा। कला केंद्र के संचालक व्यास अंकु राय व श्याम सवरसिया को साधुवाद दिया। कहा कि युवाओं की दृष्टि कौन से क्या संगीत कला केंद्र उनके सपनों के पंखों को खुला आसमान देगा। मौके पर व्यास प्रेम गिरी, पायल सिंह,अमित सिंह, संजय शुक्ला, मिथिलेश दुबे, सुरेश मास्टर, संतोष यादव, प्रखंड के दर्जन स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।

### मुखिया से मिलकर सांत्वना दिया

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत के मुखिया काजल कुमारी, कुलहीया के मुखिया नीतू कुमारी, तूरी के मुखिया संदीप यादव, सलैया पंचायत के मुखिया कमला देवी के अलावे रवि रंजन वर्मा तथा सनोज गुप्ता ने सोमवार को ढ़कचा पंचायत के मुखिया उषा देवी से मिलकर उनके पति की मौत पर सांत्वना दिया।

### सरना समाज ने किया आठवां झण्डा स्थापना समारोह सह प्रार्थना सभा का आयोजन

**छतरपुर।** नगर क्षेत्र के मसिहानी गांव में अद्दि कुरुख सरना समाज के द्वारा आठवां सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर छतरपुर व नौडिहा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए सरना धर्मावलंबियों ने आपसी एकजुटता का परिचय देते हुए समाज को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अद्दि कुडुख सरना समाज के प्रखंड सचिव संजीत उरांव ने और अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमेश उरांव ने किया। छतरपुर-नौडिहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए लोगों ने नृत्य और की प्रस्तुति दी और लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अद्दि कुडुख सरना समाज के जिला सचिव शंकर उरांव, धरम अगुवा बीरेंद्र उरांव, महिला थाना से दिलीप उरांव, सोमा उरांव, सतीश उरांव और इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता नगर पंचायत क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल टीमों को पुरस्कृत किया गया जिसमे सात टीमों ने संस्कृति टीम ने अपना पारंपरिक कला प्रस्तुत किया। जैसे कसियाही टीम, चारू भल्ही टीम, मांड्या टीम, मसिहानी टीम, भीखही टीम, बरडीहा टीम, नौडीहा बाजार टीम ने भाग लिया जिसमे प्रथम पुरस्कार (2000 रुपये) कासियाही टीम को द्वितीय पुरस्कार (1000 रुपये)चीरू भल्ही टीम और तृतीय पुरस्कार (500रुपये) मसिहानी टीम को दिया और बाकी के टीमों को महापुरुषों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित जिला प्रचार सचिव लालमणि उरांव, प्रखंड संक्षरक्षक कंचन उरांव, प्रखंड कोषाध्यक्ष अशोक उरांव, पाहन जनेश उरांव, सुरेश उरांव,प्रेस प्रवक्ता अशोक उरांव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुनि उरांव, कैलाश उरांव, राजू उरांव, प्रसाद उरांव, प्रियंका उरांव, पूनम उरांव, सरोजा उरांव, नौडीहा बाजार के समाजसेवी बबन उरांव, सुरेश उरांव, मनोज उरांव, पंकज उरांव, गणेश उरांव, विनय उरांव, अविनाश उरांव, लालदेव उरांव, रविंद्र उरांव, दीपक उरांव, राजेश उरांव, मुन्ना उरांव ब्रह्मदेव उरांव, प्रमोद उरांव, परवेश उरांव अनुज उरांव और सैकड़ों अद्दि कुडुख सरना समाज के कई लोगों ने अपना महत्पूर्ण योगदान दिया।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | अश्विन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 08 अक्टूबर 2024, वर्ष-30, अंक- 350, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥

1. मां शैलपुत्री बीज मंत्र: ह्रीं शिवायै नम:
2. मां ब्रह्मचारिणी बीज मंत्र: ह्रीं श्री अम्बिकायै नम:
3. मां चंद्रघंटा बीज मंत्र: ऐं श्रीं शक्तयै नम:
4. मां कूष्मांडा बीज मंत्र: ऐं ह्री देव्यै नम:
5. मां स्कंदमाता बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:
6. मां कात्यायनी बीज मंत्र: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नम:
7. मां कालरात्रि बीज मंत्र: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:
8. मां महागौरी बीज मंत्र: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम:
9. मां सिद्धिदात्री बीज मंत्र: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

**मां कात्यायनी**

कञ्चनाभां वराभयं पद्मधरा मुकटोज्ज्वलां।
स्मेरमुखी शिवपत्नी कात्यायनेसुते नमोऽस्तुते॥

## षष्ठी कात्यायनी

नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी की दाहिनी तरफ का ऊपरवाला हाथ अभयमुद्रा में तथा नीचेवाला वरमुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचेवाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।

**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहन।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥**

मां दुर्गा की छठी शक्ति को कात्यायनी के रूप में जाना जाता है। कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनके इस स्वरूप का नाम कात्यायनी पड़ा। इस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मनवाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करनेवाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

# पुलिस व जेजेएमपी उग्रवादी के बीच भीषण मुठभेड़, दो पुलिस जवान घायल





- आधे घंटे से ज्यादा चली मुठभेड़, सैकड़ों चक्र गोली चलने की सूचना
- घटना स्थल से पुलिस ने 3 बंदूक, कई पिट्ठू, बैग सहित अन्य सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरवाई के बोकाखांड़ जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) के पप्पू लोहरा, लवलेश गंझू का दस्ता और लातेहार पुलिस, झारखंड जगुआर के बीच भीषण मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के दो जवान एसआई राजेंद्र पांडेय,जवान राम सिंह सोरेन घायल हो गए। दोनों को पैर में गोली लगी है। घायल जवानों को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उग्रवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान घटी। घटना लातेहार जिले के बोकाखांड़ जंगल की है। वहीं घटना स्थल से पुलिस ने 3 बंदूक, कई पिट्ठू, बैग, दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है। यह इलाका उग्रवादियों का गढ़ माना जाता है। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के पप्पू लोहरा व लवलेश गंझू का दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इसके बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम को जंगल में भेजा गया। जब जारखंड जगुआर के जवान जंगल के अंदर पहुंचे, तब अचानक जेजेएमपी के उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी हुई। तकरीबन आधा घंटे से अधिक तक मुठभेड़ चली। जिसमें दोनों तरफ से सैकड़ों गोली चली हैं। घायल जवानों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान उग्रवादियों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया। पुलिस के द्वारा अभी इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है कि कितने उग्रवादी मारे गए या घायल हुए। मुठभेड़ के बाद इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी है। बोकाखांड़ जंगल एक घना और दुर्गम क्षेत्र है, जो उग्रवादियों का सुरक्षित जोन माना जाता है। इस कारण सुरक्षा बलों के लिए इस इलाके में अभियान चलाना बेहद चुनौतीपूर्ण है।

# बहुप्रतिक्षित अपोलो अस्पताल के सपने को मिली उड़ान

- 310 बेड की क्षमता वाले अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रांची स्मार्ट सिटी परिसर में रखा
- 2.75 एकड़ में बनेगा अस्पताल, हृदय रोग, कैंसर, गैस्ट्रो सहित कई जटिल बीमारियों के इलाज की होगी सुविधा
- 291 लाभुकों को इस्लामनगर में नवनिर्मित आवास की चाबी सौंप उनके अपने आशियाना के सपने को साकार किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में चुनाव की आहट के साये में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार एक सप्ताह से विभिन्न योजना-परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए अपोलो मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का शिलान्यास किया वहीं इस्लामनगर में लाभुकों को 291 फ्लैट की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 2.75 एकड़ में 310 बिस्तर क्षमता वाले अपोलो मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना शेष पृष्ठ 13 पर

### गरीब लोगों को मिले अच्छी सुविधा

यहां के गरीब लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि बड़े अस्पतालों में महंगा इलाज से उन्हें निजात मिल सके।

### 2014 में अपोलो के साथ हुआ था एमओयू

मालूम हो कि अपोलो समूह के साथ नगर निगम का एमओयू 2014 में हुआ था। निगम ने एक रुपया के टोकन मनी पर ग्रुप को कुसई कॉलोनी से आगे घाघरा में जमीन भी उपलब्ध करा दिया था लेकिन बाद में जमीन विवाद के कारण अस्पताल निर्माण कार्य नहीं हो सका।

### विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य समेत अन्य सभी क्षेत्रों में वैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में बेहतरीन सेवा देने के लिए अलग पहचान है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## झारखंड में लागू होगा एनआरसी, नागरिकता का रजिस्टर बनेगा : शिवराज चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू किया जाएगा। नागरिकता का रजिस्टर बनेगा। विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। झारखंड में भाजपा का विस्तृत संकल्प पत्र जल्द आने वाला है। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा झारखंड प्रभारी शिवराज चौहान ने कहा कि यह चुनाव केवल मुख्यमंत्री बनाने या किसी पार्टी की सत्ता के लिए नहीं है, यह झारखंड को बचाने का चुनाव है। बेटी, माटी और रोटी इन तीनों की रक्षा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी परिवर्तित हो रही है। शेष पृष्ठ 13 पर

# नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मन : अमित शाह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं। अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था।

**2026 तक नक्सली का पूरी तरह सफाया :** केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।

**छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आयी तेजी :** केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली शेष पृष्ठ 13 पर

'गोगो दीदी योजना' पर घमासान, हेमंत सरकार के आदेश पर भाजपा का पलटवार

# सरकार चाहे जितने मुकदमे दर्ज करवा लें, हम डरने वाले नहीं : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की ओर से चलाई जा रही 'मंईयां सम्मान योजना' के जवाब में भाजपा ने 'गोगो दीदी योजना' लाने का ऐलान किया है। भाजपा ने वादा किया है कि सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह 2,100 रुपए दिए जाएंगे। पार्टी ने इसके लिए बाकायदा फॉर्म जारी किया है। इसे लेकर झामुमो और सरकार भाजपा पर हमलावर हैं। इससे नाराज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा आप चाहे जितने भी मुकदमे दर्ज करवाएं, हम डरने वाले नहीं। मैं खुद कार्यकताओं के साथ माता-बहनों से फार्म भरवाने घर-घर जाऊंगा। हम आपका लाठी-गोली खाने के लिए तैयार है। मालूम हो कि भाजपा की ओर से राज्य में अभियान चलाकर गोगो दीदी योजना के संभावित लाभार्थियों से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं।

**झामुमो ने चुनाव आयोग से जताई आपत्ति :** भाजपा के इस अभियान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सख्त एतराज जताया है और इसे चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करार दिया है। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश जारी किया है। इस मामले में झामुमो ने एक्स पर निर्वाचन आयोग को संबोधित करते हुए लिखा कि भाजपा लगातार भारत के निर्वाचन आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रही है और कमीशन सो रहा है। आखिर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या? चुनाव आयोग कहता है कि किसी भी तरह का फॉर्म नहीं भरवाया जा सकता है, पर भाजपा के नेता लगातार इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग शांत है।"

**सरकार ने सभी डीसी को कार्रवाई का दिया निर्देश :** झामुमो के इस पोस्ट पर नोटिस लेते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को कार्रवाई का आदेश जारी किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी उपायुक्त संज्ञान लें एवं सुनिश्चित करें कि निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को केंद्रीय चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं है। सभी उपायुक्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं सुसंगत धाराओं शेष पृष्ठ 13 पर

**इंडिया**

# बढ़ती ब्रांडिंग से चमकते चेहरे और पब्लिक से कटते नेता



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

औपचारिक रूप से तिथि भले घोषित न हुई हो पर झारखंड चुनावी मॉड में है और दुर्लभ दर्शनीय या नॉट रीचेबल नेता भी पब्लिक का हाल चाल पूछ रहे हैं। अनेक बड़े नेता बड़ी गाड़ियों,बॉडीगार्ड और फाइव स्टार रहन सहन से बाहर निकलकर अपने क्षेत्र का चक्कर लगा रहे हैं । जाति,धर्म दोस्ती से लेकर अपने को बेटा बेटी बताने की होड़ मची है पर सवाल यह है कि विज्ञापनों,सोशल मीडिया और समाचारों में चमकते सितारों जैसे नेता कब तक आम बने रहेंगे और पब्लिक के दुख सुख को समझ पाएंगे? राजधानी रांची से छः बार से लगातार विधायक सीपी सिंह अपवाद स्वरूप हैं जिनपर मंत्री या विधानसभा अध्यक्ष का पद भारी नहीं पड़ा और उनके स्तर पर काम हो न हो वे प्रयास सभी के लिए करते हैं। उनसे सीधा संवाद कभी भी कोई भी कर सकता है जो संभवतः उनकी सबसे लंबी पारी का राज है। अन्य कुछ नेता भी हैं पर परिचित अपरिचित से लेकर दूसरी विधानसभा के लोगों के लिए फोन करने वाले या पत्र लिखने वाले शायद ही कोई हों । झारखंड बनने के पहले झारखंड के लिए मुखर आज के अनेक चर्चित नेताओं का बिहार में कोई अस्तित्व नहीं था जिनमें से कई माननीय बने और उनका कद इतना बड़ा हो गया कि आम आदमी से सीधा संवाद ही बंद हो गया जिस कारण एक लोकप्रिय युवा नेता बहुत काम करते हुए भी हार गए जबकि अन्य अनेक नेताओं की हार का बड़ा कारण यही संवादहीनता है । विशेषज्ञ बताते हैं कि संवाद हमेशा दोतरफा होना चाहिए यदि हम सोशल मीडिया,विज्ञापन या समाचारों के माध्यम से ही अपनी बात पहुंचाते हैं तो यह एकतरफा संवाद ही है जनता की भावनाओं और दुःख दर्द को अहंकारी अधिकारियों या सलाहकारों के माध्यम से समझा नहीं जा सकता क्योंकि उन्हें खास लोगों से विशेष लाभ लेने के लिए आम लोगों को रोकना होता है जिसके अनेक चर्चित उदाहरण झारखंड के भ्रष्टाचार के इतिहास में हैं। झारखंड की त्रासदी यही है पार्टियां बदलती रहती हैं पर बड़े नेता या तो मिलना नहीं चाहते या उनके कथित शुभचिंतक उन्हें पब्लिक से मिलने नहीं देते। प्राचीन इतिहास है कि ऐसी ही संवादहीनता से अंग्रेजी सरकार गलत फैसले करती रही क्योंकि



अंग्रेजों को मुंडारी भाषा नहीं आती थी और अंग्रेज जज से लेकर अधिकारियों को निजी स्वार्थवश उल्टा समझाया जात था। जिससे विरोध विद्रोह में बदल गया और बिरसा मुंडा ने मुंडाओं को संगठित कर अंग्रेजों की चूलें हिला दीं थीं और आदिवासी इलाकों में यह क्रम आज भी जारी है ।ट्राइबल सबप्लान में उल्लेख है कि जनजातीय क्षेत्रों में उन्हीं अधिकारियों की पोस्टिंग की जाए जो उनकी बात समझ सकें और संवाद कर सकें। नेताओं को समझना पड़ेगा कि दूरियां बढ़ाकर दिलों पर राज नहीं किया जा सकता। लोहरदगा में कैरो प्रखण्ड की दो तैयार इमारतों को कोई उद्घाटनकर्ता नहीं मिला जिस कारण नई इमारतें टूट फूटकर बर्बाद हो गईं। वहां के बड़े नेता और जनप्रतिनिधि चमकते सितारे हैं। अनेक जनप्रतिनिधि और अफसर ऐसे हैं जो अपने चुनाव क्षेत्र में नहीं रहते जिनमें से अधिकांश बड़े शहरों,राजधानी रांची या दिल्ली में रहते हैं। सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंगरा बुधुवा जैसे ग्रामीण उनसे कैसे काम करा पाते होंगे जिनसे मिलने के लिए जब पचास सौ किलोमीटर वे जाते हैं तब पता चलता है कि साहब मीटिंग में गए हैं, बाहर हैं या सीएम के साथ व्यस्त हैं। ऐसे अनेक जनजातीय समुदाय के नेता हैं जो महलनुमा घरों में रहते हैं और उनका क्षेत्र बहुत दूर है जबकि उनके पीए तक फोन नहीं उठाते जिस कारण बिचौलिया संस्कृति तेजी से पनप रही है। प्रखंड स्तर से लेकर मुख्यालय तक ऐसे बिचौलिए अधिकारियों से गठजोड़ बना लेते हैं और योजनाओं का लाभ प्रभावशाली या रिश्वत देने वाले लोगों को ही अधिकांशतः मिलता है। लगभग यही हाल नौकरियों का है सभी सरकारों पर आरोप लगते रहे जांच होती रही यही चल रहा है। जब जनप्रतिनिधि स्वयं क्षेत्र में नहीं रहेंगे तो प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के लिए कैसे दबाव बना सकते हैं? सूत्र बताते हैं कि कोरोना काल में जब बायोमेट्रिक उपस्थिति बंद हुई तब से प्रखंडों में बारह बजे तक लेट नहीं और चार बजे के बाद भेंट नहीं फिर से चालू हो गया है। जिन दो दिनों में प्रखंड दिवस रखा गया है उन दिनों में भी मीटिंग के नाम पर सभी लोग बिना पैरवी या पैसे के आनेवालों को टरकाते हैं ऐसी शिकायतें मिलतीं हैं। स्थिति यह है कि बिना विधायक,मुखिया या बिचौलिए की सिफारिश के कोई काम नहीं हो सकता। यदि ये आरोप सही हैं तो दुःखद है और इसकी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है पर जांच करेगा कौन? शिकायत करने के लिए वीआइपी टाइप नेताओं या अफसरों से मिलना आसान नहीं। दुखद यह है कि ये बातें मुद्दा नहीं बन पाईं हैं।

# मेडिसिन के लिए विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिलेगा नोबेल पुरस्कार



**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में साल 2024 के लिए नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है। अमेरिकी वैज्ञानिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मेडिकल के क्षेत्र में योगदान के लिए 2024 का नोबेल प्राइज दिया जाएगा। स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने सोमवार को माइक्रो आरएनए की खोज और पोस्ट-ट्रांसक्रिप्शनल जीन विनियमन के लिए फिजियोलॉजी या मेडिसिन के क्षेत्र में योगदान देने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान किया। वैज्ञानिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को पुरस्कार के रूप में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर की राशि दी जाएगी। दरअसल, एम्ब्रोस और रुवकुन ने जीन गतिविधि को विनियमित करने के तरीके को नियंत्रित करने वाले एक मौलिक सिद्धांत की खोज की है। उन्होंने माइक्रो आरएनए की खोज की, जो जीन विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छोटे आरएनए अणुओं का एक नया वर्ग है। उनके बुनियादी निष्कर्षों ने जीन विनियमन के एक पूरी तरह से नए सिद्धांत को उजागर किया है, जो मनुष्यों सहित बहुकोशिकीय जीवों के लिए आवश्यक था। उनके निष्कर्षों से पता चलता है कि मानव जीनोम एक हजार से अधिक माइक्रो आरएनए के लिए काम करता है। ये जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके शेष पृष्ठ 13 पर

## एक नजर

### पांकी विधायक ने किया पथ व पुल निर्माण का शिलान्यास

**सतबरवा।** पांकी विधानसभा में सैकड़ों सड़क समेत कई योजनाओं का निर्माण कराया गया। और आगे भी होता रहेगा। उक्त बातें सोमवार को पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने सतबरवा प्रखंड में लगभग 14 करोड़ की लागत से पथ निर्माण ,पुल निर्माण समेत पांच योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कही। विधायक ने लोहड़ी में विपिन पाठक के घर लोहड़ी गांव तक पथ निर्माण, नौरंगा से लोहड़ी चौक तक पथ निर्माण,सोहड़ी टू कुबुवा भाया पिंडरा तक पथ निर्माण, रेवारातु से घुटुवा तक सुदृढ़ीकरण तथा पिंडरा एवं सोहड़ी गांव के बिच पिपल पेड़ के पास कोईली नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास सोमवार को पूजा पाठ कर नारियल फोड़कर किए। इस मौके पर विधायक श्री मेहता ने कहा कि पाकी विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है। और विपक्ष को दिख नही रहा है।

### 'संकल्प 100 दिन' अभियान का समापन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न

# महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं: उपायुक्त

### परिवार के समर्थन से महिलाएं समाज में बदलाव ला सकती हैं: एसपी रीष्मा रमेशन



**महिला सशक्तिकरण और बेटियों के महत्व पर अधिकारियों ने डाला प्रकाश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में 'संकल्प 100 दिन' अभियान का समापन समारोह 4 अक्टूबर को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 21 जून से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुरू हुआ था और अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस (2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर) के अवसर पर भी मनाया गया। समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने बेटियों और महिलाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं की समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज किया गया है, लेकिन अब समय बदल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन ने महिला सशक्तिकरण की शक्ति पर चर्चा की और बताया कि वह खुद इस बदलाव का एक उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर पारिवारिक समर्थन से हर महिला समाज में परिवर्तन ला सकती है।

**महिलाओं के योगदान को सराहा**

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और नगर आयुक्त ने भी महिलाओं की उपलब्धियों और उनकी सशक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सिविल सर्जन, छत्तरपुर एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी ने 'संकल्प 100 दिन' अभियान के तहत आयोजित सभी कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया और सभी विभागों, विशेषकर जेएसएलपीएस टीम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षकों और बाल संरक्षण इकाई का आभार व्यक्त किया। यूनिसेफ के डॉ. तबरेज के सहयोग की सराहना करते हुए नीता चौहान ने बाल विवाह और महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर किए गए काम की सराहना की। साथ ही, केडी पासवान, चाइल्डलाइन टीम और अन्य सभी स्टाफ को भी धन्यवाद दिया।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन प्रखंड की चंचला कुमारी ने की। चंचल कुमारी ने इस संबंध में बताया कि संघर्ष मोर्चा के तहत पाटन परियोजना की समस्त सेविका-सहायिकाओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के तहत आज से सेविकाएं अपने-अपने प्रखंडों में धरना देंगी। **मुख्य मांगों में शामिल हैं:** विभाग द्वारा जारी सेवा शर्तों में आंशिक संशोधन करने, पारा शिक्षकों के समान आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को भी मानदेय के साथ सभी सुविधाएं दी देने, वेतन का भुगतान केंद्र और राज्य से एक साथ समय पर करने, सेवानिवृत्ति के बाद टीवी सेविका को 10 लाख रुपये और सहायिका को 5 लाख रुपये तथा 50% पेंशन देने समेत 8 सूत्री मांग शामिल है।

### भाजपा किसान मोर्चा ने दिया एक दिवसीय धरना

**मेदिनीनगर।** अत्याधिक वर्षा के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई एवं अन्य मांगों के को लेकर भाजपा जिला किसान मोर्चा ने जिला परिषद के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय कुशवाहा ने किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून के दौरान झारखंड प्रदेश में औसत से अधिक वर्षा के कारण प्रदेश के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। अत्याधिक वर्षों से प्रभावित किसानों को आगामी रबी सीजन के लिए बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर सरकार उपलब्ध करायें। वर्ष 2024-25 के धान अधिप्राप्ति में किसानों को प्रति किवंटल 500 रुपए का बोनस प्रदान करें, मिलेट्स (श्री अन्न) के बीज किसनों को सुलभ करें, साथ ही पंचायत स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने की जरूरत है। किसानों का फसल बीमा का राशि का भुगतान जल्द सरकार करें। प्रत्येक प्रखण्ड में एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने सहित कई मांग शामिल हैं। कार्यक्रम प्रभारी रवि प्रकाश दुबे,परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, विजय ठाकुर,मुन्ना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पप्पू, जितेंद्र तिवारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर संजीव कुमार, मनोज दास, गुप्तेश्वर गुप्ता, पंकज शर्मा, अभय सिंह, राजेश सिंह, नीतेश सिंह, संतू सिंह, सत्येंद्र कुमार, उदय विश्वकर्मा, सुरेंद्र तिवारी, मनोज विश्वकर्मा, सत्यनारायण साहू, संतोष तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन नागेंद्र मेहता ने किया।

## पुलिस वाहन की तेज रफ्तार से बड़ा हादसा टला

### जेलहाता चौक पर 407 पुलिस वाहन ने शिक्षिकाओं को मारी टक्कर, जांच के आदेश



**मेदिनीनगर।** जेलहाता चौक पर आज पुलिस का एक 407 वाहन बेकाबू होकर बड़ी दुर्घटना का कारण बनते-बनते बचा। गाड़ी ने चौक पर स्थित एक पंचर बनाने वाली दुकान को टक्कर मारी और आगे बढ़ते हुए एक खड़ी स्कूल वैन को जाकर शिक्षिकाओं को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो-तीन शिक्षिकाएं घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस वाहन को कुछ दूरी पर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले सप्ताह भी एक पुलिस वाहन तेज रफ्तार में इसी स्थान से गुजरा था, जिसने कई राहगीरों को धक्का मारते हुए चोट पहुंचाई थी। लोगों का कहना है कि पुलिस वाहनों की तेज रफ्तार से चौक पर अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मणि भूषण ने तुरंत शहर थाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पलामू संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत

## बरवाडीह-चोपन-चुनार पैसेंजर ट्रेन फिर होगी शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए खुशखबरी है। सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप बरवाडीह-चोपन-चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 03603/03604 को पुनः चालू करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड ने जारी कर दी है। जल्द ही इस ट्रेन के परिचालन की तिथि निर्धारित की जाएगी। सांसद विष्णु दयाल राम ने इस मुद्दे को लोकसभा में नियम 377 और शून्यकाल के तहत उठाया था। विदित हो कि कोविड-19 महामारी के दौरान इस ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था, जिससे पलामू क्षेत्र के 11 रेलवे स्टेशनों–नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज और चियांकी–के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। ट्रेन सेवा बंद होने से यात्रियों को आवागमन में दिक्कतें हो रही थीं, और क्षेत्र की जनता लगातार इसकी पुनः शुरूआत की मांग कर रही थी। सांसद विष्णु दयाल राम ने इस सफल प्रयास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

### दुर्गा वाहिनी की शोभायात्रा में भारत माता और रानी दुर्गावती की झांकी प्रदर्शित

## दुर्गा वाहिनी ने किया सशस्त्र पूजन, 250 बहनों ने लिया पथ संचलन में हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुर्गाअष्ठमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी द्वारा संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में सशस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामिनी सिंह और दीपक प्रसाद ने की, जबकि संचालन संदीप गुप्ता, जिला संयोजक बजरंग दल, द्वारा किया गया। सशस्त्र पूजन के बाद कुसुम लता ने अपने बौद्धिक भाषण में नारी सशक्तिकरण और समसामयिक समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं और देश की आजादी में भी उनका योगदान रहा है। नगर संयोजक कामिनी सिंह ने कहा कि आज की लड़कियों को सेल्फ डिफेंस जरूर सीखना चाहिए ताकि वे समय आने पर अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लड़कियों को सीता अपने राम के लिए, और बाकी सभी के लिए दुर्गा, चंडी, और काली बनना चाहिए। दुर्गा वाहिनी के पथ संचलन में लगभग 250 महिलाएं शामिल हुईं। भव्य रूप से सजे चार पहिया वाहन पर माँ दुर्गा और भारत माता की झांकी प्रदर्शित की गई। शक्ति संचलन के दौरान रानी दुर्गावती और महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमाएं भी प्रदर्शित की गईं। ज्ञात हो कि इस वर्ष रानी दुर्गावती की 500वीं और महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई जा रही है। इसके अलावा साध्वी ऋतंभरा की प्रतिमा भी झांकी में शामिल थी, जिन्होंने दुर्गा वाहिनी का गठन किया था। पथ संचलन संस्कृत महाविद्यालय से शुरू होकर कनी राम चौक, घासपति, पंच मुहान चौक होते हुए छः मुहान पर समाप्त हुआ। इस दौरान बहनों ने तलवार से अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। बहनों द्वारा 'फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों के साथ मार्ग पर उनका स्वागत भी किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, पलामू विभाग अध्यक्ष शशि प्रकाश, विजय यादव, उमेश अग्रवाल, दामोदर मिश्र, अरुण शंकर, मंगल सिंह, अभिजीत पाठक, अनामिका सिंह, और दुर्गा वाहिनी की नगर संयोजक कामिनी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बेटियों के संरक्षण के लिए दहेज रूपी धनुष का भंजन जरूरी : डॉ. मिश्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव के हनुमान गढ़ी में दुर्गा पूजा सह नवरात्र प्रवचन का आयोजन भक्तिमय वातावरण में जारी है। कार्यक्रम के चौथे दिन वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने समाज में व्याप्त दहेज की समस्या पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जैसे राजा जनक धनुष टूटने में देरी होते देख चिंतित हो उठे थे, वैसे ही आज दहेज रूपी धनुष ने विकराल रूप धारण कर लिया है। इसे तोड़ने के लिए समाज पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे बेटियां असहाय महसूस कर रही हैं और उनके पिता परेशान हैं। डॉ. मिश्र ने कहा, ₹दहेज का दानव मानवता के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है, और इसे समाप्त करने के लिए भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी होगी। रामचरितमानस हमें सिखाता है कि भगवान राम आनंद के स्रोत हैं, और उनके आदर्शों का पालन कर हम दहेज रूपी कोढ़ से समाज को मुक्त कर सकते हैं।₹ वहीं, वाराणसी से आईं मानस कोकिला सुधा पाण्डेय ने रामचरितमानस के विवाह प्रसंग का मनमोहक वर्णन किया। उन्होंने भगवान राम के जनकपुर में प्रवेश के समय माली के साथ हुए मधुर संवाद को प्रस्तुत किया, जिसे श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से सराहा। प्रवचन के दौरान रामचरितमानस की चौपाइयों और गीतों का अद्भुत मिश्रण श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाएं: उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। कहा कि सभी पंडालों में दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावा इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वॉलिंटर्स की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एंबुलेंस को भी टैग किया गया है। बैठक में उपायुक्त ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान,जहां प्रतिमा विसर्जन होगा वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालो में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया। साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें। एसपी रीष्मा रमेशन ने पंडालों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने की बात कही इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र,बिजली विभाग की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया। उन्होंने रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर पाइपलाइन युक्त वाटर टैंकर रखने की भी बात कही।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं। ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्ण शीर्ण अवस्था में न रहे। इस कार्य हेतु अपर समाहर्ता से बेहतर को-ऑर्डिनेशन बनाये रखें। पंडालों में तैनात रहने वाले वालंटियर के बीच पहचान पत्र वितरण करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने पंडालों में फायर फाइटिंग सिस्टम के रखने की भी बात कही। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों से अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से रहने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पूजा समिति व विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### महिंद्रा ट्रक और बस सर्विस सेंटर का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन ने पलामू में एक नए सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह सर्विस सेंटर मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा के सामने खुला है। इस केंद्र का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवा और समर्थन प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी संजय शर्मा एवं संजय ऑटोमोबाइल इंजीरियरिंग एंड स्पेयर सर्विस सेंटर के संचालक संजय कुमार ने ग्राहक का अभिनंदन किया। कंपनी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सर्विस सेंटर में आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ तकनीशियन और विस्तृत सर्विस विकल्प उपलब्ध है। यह ग्राहकों को उनके वाहनों की देखभाल के लिए सुविधाजनक और कुशल समाधान प्रदान करेगा। महिंद्रा का यह कदम ग्राहक संतोष और सेवा गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में पलामू प्रमंडल के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन के वर्कशॉप में सभी कमर्शियल वाहन जो की 3.5 टन से 55 टन तक की सर्विसिंग आधुनिक तकनीकी द्वारा की जायगी। लोगों को पलामू में सर्विस सेंटर खुलने से काफी लाभ मिलेगा। किसी भी वहां को चलाने वाले चालकों के लिए महिंद्रा सारथी अभियान स्कीम लेकर आया है। इसके अंतर्गत चालकों की दसवीं कक्षा पास करने वाली बेटियों को दस हजार तक स्कॉलरशिप दी जाएगी।

## द्वादश ज्योर्तिलिंगों के साथ विराजती है रेड़मा दक्षिणी काली मां



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा काली मंदिर भगवती भवन के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि इस मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों की प्रतिमूर्ति स्थापित की गई है। मंदिर का निर्माण 1960 से शुरू हुआ और 64 में पूरा हुआ। इसके बाद स्व. विकास सहानी उर्फ पप्पू साहनी ने मंदिर का 1981 में सुंदरीकरण किया। समिति लगातार इसकी सुंदरता बढ़ा रही है। यह प्रथम मंदिर है, जहां 12 ज्योतिलिंग स्थापित है। मंदिर के ऊपर भी 108 शिवलिंग बने हैं। यहां के लोग आसानी से 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकते हैं। मंदिर को दक्षिण काली मां मंदिर के नाम से जाना जाता है। मां अपने भक्तों पर दया भी करती है और उनकी मनोकामना भी पूरी करती है। इस मंदिर में केवल नवरात्रि ही नहीं अपितु पूरे वर्ष भीड़ रहती है। पुजारी श्याम पांडेय ने बताया कि ऐसे सैंकड़ों लोग पूजा के दौरान मुझे मिले जिन्होंने अपनी मन्नत पूरी होने के बाद मां को कंगन,नथिया एवं मुकुट दान के रूप में चढ़ाया है। मां काली की प्रतिमा एक संगमरमर पत्थर से बनी हुई है। इसमें कोई पेंट आदि का प्रयोग नहीं किया गया है। 1964 में एक पत्थर को ही प्रतिमा का आकार दिया गया था। मां भगवती भवन समिति के अध्यक्ष बब्लू ओझा के मुताबिक सन 1981 में मंदिर में बनारस के पुजारी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिमूर्ति स्थापना की थी। जिसके बाद से माता भगवती की पूजा शुरू हुई। इस मंदिर में राधा कृष्ण दरबार, शिव परिवार, राम सीता दरबार समेत द्वादश ज्योतिर्लिंगों की स्थापना कराई गई। वर्तमान में यह मंदिर मां भगवती भवन समिति द्वारा संचालित है।

### तुलसी मानस मंदिर में बह रही भक्ति की बयार

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर परिसर में 42वें अधिवेशन में श्री रामचरितमानस नवाहन परायण महायज्ञ सह दुर्गा पूजा महोत्सव के पांचवें दिन कथा सुनने के लिए भीड़ उमड़ी। इस दौरान चित्रकूट धाम से पधारी कथावाचिका संध्या देवी एवं पंडित शिवकांत मिश्रा के मुखारविंदों से भक्तिमय कथा सुनी। कथा के दौरान मानस कथा वाचिका संध्या देवी ने कहा कि राम के नाम से ही सबका मंगल होगा। राम के बिना जीवन में कुछ भी संभव नहीं है।

## आस्था

### जीयर स्वामी ने चातुर्मास व्रत कथा के दौरान, कहा-

# माया पर विजय के लिए भगवान की शरणागति अनिवार्य

**मायापति से प्रेम ही माया से बचने का मार्ग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित चातुर्मास व्रत कथा के दौरान लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने कहा कि माया से बचना बेहद कठिन है। इससे बचने का एकमात्र उपाय मायापति भगवान नारायण की शरणागति है। राजा परीक्षित ने सुखदेवजी महाराज से पूछा कि संसार में रहकर माया पर विजय कैसे प्राप्त की जा सकती है? इस पर श्री सुखदेव जी महाराज ने कहा कि भगवान नारायण के अनुसार, प्रपाति और शरणागति के द्वारा ही माया पर विजय पाई जा सकती है। जीयर स्वामी ने कहा, माया इतनी प्रबल है कि इससे कोई नहीं बच पाता, यहां तक कि ब्रह्मा, शंकर और देवराज इंद्र भी इससे अछूते नहीं हैं। नारद जैसे ज्ञानी मुनि भी भगवान की माया के प्रभाव में आ जाते हैं। इसलिए मनुष्य को भगवान की कृपा मानकर उनके चरणों में प्रेम और शरणागति करनी चाहिए। स्वामी जी ने यह भी कहा कि माया के प्रभाव से अच्छे और बुरे विचार मनुष्य के हृदय में आते-जाते रहते हैं। इस माया पर विजय प्राप्त करने का एकमात्र उपाय भगवान की शरण में रहना है और उनकी उपासना करना है। भगवान श्रीमन नारायण ने कहा है कि माया से बचने का एकमात्र मार्ग भगवान की शरणागति है।

### शाम को हुई बारिश ने बढ़ाई ठंडक

**मेदिनीनगर।** सोमवार की शाम हुई बारिश ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी। अचानक हुई बारिश के कारण शहर क्षेत्र में लोग छुपने के लिए जगह ढूंढते नजर आए। सोमवार को सुबह से ही आंशिक बादल छाए होने के कारण लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा था। नवरात्रि को लेकर शाम तक बाजार में दिखाई दे रही थी। हालांकि शाम को बारिश होने के बाद लोग कम निकले। सोमवार को जहां अधिकतम तापमान जहां 33℃ रहा वहीं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को दिनभर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों पर चर्चा

## राजेश कुमार सिन्हा पुनः अध्यक्ष, नए पदाधिकारियों का मनोनयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कमल किशोर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। यह बैठक आगामी चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। सर्वप्रथम, पिछले वर्ष की पूजा और आय-व्यय की समीक्षा की गई, जिस पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। आभाकाम के प्रदेश सचिव अरूणजय नारायण सिन्हा ने पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा (राकेश) और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पूजा 2024 के लिए सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिसमें राजेश कुमार सिन्हा (राकेश) को पुनः अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में शशांक सुमन को महासचिव, दीपक कुमार सिन्हा और नवीन सिन्हा को उपाध्यक्ष, तथा चंदन कुमार सिंहा को सह सचिव के रूप में चुना गया। वरिष्ठ चित्रांश अविनाश वर्मा को संयोजक और गोपाल कुमार सिन्हा को सह संयोजक बनाया गया, जो पदाधिकारियों और कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन करेंगे। जयमंगल प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर कई गणमान्य सदस्य मौजूद थे, जिनमें अरूणजय नारायण सिन्हा, प्रसुन्न कुमार, स्नेह रंजन श्रीवास्तव, राजीव शरण, अमर सहाय, शशांक सुमन आदि शामिल थे।

## एक नजर

### पूजा शांतिपूर्ण महौल में मनाने को लेकर पुलिस ने निकाल फ्लैग मार्च

**धुरकी।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर सोमवार को धुरकी पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पूजा स्थल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च धुरकी थाना से लेकर बाजार, चंदनी मोड़, धुरकी बजार से वापस होकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया व पूजा समिति के सदस्यों को शांति और सद्भाव के साथ उत्सव को मनाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि दुर्गा पूजा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनायें। कहीं कोई उपद्रव या दुर्घटना होती है। इसकी सूचना तुरंत दें। उस पर अतिशीघ्र कारवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने जुलूस के दौरान किसी प्रकार के हुड़दंगबाजों द्वारा अशांति फैलाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मौके पर एसआई सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### आईसीटी प्रशिक्षक ने दिया योगदान

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग टू में सूचना संचार प्रधौगिकी प्रशिक्षक प्रियदर्शी पासवान ने सोमवार को योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में हर किसी के लिए यह शिक्षा आवश्यक है, डिजिटल समय में आईसीटी शिक्षा जीवन का हिस्सा हो गया है। इस शिक्षा के बिना अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सूचना संचार प्रधौगिकी शिक्षा का प्रशिक्षक का विद्यालय में योगदान देने से बच्चों को इसकी शिक्षा मिलेगी। वह इसका फायदा आने वाले समय में उठाएंगे। गांव, शहर और देश को आगे बढ़ाएंगे।

# ग्रामीणों के साथ पुलिस की झड़प, दो घंटा एनएच जाम

## एसपी ने स्वयं घटना स्थल पर पहुंच कर मामला शांत कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के महुआ के पास दुकान में बैठे कुछ युवकों के साथ एसआई रवि कुमार व पुलिस बल के जवानों द्वारा मारपीट के बाद गांव के लोग उग्र हो गए। करीब 2 घंटे तक एनएच 75 सड़क को जाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को उग्र भीड़ पर लाठी चार्ज करनी पड़ी। भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव करने से कई पुलिसकर्मी व ग्रामीणों को चोट लगी है। सड़क जाम तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार पांडेय स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे तथा दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार के शाम उमेश उरांव की गुमटी पर रघुनाथ इक्का, दीपक उरांव, सुरेंद्र गोस्वामी बैठकर एनएच 75 निर्माण के लिए अधिगृहित भूमि



की मुआवजा राशि नहीं मिलने को लेकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एसआई रवि कुमार की गश्ती वहां पहुंची। बिना कुछ पूछे उन लोगों के साथ मारपीट कर दिया। रघुनाथ, दीपक,तथा उमेश द्वारा मारपीट किए जाने के बारे में पूछे पर पुलिस वाले और उग्र हो गए। मारपीट की जानकारी मिलने के बाद गांव के बड़ी संख्या में महिला पुरुष सड़क पर पहुंच गए तथा पुलिस के व्यवहार से आक्रोशित होकर सड़क को जाम कर दिया। बंशीधर नगर की ओर से आ रहे सांसद बीडी राम की गाड़ी वहां पहुंचने परआक्रोशित लोगों ने उनकी गाड़ी को भी जाने से रोक दिया। ग्रामीण सांसद को अपने समस्या बताने वाले थे लेकिन सासंद ने उग्र ग्रामीणों की बात जाने बगैर अपने गाड़ी को बैक करा वापस हो गए, इससे ग्रामीण सांसद के प्रति नाराजगी व्यक्त किया। कुछ देर बाद मेराल थाना के पदाधिकारी पुलिस बल के साथ पुनः घटनास्थल पर पहुंची तथा सड़क जाम हटाने का प्रयास करने लगी। इस दौरान दोनों तरफ से नोक झोंक शुरू हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी दीपक कुमार पांडेय तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी बाना महुआ घटनास्थल पर पहुंचे तथा मामले को लेकर ग्रामीणों से बातचीत किया। ग्रामीणों में एसपी को घटना की जानकारी देते हुए एसआई रवि कुमार को निलंबित करने की मांग की। एसपी ने रवि कुमार को निलंबित करने तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। ग्रामीणों द्वारा घटना से संबंधी लिखित आवेदन थाना प्रभारी विष्णु कांत को दिया। मौके पर डीएसपी नीरज कुमार मिराज थाना तथा रमना थाना के पदाधिकारी तथा पुलिस जवान मौजूद थे। करीब 2 घंटे तक मुख्य सड़क जाम होने से आवागमन पूर्णतः प्रभावित रहा। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि गश्ती दल तथा स्थानीय युवकों के साथ झड़प हुई थी जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

### अधेड़ का शव बरामद

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव स्थित दुनुखाड़ टोला में सुबह ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव उरिया नदी से सटे उत्तर की ओर देखा। यह सूचना आग की तरह अगल-बगल तक फैल गई। वहां बड़ी संख्या में देखने के लिए लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों व परिजनों ने मृतक की पहचान गुलू चौधरी उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में किया। वह व्यक्ति बाना गांव के दुनुखाड़ टोला का रहने वाला था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत को दिया। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी पहुंचकर घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर अपने कब्जे में लेकर अंतः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। ग्रामीणों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की मांग किया है। इधर मृतक के पत्नी से घटना के बारे में पूछने पर कोई भी जानकारी देने से मना ही कर दिया।

## लोगों को एक कुशल डॉक्टर का लाभ मिलेगा: संतोष दुबे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कचहरी रोड में संतोष मेडिकल हॉल परिसर में फैक्कर क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। अस्पताल का उद्घाटन केमिस्ट्र ड्रगिस्ट के जिलाध्यक्ष आद्या शंकर पांडेय व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। क्लीनिक में हड्डी जोड़ व नस रोग विशेषज्ञ डॉ. पी मेहता और डॉ थान नियमित रूप से क्लीनिक में सेवा देंगे। फैक्कर क्लीनिक की शुरूआत में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। साथ ही मौके पर मुफ्त में सैकड़ों लोगों का कैल्शियम जांच किया गया। मौके पर क्लीनिक संचालक संतोष दुबे ने बताया कि गढ़वा में हड्डी रोग, जोड़ व नस रोग विशेषज्ञ डॉ. पी मेहता अनुभवी डॉ हैं। अब गढ़वा के लोगों को एक कुशल डॉ. का लाभ मिलेगा। हड्डी व नस के मामले में अब किसी भी मरीज को गढ़वा से बाहर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फैक्कर क्लीनिक में प्रतिदिन नियमित रूप से डाक्टर उपलब्ध रहेंगे। डॉ. पी मेहता ने कहा कि गढ़वा में हड्डी रोग व जोड़ नस रोग के मामले में अब किसी मरीज को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। गढ़वा में उनको अच्छा इलाज फैक्कर क्लीनिक में मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से दीपक तिवारी, भाजपा नेता ओमप्रकाश केशरी, विवेकानंद तिवारी, रितेश चौबे, विकास तिवारी, उदय कुशवाहा, उमेश कश्यप आदि मौजूद थे।

## तीन वर्षो में गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन का कलंक धोने का काम किया: मिथलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में मेगा शिलान्यास समारोह सह परिसंपति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर और शिलापट्ट का अनावरण कर 1792 करोड़ 30 लाख 22 हजार 400 रुपए की 1067 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण व मुख्यमंत्री रोजगार सृजन



योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा के लिए बहुत ही गौरवशाली दिन है। यहां एक साथ 1792 करोड़ 30 लाख रुपए की 1067 योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया। यह कार्य वैसे जनप्रतिनिधियों के लिए आइना है जो आज तक गढ़वा को बदहाली में धकेल कर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में आज कोई पहली बार जनप्रतिनिधि नहीं बना है। बल्कि जनता यहां 1952 से जनप्रतिनिधि चुनते आ रही है। परंतु किसी ने भी जनता व क्षेत्र का दुख, दर्द नहीं समझा। मंत्री ने कहा कि मात्र तीन वर्षों में मैंने दिन रात एक कर गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को धोने का काम किया। आज उसी का परिणाम यहां दिख रहा है। गढ़वा के विकास का यह सिलसिला रूकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग विकास विरोधी हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व के सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने स्वार्थ के लिए जनता को बरगलाया : मिथलेश ठाकुर

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा के सोनपुरवा में 12 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों को जो कार्य धरातल पर करनी चाहिए थी वह कार्य अब हमारी जन सरोकार की सरकार काफी तेजी से कर रही है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से विकास कार्य हो रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि वर्ष 1991 में गढ़वा जिला का निर्माण हुआ, परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि, किसी भी सरकार को यहां की बेटियों को पढ़ने की लिए एक महिला कॉलेज बनाने की चिंता नहीं हुई। यह बताने के लिए काफी है कि आज तक यहां जितने भी जन प्रतिनिधि हुए सभी ने अपने स्वार्थ के लिए जनता को बरगलाया व उनका हक लूटा। आज भी उन्हीं अधिकारों के साथ काम हो रहा है जो पूर्व के जनप्रतिनिधियों के अधिकार थे। यह महिला कॉलेज सर्व सुविधा संपन्न अत्याधुनिक कॉलेज है। बहुत जल्द ही इसमें पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। सरकार की सोच व संवेदनशीलता होगी तभी विकास कार्य का उद्देश्य पूर्ण होगा। मौके पर एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, संवेदक अनिल सिंह, वंदना जायसवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत उपभोक्ताओं को विपत्र माफी प्रमाण पत्र मिला

**गढ़वा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण को लेकर सोमवार को समाहरणालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। बतातें चले कि झारखण्ड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलु उपभोक्ताओं, जिनका उर्जा खपत 200 युनिट प्रतिमाह (पुरे वर्ष में 2400 यूनिट) रहा है, झारखण्ड सरकार के द्वारा माह अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिल (पिछले बकाया एरिअर सहित) माफ कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत गढ़वा जिला के एक लाख 82 हजार 929 घरेलु उपभोक्ताओं के 90 करोड़ 39 लाख 86 हजार रूपए के बकाया राशि माफ किया गया है। इस तरह से पूरे झारखण्ड राज्य के 24 जिलों के 38 लाख 46 हजार 26 घरेलू उपभोक्ताओं के 3565 करोड़ 94 लाख 86 हजार 733 रुपए के बकाया राशि माफ किया गया है। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वैसे उपभोक्ताओं, जिनका ऊर्जा खपत प्रतिमाह 200 यूनिट तक है, का बिजली बिल पूर्व बकाया समेत माफ कर दिया गया है, जिसके चलते भारी संख्या में उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने से मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस कल्याणकारी योजना के तहत 200 यूनिट तक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को जहां राहत मिली है, वहीं 200 से 400 यूनिट तक ऊर्जा खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है। मौके पर मंत्री ने सांकेतिक रूप से शिविर में ही उपभोक्ताओं को विद्युत विपत्र माफी से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस बिजली बिल माफी योजना से लोगों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार की तरफ से 1400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे बहुत जल्दी सभी गांव टोला में पूरी तरह से विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा।

### भाजपा किसान मोर्चा ने दिया एक दिवसीय धरना

**गढ़वा।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा के नेतृत्व में किसानों की समस्या को लेकर पुराने समाहरणालय के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो में किसानों की हालत काफी खराब है। वर्तमान समय में हेमंत सरकार में बैठे मंत्री व विधायक गढ़वा सहित पूरे झारखंड में लूट मचाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए किसानों को संकल्प लेना होगा। तभी गढ़वा बचेगा। जिस तरह से झामुमो के लोग गढ़वा जिले में उत्पात मचाया है किसान काफी आक्रोशित हैं। मौके पर किसान मोर्चा जिला प्रभारी प्रेमतोष ने कहा कि झामुमो सरकार किसान विरोधी काम कर रही है। जब से झामुमो सत्ता में आई हैं। किसानों को कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों को पिछले साल का धान खरीद का पैसा अब तक किसानों को नहीं मिला है। वहीं गढ़वा बाजार समिति में किसानों के लिए शेड निर्माण नहीं हुआ। किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं मिला। इससे यह साबित होता है कि झामुमो सरकार में किसानों का कोई काम नहीं हुआ। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा चलाया गया कृषि आशीर्वाद योजना को झामुमो सरकार ने बंद कर किसानों के पेट पर लात मारने का काम किया। केंद्र सरकार की ओर से संचालित कुसुम योजना में धांधली हुई।

### हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू की जयंती मनायी गयी

## विक्रमादित्य के विचारों को आज समाज मे उतारने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा प्रखंड इकाई केतार के तत्वावधान में सोमवार को केतार मुखिया प्रमोद कुमार के आवास पर वैश्य समाज के अंतिम महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू के तस्वीर पर पुष्पांजलिअर्पित कर जयंती मनाई गई। मौके पर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक राम विचार साहू ने कहा कि विक्रमादित्य उज्जैन के राजा थे, जो अपने ज्ञान, वीरता और उदारशीलता के लिए प्रसिद्ध थे। विक्रमादित्य ने भारत की भूमि




को विदेशी शासकों से मुक्ति कराने के लिए एक वृहत अभियान चलाया। उन्होंने अपनी सेना का भी गठन किया। उनकी सेना विश्व की सबसे शक्तिशाली सेना बन गई थी। जिसने भारत की सभी दिशाओं में एक अभियान चलाकर भारत को विदेशियों और अत्याचारी राजाओं से मुक्ति कर एक छत्र शासन को कायम किया। जिनकी कार्यो को आज भी याद किया जाता है। इनके विचारों को आज समाज मे उतारने की जरूरत है। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, केदार प्रसाद,मुरली प्रसाद, सचिन कुमार उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक ने दिव्यांग शिक्षक का योगदान कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** आरडीडीई द्वारा प्रतिनियोजन के बाद महेंद्र पांडेय को राजकीय उच्च विद्यालय चित्तविश्राम में सोमवार को प्रधानाध्यापक अमित कुमार द्वारा योगदान कराया गया। इसके पूर्व शनिवार को डीईओ कैसर रजा ने स्वयं कार्यालय से नीचे उतर कर वाहन में ही दिव्यांग शिक्षक का योगदान कराया था। बता दें कि महेंद्र पांडेय पहले पारा शिक्षक के रूप में 2005 से राजकीय मध्य विद्यालय चित्तविश्राम में कार्यरत थे। 2015 में उनका चयन सहायक शिक्षक के पद पर उत्क्रमित हाई स्कूल बेनी खुर्द जपला पलामू में हुआ था अचानक 2023 में स्वास्थ्य बिगड़ जाने से उनका इलाज बीएचयू वाराणसी में चल रहा था जहां पैर में जख्म होने के कारण लगातार सात बार ऑपरेशन करना पड़ा। अंततः घुटने के नीचे तक पैर काटना पड़ा। दो बेटों में बड़ा लड़का हरिश्चंद जबलपुर से तथा छोटा लड़का निखिल पंजाब से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। ऐसे में श्री पांडेय के सामने आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो गई है। योगदान के समय विद्यालय के वरीय शिक्षक द्वारिकानाथ पांडेय,नरेंद्र श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## मुर्ति विसर्जन के प्रशासनिक निर्णय का पूजा समितियों ने विरोध किया


**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा-भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंदिर प्रांगण में प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा समिति के



अध्यक्ष व सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठक किया। बैठक में प्रखंड के मदगड़ी गांव में हो रहे मूर्ति विसर्जन सह शोभा यात्रा के मार्ग को लेकर चल रहे विवाद पर चर्चा की। प्रशासन व आम लोगों को अवगत कराने को लेकर पूजा समिति ने प्रेस बयान जारी किया है। बयान में कहा गया कि 50 वर्षों से अधिक समय से चल दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विसर्जन सह शोभायात्रा के पूर्व निर्धारित एवं लाइसेंस से वर्णित मार्ग से नहीं ले जाने को लेकर प्रशासन द्वारा दिए गए मौखिक आदेश का सभी पूजा समिति कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि तय मार्ग से शोभायात्रा कार्यक्रम सार्वजनिक रास्ते के माध्यम से संपन्न करते आ रहे हैं। फिर वर्षो से तय मार्ग में विसर्जन करने पर किसी भी व्यक्ति अथवा संगठन का विरोध हास्यास्पद प्रतीत होता है। प्रशासन की भूमिका भी उनके निष्पक्ष कार्यशैली पर प्रशन चिन्ह खड़ा कर रहा है। यह अत्यंत खेदजनक है। कहा है कि मदगड़ी ग्राम में दुर्गा पूजा में शोभा यात्रा सह विसर्जन का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित हुए लाइसेंस में वर्णित मार्ग के माध्यम से ही संपन्न कराएगा। संवैधानिक अधिकार की रक्षा के लिए प्रशासन हमें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। इसके लिए सभी पूजा समिति प्रशासन को पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गांव जोनहीखाड़ बघवार, सरईडीह, जेनेवा मर्दा, कंजिया, बिंदा, फकीराडीह में हो रहे पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य समेत हिंदू धर्मावलंबी उपस्थित थे।






## मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की होगी पूजा

**लोहरदगा।** नवरात्रि के छठे दिन आदिशक्ति श्री दुर्गा के छठे रूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना का विधान है। महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था। इसलिए वे कात्यायनी कहलाती हैं। मां कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं. पौराणिक मान्यता है कि गोपियों ने श्रीकृष्ण को पाने के लिए इनकी पूजा की थी। शादी के बाद वैवाहिक जीवन की अच्छी शुरूआत के लिए भी मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। माता कात्यायनी की उपासना से आज्ञा चक्र जाग्रति की सिद्धियां साधक को स्वयंमेव प्राप्त हो जाती हैं। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है तथा उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। इनके नाम से जुड़ी कथा है कि एक समय कत नाम के प्रसिद्ध ऋषि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए, उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध कात्य गोत्र से, विश्वप्रसिद्ध ऋषि कात्यायन उत्पन्न हुए। उन्होंने भगवती पराम्बरा की उपासना करते हुए कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि भगवती उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लें। माता ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। कुछ समय के पश्चात जब महिषासुर नामक राक्षस का अत्याचार बहुत बढ़ गया था, तब उसका विनाश करने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने अपने अपने तेज और प्रताप का अंश देकर देवी को उत्पन्न किया था। महर्षि कात्यायन ने इनकी पूजा की इसी कारण से यह देवी कात्यायनी कहलायीं।

## जय श्री राम समिति ने सात यूनिट रक्तदान किया



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने सात यूनिट रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार मिशन चौक निवासी भावो साहू की पत्नी शांति देवी अमृत केयर हॉस्पिटल, सेन्हा प्रखंड निवासी सकलदेव महतो की पुत्री चंचला कुमारी सनराइज हॉस्पिटल, थाना टोली निवासी परमेश्वर वर्मा की पत्नी मीरा देवी सदर अस्पताल, पेसरार प्रखंड के ग्राम चैनपुर निवासी जतरू तुरी की पत्नी जगमइन तुरी सदर अस्पताल , शास्त्री चौक निवासी पवन गुप्ता की पुत्री मुस्कान गुप्ता सदर अस्पताल एवं भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव निवासी रजक नायक के पुत्र अशोक नायक सदर अस्पताल में इलाजरत थे। सभी को डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। तत्काल समिति सदस्य क्रमशः मुकेश महतो,जीवन महतो पवन प्रजापति, शशि सिंह,बसंत महतो, अजय सोनी रितेकेश महतो ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर पीड़ित मरीज के प्रति अपनी मानवता दिखाया ' अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा ब्लड के वजह से किसी की जान ना जाए समिति पूरी प्रयास कर रही है ' जीवन महतो ने कहा समिति के प्रति पीड़ित परिवार का भावनात्मक रूप देखते ही बनती है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,महामंत्री प्रदीप साहू, रमेश राय और गुड्डू,जीवन महतो,चंदन गुप्ता,पवन गुप्ता, विनोद साहू,राम सिंह,गौरव कुमार,विक्रम,दिवाकर महतो, नितेश प्रजापति,गौतम कुमार प्रजापति,पीयूष प्रजापति,मनीष बरई,सुबोध वर्मा,हेमा देवी,मुकेश महतो,श्रवण कुमार,श्वेता कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की कमी नहीं : धीरज प्रसाद



### 1992 से लगातार आयोजित हो रहा नंदलाल प्रसाद स्मारक टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत नन्दलाल प्रसाद प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल प्रांगण में गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित स्व.नन्दलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल टूनामेंट का सफलतापूर्वक समापन किया गया।आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के बालक वर्ग में 32 टीम व बालिका वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, जिप सदस्य राधा तिर्की तथा दुर्गेश प्रसाद साहु, सूखैर भगत, लाल अजयनाथ शाहदेव, कामेश्वर प्रसाद, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु, प्रकाश उरांव द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ किया। वही मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों से कहा कि, ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की कमी नही है। अनुशासन के साथ खेलें और खेल के माध्यम से जीवन को सफल बनाये। फाइनल मैच बालक वर्ग में चाईबासा बॉयज और डीसीएन लोहरदगा के बीच खेला गया।जिसमे डीसीएन लोहरदगा की टीम चाईबासा को 0 - 1 से हराया।

# मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की हुई पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इन दिनों नवरात्र की धूम है। हर तरफ माता का भजन सुनाई दे रहे हैं। नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना स्थानीय विभिन्न दुर्गा मन्दिरो और घरों में विधि विधान पूर्वक किया गया। माँ दुर्गा का पंचम रूप स्कन्दमाता के रूप में जाना जाता है। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार शौर शक्तिधर बताकर इनका वर्णन किया गया है। कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कन्द जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कन्द मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजायें हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कन्द को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। माँ का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस चक्र में अवस्थित साधक के मन में समस्त बाह्य क्रियाओं और चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है और उसका ध्यान चैतन्य स्वरूप की ओर होता है, समस्त लौकिक, सांसारिक, मायाविक बन्धनों को त्याग कर वह पद्मासन माँ स्कन्दमाता के रूप में पूर्णतः समाहित होता है। सधक को मन को एकाग्र रखते हुए साधना के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।




## पंडाल व भव्य प्रतिमा बनेगी आकर्षण का केंद्र : निशीथ जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मां चंडी नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति मिशन चौक के द्वारा भव्य पंडाल निर्माण कराया जा रहा है। इस वर्ष वृहत रूप से पंडाल की साज सज्जा व लाइटिंग किया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्य दिन रात पंडाल निर्माण कार्य में लगे हुए हैं।

समिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने बताया कि इस बार पंडाल निर्माण कोलकाता के पंडाल की तर्ज पर हो रहा है। बाहर से और यहाँ के स्थानीय कुशल कलाकारों के द्वारा पंडाल निर्माण कराया जा रहा है। इस बार प्रतिमा भी आकर्षक बन रही है।

पिछले बार समिति ने नौका जहाज का प्रारूप बनाया था जिसे भक्तों ने बहुत ही सराहा था। इस बार भी आकर्षक पंडाल निर्माण और भव्य प्रतिमा लोगो के बीच आकर्षण का केंद्र रहेगी। कहा कि पंडाल निर्माण को बेहतर बनाने में कमेटी के सचिव चंदन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक मित्तल (निखिल), उपाध्याक्ष बब्लू साहू ,अभिषेक सिन्हा राकेश सिंघल, विनय अग्रवाल, उज्जवल बंसल,धीरज अग्रवाल ,प्रशांत सिंह , रूपेश कुमार,राहुल महतो, रोहित साहू, जय राणा, राम सिंह, उत्तम देव, कुणाल मेहता , निखिल अग्रवाल आदि लगे हुए हैं। इनके देखरेख में बहुत ही अच्छी ढंग से पंडाल का निर्माण कार्य हो रहा है।

## ‘मिशन वात्सल्य योजना : एक परिचय’ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में लोहरदगा प्रखंड कार्यालय में ₹मिशन वात्सल्य योजना : एक परिचय₹ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीडीओ ने कहा कि आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह ,चाइल्ड ट्रैफिकिंग/ बाल श्रम से पीड़ित बच्चों की संख्या वृद्धि होने पर हमें सामाजिक एकजुटता की अनिवार्यता है। बेटियों को आज समाज में सामूहिक प्रयास से अग्रिम श्रेणी में लाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। बाल संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी दिया। कहा कि जिला में जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रशासन के माध्यम से कटिबंध रूप से कार्य किया जा रहा है। जीरो से 18 वर्ष के बालकों के लिए जिला स्तरीय जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति ,किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष पुलिस किशोरी इकाई स्थापित है। जिसके माध्यम से जिला में संस्थागत देखभाल एवं गैर संस्थागत देखभाल के लिए सेवा उपलब्ध है। बाल संरक्षण के अंतर्गत रेस्क्यू/ पुनर्वास एवं पुनःसमेकन हेतु स्पॉन्सरशिप / एडॉप्शन/ फोस्टर केयर/ स्ट्रीट चिल्ड्रन/ बालगृह/विशेष दत्त ग्रहण अभिकरण बाल सुधार इत्यादि की सेवाएं दो श्रेणी के बच्चों सीएनसीपी व सीसीएल बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जाती है। पूजा कुमारी, सदस्य, बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा बताया गया कि सीएनसीपी बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति के द्वारा पुनर्वास एवं पुनःसमेकन का कार्य किया जाता है जिससे बच्चों का समुचित विकास हो सके।

## भक्तों ने मां स्कंदमाता की आराधना कर आशीर्वाद मांगा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की मंदिरों और पूजा घरों में की गई। इस दौरान ह्यया देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के मंत्रोच्चारण से मंदिर गूंजते रहे। लोहरदगा गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, बोली बगीचा स्थित दुर्गा मंदिर, बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर, ईस्ट गोला रोड स्थित देवी मंदिर, बरवा टोली स्थित मनोकामना स्थित दुर्गा मंदिर, निगनी स्थित मां काली मंदिर, पावर गंज स्थित देवी मंदिर, हटिया गार्डन स्थित काली मंदिर, गायत्री मंदिर, सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। जहां श्रद्धालुओं ने मां भवानी के दरबार में मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में धूप-दीप जलाकर सुख समृद्धि की कामना की।इसके अलावा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भगवती का पांचवां स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का सजीव चरित्र है। मान्यता है कि मां अपने भक्तों पर पुत्र के समान स्नेह लुटाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां की उपासना से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। मां का स्मरण करने से ही असंभव कार्य संभव हो जाते हैं। वृंदावन से लोहरदगा आए विष्णु चित्त आचार्य ने बताया कि कमल के आसन पर आरुढ़ होने के कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। देवी स्कंदमाता कार्तिकेय और गणेश की मां है। गणेश जी मानसपुत्र है और कार्तिक जी गर्भ से उत्पन्न हुए। ताड़कासुर का वध करने के लिए देवी पार्वती व शंकर जी ने विवाह किया। उनसे कार्तिकेय उत्पन्न हुए और उन्होंने ताड़कासुर का अंत किया। स्कंद कुमार की मां होने के कारण ही देवी पार्वती स्कंदमाता कही गई।

### 460 पदाधिकारियों को मिला चुनावी प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सोमवार को सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन में सभी 460 पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई।पदाधिकारियों को बताया गया कि उनके अधीन सभी मतदान केंद्रों की गहन जानकारी उन्हें होनी चाहिए। पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी पदाधिकारियों को दी गई।

## आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठीं सेविका सहायिका



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
आंगनबाडी. सेविका सहायिका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गयी धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि पूरे राज्य में आंगनबाडी. सेविका 38 हजार और सहायिका लगभग 35 हजार हैं. हम 2016 से सरकार से अपना हक मांग रहे हैं। इसके लिए कई बार हड़ताल-प्रदर्शन कर चुके है। सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है, लेकिन इस बार अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कहा कि आठ अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक होने वाली है। इसमें हमारी नियमावली की सभी मांगों को पूरा करना होगा।

**आंगनबाडी. सेविका सहायिका की मांगें**
नियमावली पूरी की जाये, आंगनबाडी. केंद्रों की पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराई जाये, मानदेय का भुगतान ससमय पर पूरा किया जाये,-महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत प्रतिशत वरीयता के आधार पर प्रोन्नति दी जाये, झ सर्वोच्च न्यायालय के आदेशनुसार सभी समाज कल्याण के संविदाकर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आंगनबाडी कर्मियो को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता भुगतान किया जाये, ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाईल टैब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाये, पेशन लागू की जाये।सेविकाओं ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2019 में मांग पूरा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार मांग पूरा करने से मुकर रही हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### ब्रह्मविद परिषद ने दुर्गा पूजनोत्सव तिथि का किया निर्धारण


**लोहरदगा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ईकाई, ब्रह्मविद् परिषद् की बैठक हुई। जिसमें विद्वान ब्राह्मणों ने चालू नवरात्र की तिथियों के संदर्भ में परिचर्चा किया। सर्वसम्मति से ब्राह्मणों ने दुर्गा पूजनोत्सव तिथि निर्धारण किया। बताया गया कि आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी दिन मंगलवार दिनांक 08.10.2024 संध्या काल विल्वाभि मंत्रम, आश्विन शुक्ल महासप्तमी दिन बुधवार दिनांक 09.10.24 नवपत्रिका प्रवेश एंव अन्य पूजन, आश्विन शुक्ल पक्ष महाअष्टमी दिन गुरूवार दिनांक 10.10.24 अष्टमी पूजन व महानिशा पूजन आश्विन शुक्ल पक्ष महानवमी दिन शुक्रवार दिनांक 11.10.24 प्रातः बलि पूजन समय 6.52 आश्विन शुक्ल पक्ष दिन शनिवार 12.10.24 नवपत्रिका विसर्जन, अपराजिता पूजन एवं जयन्ती ग्रहण होगा। तिथि की असमंजस्यता को लेकर तिथि निर्धारण समिति के प्रधान चन्द्रशेखर मिश्र की उपस्थिति में उपरोक्त तिथि का सर्वमान्य निर्धारण किया गया है। इस बैठक में ब्रह्मविद् परिषद के अध्यक्ष मदन मोहन पाण्डेय, चन्द्रशेखर मिश्र, राम सेवक पाठक, नन्द कुमार पाण्डेय, रमेश पौराणिक अशोक पाठक, परमानन्द मिश्र, अनुप कुमार चौधरी, जयशंकर मिश्र आदि विप्र बन्धुओं की उपस्थिति रही । मदन मोहन पांडेय ने बताया कि आमजन एंव सनातन धर्मावलंम्बियों के मध्य विम्रभ की स्थिति न बने और किसी शंका से ग्रसित न हों इसी निमित्त यह निर्णय लिया गया। तिथि निरूपण संबंधी जानकारी केन्द्रीय दुगार्पूजा समिति को उपलब्ध करायी जा चुकी है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर लौटे छात्रों का हुआ स्वागत



**कुडू - लोहरदगा।** खेलो झारखंड के तहत आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे डिवाइन पब्लिक स्कूल में छात्रों का स्वागत किया गया है। ज्ञात हो कि स्कूल के चार खिलाड़ियों ने खेलों झारखंड प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 14 में आयुष्मान कुमार सिल्वर मेडल, 45 किलो भार वर्ग में प्रिंस कुमार सिल्वर मेडल, 38 किलो भार वर्ग में हेमंत कुमार ने ब्राउंच मेडल, 38 किलो भार बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी ब्राउंच मेडल मेडल जीता है। मौके पर उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों के ट्रेनर सह कोच अरबिंद कुमार्ज को खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय दिया है।

### सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी की बैठक हुई



**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 9 युवकों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने तथा सिद्धू खान युवा क्लब को सक्रिय करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी का भी विस्तार किया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत व प्रखंड में कमेटी का गठन किया गया है । इसके माध्यम से सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मंदसौर आलम युवाओं को खेल के जयपुर साहित्य करें ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी अपना करियर चला सके जिला परिषद अध्यक्ष राजमणि उरांव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है ताकि युवाओं में के अंदर छिपी प्रतिभा को निखार मिल सके अंचलाधिकारी दुर्गा को करने कहा कि राज्य सरकार सिद्धू कानू युवा खेल क्लब कमेटी को प्रत्येक वर्ष 25000 की राशि महिया करती है ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सके जिससे युवाओं को मिलजुल कर खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना है मौके पर मंसूर अंसारी सहित प्रखंड कमेटी के लोग मौजूद थे।

### मंईयां सम्मान यात्रा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## आज मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय व विधायक कल्पना सोरेन आएंगी लोहरदगा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में आयोजित होनेवाले आम सभा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आम सभा के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल समाहरणालय के समीप मैदान में की जा रही आवश्यक तैयारियों, आमजनों के लिए सुविधाओं, लाभुकों के बीच मंईयां सम्मान योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि का भुगतान, परिसदन की साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्था, विभिन्न प्रखण्डों से लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने संबंधी कार्ययोजना, आमसभा की रूपरेखा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। ज्ञात हो कि मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में बेबी देवी, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार, दीपिका पाण्डेय, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार और कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गाण्डेय, जिला-गिरिडीह का मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत लोहरदगा जिला में आम सभा का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में अपराह्न 12.30 बजे से होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## बंगाल के तारापीठ के प्रारूप में दिखेगा शास्त्री चौक का पूजा पंडाल





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा के शास्त्री चौक पूजा समिति इस बार पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला अंतर्गत तारापीठ शक्तिपीठ का स्वरूप बना रहा है। जिसमे लगभग 04 लाख की लागत पड़ रही है। लोहरदगा के प्रसिद्ध कलाकार नागेंद्र प्रजापति के द्वारा पंडाल निर्माण कराया जा रहा है। वही प्रतिमा का निर्माण बंगाल के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शास्त्री चौक पूजा समिति इस बार शक्तिपीठ का प्रारूप बना रहा है जिसकी उंचाई 51 फिट ऊंची होगी। वही पंडाल में विराजमान माँ की प्रतिमा की ऊंचाई 15 फीट की होगी। बंगाल के प्रसिद्ध कारीगर बलराम सूत्रहार के द्वारा पंडाल निर्माण कराया जा रहा है। यहाँ का पूजा पंडाल में बंगाल के साज सज्जा का दर्शन होगा। बता दें कि 1959 से शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूजा हो रहा है। वही इस बार विद्युत सज्जा भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। गौरतलब है कि भारत में कुल 51 शक्ति पीठ हैं. इनमें से 5 (बक्रेश्वर, नलहाटी, बन्दीकेश्वरी, फुलोरा देवी और तारापीठ) पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला में हैं. तारापीठ उनमें सबसे जागृत शक्तिपीठ है. बीरभूम जिला धार्मिक रूप से बहुत प्रसिद्ध है. तारापीठ यहां का सबसे प्रमुख धार्मिक तीर्थस्थल है और यह एक सिद्धपीठ भी है।









# झारखंड अपनी आदिवासी संस्कृति और कला के लिए जाना जाता है : कल्पना सोरेन

## झारखंड सरकार पूरा कर रही महिलाओं को सशक्त बनाने का किया वादा

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान यात्रा के तहत सिसई प्रखंड में सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, गुमला विधायक भूषण तिर्की और सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने भाग लिया।

कार्यक्रम में हजारों महिलाओं की उपस्थिति में मंत्री बेबी देवी ने कहा, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच है कि झारखंड की माताओं, बहनों और दीदियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जाए। इसके तहत मंईयाँ सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं के खातों में 2000 रुपये की राशि दी गई है, ताकि वे अपनी और अपने बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। इस आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि झारखंड सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध है और इसे बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है।

### महिलाओं के हित में लगातार काम कर रही है सरकार

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, राज्य सरकार आपके हितों के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह एक अहम कदम है। इसके अलावा, मिलेट्स मिशन के तहत 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है ताकि महिलाएं खेती के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। उन्होंने किसानों की ऋण माफी और फसल बीमा जैसी योजनाओं का भी जिक्र किया।

### आदिवासी संस्कृति की पहचान को संरक्षित करने का प्रयास

विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा, झारखंड अपनी आदिवासी संस्कृति और कला के लिए जाना जाता है, और हमें इस पर गर्व है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कुड़ुख भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास और सम्मान प्रदान करने का प्रण लिया है, जिसका परिणाम मंईयां सम्मान योजना के रूप में दिख रहा है।

### महिलाओं को सम्मान देने की दिशा में बड़ा कदम

गुमला विधायक भूषण तिर्की ने मंईयां सम्मान यात्रा को महिलाओं को आत्मसम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

## कल्पना की मंईयां सम्मान यात्रा में नहीं पहुंचे विधायक चमरा लिंडा

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)** घाघरा के आदर खेल मैदान में मंईया सम्मान यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ।जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन गुमला विधायक भूषण तिर्की सिसई विधायक जगा सुसरण होरो सहित झामुमो के कई नेता शामिल हुए। इस सभा में वक्ताओं के निशाने पर भाजपा रही। कार्यक्रम का उद्घाटन सेट प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया वही सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने

### भाजपा पर जम कर बरसीं कल्पना सोरेन

कहा कि आप सपना देखिए आपके सपनों को आपके दादा हेमंत सोरेन पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सोच यही है कि जब तक बच्चों का भविष्य उज्जवल नहीं होगा झारखंड का विकास नहीं होगा। अपने संबोधन के दौरान कल्पना सोरेन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अगर वह भी मंईयां योजना की जैसी योजना लागू करना चाहती है तो इसे पूरे देश में लागू करा दे। केंद्र में उसकी सरकार है। उन्होंने कहा कि असल में मंइयां सम्मान योजना जब से झारखंड में लागू हुई है, तब से विपक्ष तकलीफ में है।कल्पना ने कहा कि मंईंया योजना आधी आबादी को खुशियां दे रही है। इस योजना के माध्यम से राज्य की लाखों महिलाएं जरूरत के लिए उक्त राशि का इस्तेमाल कर रही हैं। कल्पना सोरेन ने भाजपा के खिलाफ आक्रामक ढंग से संबोधन करते हुए कहा कि जब राज्य में डबल इंजन की सरकार थी, तब उन्हें राज्य की महिला, खिलाड़ी, युवा का ध्यान नहीं आया।

## नुक्कड़ सभा कर पंचप्रण का प्रचार कर रहे भाजपाई

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन 6 में सोमवार को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने स्थानीय महिलाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. इस बैठक में उन्होंने भाजपा झारखंड प्रदेश के पंचप्रण से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की और महिलाओं को पार्टी की योजनाओं से अवगत कराया. उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में महिलाएं अपने आपको उपेक्षित और असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## मंईयां सम्मान योजना यात्रा में विशाल आमसभा का आयोजन, पहुंचे मंत्री और विधायक




**सिसई(गुमला)।** मईयां सम्मान योजना यात्रा को लेकर पशुपालन मंत्री दिपीका पाण्डे, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को सिसई पहुंचे जहां सत्तासिली राम नवमी मैदान मे विशाल जन सभा को संबोधित किया।इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य और यहां के आदिवासी मूलवासियो का भला भाजपा की सरकार कतई नही चाहती है। वे सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्यता से सजी व खनिज सम्पदा से सम्पन्न झारखंड राज्य को लुटना चाहती।हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे बनी राज्य के गठबंधन सरकार ने राज्य और राज्य वासियो की भलाई के लिए छात्र छात्राओ से लेकर महिलाऐं पुरुष के लिए अनेक योजना चला रही है। महिलाओं के विकास और सम्मान के लिए सावित्रीबाई फुले,बिरसा हरित क्रांति,छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए फ्री छात्रवृति,मईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के हर बहनों को हर माह एक हजार रूपया देने का काम कर रही है। इन सब योजनाओं से विपक्ष घबरा गया है। इसलिए लिए विपक्ष ने एक टीम गठित किया है जिसका नाम है पीआईएल गेंग इसका काम है राज्य वासियों के उत्थान और समृद्धि के लिए हेमंत सरकार के द्वारा लाये जाने वाले योजनाओं के खिलाफ हाईकोर्ट मे पीआईएल दर्ज करना है। ताकि योजना का लाभ झारखंड के आदिवासी मूलवासी को ना मिल सके।राज्य के 1 लाख 56 हजार करोड रूपया । केंद्र के भाजपा सरकार दबाये बैठा है।देने का नाम नही कर रहा ये पैसा आप सभी आम जनताओं का है। मंत्री दीपिका पाण्डे ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के 24 वर्ष बीतने को जा रहा है आज तक राज्य के बहनों को भाजपा की सरकार ने इतना बडा सम्मान नही दिया जो हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे बनी हमारी गठबंधन की सरकार दे रही।

## धूमधाम से मना हथिनी रजनी का 15वां जन्मदिन

**जमशेदपुर।** दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है. इस अवसर पर सोमवार को हथिनी रजनी का 15वां जन्मदिन मनाया गया. इस दौरान केक भी काटा गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सविता महतो भी मौजूद थीं. विभिन्न तरह की आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. दलमा पश्चिमी के रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि ये खुशी की बात है. इससे लोगों में एक अच्छा संदेश जाता है कि जब हम अपने घर के बच्चों का जन्मदिन मना सकते हैं तो वन्यप्राणी का क्यों नहीं।

### भरनो में बाबा बंदी उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## बेड़ो की टीम ने जीता खिताब



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के डूडीया गाँव स्थित खेल मैदान में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय कैश मनी प्राइज स्व. बाबा बंदी उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का भव्य समापन किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फुटबॉल क्लब बंगरू और फुटबॉल क्लब बेडो के बीच खेला गया, जिसमें बेडो की टीम ने 2-0 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच का उद्घाटन पूर्व आईजी डॉ. अरुण उरांव, डॉ. शेखर चौधरी, डॉ. प्रकाश चंद्र उरांव, सरस्वती उरांव, कैलाश सिंह देव, नवेन्दु भारती, कैप्टन लोहरा उरांव, दीप ज्योति उरांव, मुखिया रश्मि लकड़ा और भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीशंकर शाही सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा बंदी उरांव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। 32 टीमों ने लिया हिस्सा आयोजन समिति के जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट का उद्देश्य स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था।

## न्यूज | बॉक्स

### वज्रपात की चपेट में आने से एक भैंस की हुई मौत



**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खेतली पंचायत के बरटोली ग्राम में वज्रपात होने से एक मवेशी की मौत हो गई। सोमवार को लगभग 2 बजे जोसेफ बखला, पिता एग्नेश बखला के भैंस का ब्रजपात के कारण मौत हो गया। वहीं पीड़ित किसान ने कहा की मेरा भैंस एक पेड़ के नीचे था जहां अचानक बिजली कड़कने एवं बज्रपात होने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।

### मंदिरों में उमड़ रही है भक्तों की जनसैलाब



**डुमरी।** डुमरी दुर्गा मंदिर में संध्या आरती, रामचरितमानस सह झांकी के लिए उमड़ रहा भक्तो का जनसैलाब शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को प्रखंड के पांच जगहो में स्कंद माता की पूजा अर्चना की गई वही रामचरितमानस पाठ और वैदिक मित्रों से मंदिर ग्राम में भक्ती का माहौल बना हुआ है संध्या होते ही भक्तों का पूजा पंडाल में पहुंचने का सिलसिला जारी है आरती में सभी पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है ज्ञात हो कि इस दुर्ग पुजा में डुमरी मंदिर परिसर में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है।

### गुमला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव कल

**गुमला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित छः प्रमुख उत्सवों में से एक विजयादशमी (शस्त्र पूजन) उत्सव इस वर्ष 9 अक्टूबर 2024, बुधवार को संघ कार्यालय, लोहरदगा रोड, गुमला में संध्या 4 से 5 बजे तक मनाया जाएगा। संघ द्वारा सभी स्वयंसेवकों से गणवेश अथवा शुभ्रवेश (सफेद परिधान) में उपस्थित होने का विनम्र आग्रह किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत परंपरागत शस्त्र पूजन भी किया जाएगा, जिसके लिए स्वयंसेवकों को अपने साथ शस्त्र लाने का सुझाव दिया गया है। संघ के गुमला नगर शाखा की ओर से सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण उत्सव में भाग लेने की अपील की गई है।

### दुकान में आग लगी से हजारों का समान जल कर हुआ नष्ट



**सेन्हा–लोहरदगा।** कल्हेपाट ग्राम में संचालित किराना दुकान में आग लगने से हजारों रुपया का दुकानदार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा. घटना रात्रि 9 बजे शॉट सर्किट से होने की बात बताई जा रही है.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में जगतु उराँव का किराना दुकान में शॉट सर्किट के कारण आग लगा गया जिससे दुकान में रखा फ्रिज,पत्तल,प्लेट,दोना, गिलास,ठंडा,शेम्पू, बिस्किट, तेल दाल,चीनी,कुरकुरे सहित अन्य किराना समान जल कर राख हो गया। वहीं शोर गुल सुनने के बाद ग्रामीणों द्वारा सार्थक पहल करने से रात में ही आग पर काबू पूर्ण रूप से पाया गया.जिसके कारण दुकान में रखा खाद्यान व अन्य सामग्री को बचाने में सफल रहे.वही दुकान संचालक द्वारा बताया जाता है.कि रात्रि में दुकान बंद कर दुकान संचालक के पिता बिरी उराँव पुराना घर खाना खाने गये थे.पुराना घर से लौट कर आने के बाद देखा कि अंदर से धुंआ निकल रहा है. जिसके बाद हल्ला किया तो ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े.आग लगने से लगभग 50 हजार का नुकसान होने की संभावना जताया जा रहा है।

## सेविका और सहायिकाओं ने कल्पना सोरेन की विशाल सभा का किया बहिष्कार



**सिसई (गुमला)।** 07 अक्टुबर को सिसई प्रखंड के सतासिलि रामनवमी मैदान में एक ओर महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की। राज्य सरकार के द्वारा शुरू किया गया महत्वकांक्षी योजना।मईया सम्मान योजना के तहत मईया सम्मान यात्रा का विशाल आम सभा हो रहा था। तो वहीं दूसरी ओर सभा में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के द्वारा संचालित। 170 आंगन बाड़ी केंद्रो के सेविका और सहायिकाऐं शामिल नहीं हुए। और सरकार के प्रति अपनी नाराजगी एवं विरोध जताते हुए। प्रखंड कार्यालय परिसर में अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किये। और सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए। आंगन बाड़ी कर्मचारी संघ गुमला के तत्वाधान में अनिश्चित कालीन हड़ताल पे चले गए। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल के निमित सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है। इनका कहना है कि, सरकार हमलोगों से बंधुआ मजदूर कि तरह काम कराती है। और बदले में सिर्फ मानदेय देती है। जो हमलोगों के लिए बहुत ही कम राशि है, वो भी समय पर नहीं देती है। हमलोगों को मानदेय पर काम नहीं करना है। क्योंकि हमलोगों के भी छोटे छोटे बाल बच्चे हैं, उनका पालन पोषण करना है पढ़ाना लिखाना है। हमलोगों से हर तरह का काम कराया जाता है। मईया सम्मान योजना के तहत फॉर्म भरने से लेकर बच्चों को पोषक आहार देना, टीकाकरण करना। घर घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ना। यानि का काम भी हमलोगों से कराया जाता है।और तो और गुजारा भत्ता भी नहीं मिलता है,पोषाहार के लिए बाजार मूल्य से भी कम राशि मिलता है।

# आठ सूत्री मांगों की पूर्ति को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर** चैनपुर प्रखंड परिसर में 8 सूत्री मांगों की पूर्ति को लेकर चैनपुर की सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

उन्होंने कहा कि हम भारत की नारी है फूल भी है चिंगारी भी है। जो हम से टकराएगा चूर चूर हो जाएगा, भारतीय मजदूर संघ अमर रहे अमर रहे, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अमर रहे अमर रहे के नारे लगे। हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने साफ किया कि अगर सरकार समान कार्य के बदले समान वेतन समेत उनकी 8 सूत्री मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं की तो आने वाले समय में आंदोलन उग्र होगा वही जिलाध्यक्ष ने कहा कि जबतक मांग पूरा नहीं किया जाता है, तबतक हड़ताल जारी रहेगा।



### हड़ताल पर जाने का क्या असर होगा

आंगनबाड़ी सेविकाओं के हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लग जाएंगे. जिससे बच्चों को पोषण युक्त आहार नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा 6 साल कम उम्र के बच्चों का समय पर टीकाकरण नहीं हो पाएगा। क्योंकि वे 6 साल तक के बच्चों के लिए टीका भी उपलब्ध कराने का काम करती है। इतना ही नहीं आंगनवाड़ी सेविकाएं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ साथ नवजात शिशुओं और नर्सिंग माताओं की देखभाल की भी जिम्मेदारी भी इन्हीं के कंधों पर होती है। इसके अतिरिक्त वे छोटे बच्चों को लाने-ले जाने में भी मदद करती हैं। बता दें कि झारखंड में अभी करीब 38 हजार सेविका और सहायिका कार्यरत है। इन सभी के हड़ताल में चले जाने से ये सारे काम ठप पड़ जाएंगे।

### मुख्य मांगें

1.विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियमावली की अधिसूचना संख्या 2238 एवं 2239 मे आशिक संशोधन के लिए पूर्व के आवेदन पर अभिलंब विचार हो।
2.मानदेय वृद्धि की जटिलताओं को दूर किया जाए, ताकि समय-समय पर वार्षिक मानदेय वृद्धि में कोई परेशानी नहीं हो।
3.मानदेय का भुगतान केंद्र एवं राज्यांश की राशि का भुगतान एक साथ एक समय पर हो।
4.रिटायरमेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख का भुगतान हो। अंतिम मानदेही का 50% पेंशन के रूप में भुगतान की जाए।
5.महिला पर्यवेक्षिका के पद पर 7% वरीयता के आधार पर आंगनबाड़ी सेविका को प्रोनित दी जाए।
6.सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सभी समाज कल्याण के संविदा कर्मियों के बीच मानदेय विसंगति को दूर कर आंगनबाड़ी कर्मियों को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता भुगतान की जाए।
7.विभाज्य कार्य संपादक के लिए ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाइल तब दी जाए।
8.आंगनबाड़ी केंद्रों का पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराई जाए अथवा पोषाहार विभाग द्वारा आपूर्ति कराई जाए ।

वही मौके पर धरना प्रदर्शन में किरण मिंज, सोनी परवीन, ममता देवी, रजनी केरकेट्टा,शांत केरकेट्टा, सुशांति देवी, रेणु मिंज, आरती देवी, रेशमा टोप्पो,मोनिका असुर, मीरा विजेता टोप्पो, सुनीता देवी, सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका उपस्थित थी।



## बांग्ला रीति रिवाज से दुगाबाड़ी में होती है विशेष पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर लोहरदगा श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ी है। सन 1936 ईस्वी से यहां दुर्गा पूजा की परंपरा चली आ रही है। बांग्ला रीति-रिवाज से मां दुर्गा की आराधना होने से इसकी श्रद्धालुओं में अलग से पहचान बन गई है। इस मंदिर में शहरी और ग्रामीण इलाकों समेत दूसरे जिले के श्रद्धालु भी दुर्गा अध्यात्मिका अमृत पान करने आते हैं। इस मंदिर का संचालन और पूजा पाठ का दायित्व स्थानीय बंगाली समुदाय और लोहरदगा के गणमान्य लोगों के ऊपर है। मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्गा उपासक स्वर्गीय लाल गोपीनाथ सहदेव, स्वर्गीय ललित मोहन राय, स्वर्गीय श्री कंठ दत्ता, स्वर्गीय गोपेंद्र नाथ चंद्र, स्वर्गीय दिनेश चौधरी, स्वर्गीय रुक्मिणी भूषण राय, स्वर्गीय डॉक्टर सचिंद्र मोहन घोष, स्वर्गीय देवेंद्र कुमार कार, स्वर्गीय डॉ भुवन मोहन दत्ता, स्वर्गीय शारदा चरण देवघरिया, स्वर्गीय सुबोध चंद्र देवघरिया एवं उपेंद्र नाथ मुखर्जी आदि ने दुर्गा बाड़ी मंदिर पर शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने की शुरूआत किए थे। लगभग 88 वर्ष बीतने के बाद लगातार इस मंदिर का विकास और आस्था बढ़ती गई है। बंगाल के कलाकार, ढाकी व पुरोहित, कोलकाता के शिल्पी के द्वारा प्रतिमा का निर्माण एवं महाआरती धूना नाच विशेषता बन गई है। समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष कोषाध्यक्ष निमाय चन्द्र दास, भास्कर दास गुप्ता, प्रवीर दत्ता, सोमू दत्ता आदि ने बताया कि मंदिर की खास परंपरा यह रही है कि यहां पूजा नव पत्रिका प्रवेश होते ही प्रतिदिन संध्या में ढाक वादन के साथ धुन नाच का कार्यक्रम होता है।

## संपादकीय

# वैवाहिक दुष्कर्म अपराध और भारतीय समाज

अगर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से वैवाहिक दुष्कर्म के मामले भी अपराध के दायरे में आ जाएंगे, तो उसके बाद सबसे बड़ा सवाल सबूतों का होगा। कानूनन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पीड़िता की मेडिकल जांच में सेक्स संबंधों की पुष्टि होना स्वाभाविक है। रेप के मामले गैर-जमानती होते हैं, जिनमें 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा होती है। कई साल बाद जब मुकदमे में ट्रायल शुरू होगा, तो सबूतों को लेकर प्रश्न खड़े होंगे। बेडरूम में पति-पत्नी के अलावा तीसरा व्यक्ति या सीसीटीवी नहीं होता। यह निजता का भी उल्लंघन है। सहमति के बगैर जबरदस्ती बनाए गए संबंध, यानी मैरिटल रेप में क्या सिर्फ पत्नी के बयानों के आधार पर ही पति को सजा दी जा सकती है? यह सवाल कानून के संभावित दुरुपयोग का नहीं, बल्कि अपराधशास्त्र के बुनियादी उसूलों से जुड़ा है। मैरिटल रेप अगर अपराध घोषित हो गया, तो यह कानून सभी धर्मों के विवाहित पुरुषों के ऊपर लागू होगा। इसे अपराध का दर्जा देने वाले लोगों के तीन बड़े तर्क हैं- पहला, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, 29 फीसदी महिलाएं पारिवारिक हिंसा और यौन-उत्पीड़न का शिकार होती हैं। वैवाहिक दुष्कर्म शारीरिक हिंसा के साथ मानसिक तौर पर भी पीड़ादायक होता है। दूसरा, नए बीएनएस कानून की धारा-63 में दिए गए कानूनी अपवाद से विवाहित महिलाओं को रेप के दायरे से बाहर रखना संविधान के अनुच्छेद-14 और 15 का उल्लंघन है। विवाहित महिलाओं को भी रेप के खिलाफ कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए। तीसरा, किसी भी पुरुष या पति को स्त्री के साथ जबर्दस्ती संबंध बनाने का अधिकार नहीं है। औपनिवेशिक आईपीसी कानून में विवाहित पुरुषों को दी गई सुरक्षा पितृ-सत्तात्मक है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में मैरिटल रेप को अपराध माना गया है। इसलिए भारत में सुप्रीम कोर्ट को प्रगतिशील नजरिये से फैसला देना चाहिए। इसका विरोध करने वालों के भी तीन बड़े तर्क हैं-पहला, शारीरिक हिंसा के लिए पतियों के खिलाफ कानून में प्रावधान हैं। घरेलू हिंसा के खिलाफ वर्ष 2005 में बनाए गए कानून में यौन-शोषण भी जुड़ा है। कानून के अनुसार, पीड़िता को क्रूरता के आधार पर तलाक के साथ गर्भपात का भी अधिकार है। दूसरा, निर्भया कांड के बाद जस्टिस जेएस वर्मा कमेटी ने इसे अपराध की श्रेणी में रखने की सिफारिश की थी, जिसे तत्कालीन यूपीए सरकार ने नहीं माना। तीसरा, मैरिटल रेप संबंधी कानून में बदलाव के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और यूएन की एजेंसियों का दबाव है। दहेज उत्पीड़न मामलों में आईपीसी की धारा-498-ए के दुरुपयोग के खिलाफ संसद और सुप्रीम कोर्ट में हो रही चर्चा के साथ मैरिटल रेप से जुड़े विषयों पर भी विमर्श होना चाहिए। सरकार ने संसद में बार-बार कहा है कि भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र संस्कार माना जाता है। मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने पर विवाह संस्था कमजोर होने के साथ कानून का दुरुपयोग बढ़ेगा, इसलिए यह अपवाद नहीं हटना चाहिए। इन्हीं तर्कों के आधार पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है।

**सहमति के बगैर जबरदस्ती बनाए गए संबंध, यानी मैरिटल रेप में क्या सिर्फ पत्नी के बयानों के आधार पर ही पति को सजा दी जा सकती है? यह सवाल कानून के संभावित दुरुपयोग का नहीं, बल्कि अपराधशास्त्र के बुनियादी उसूलों से जुड़ा है।**

# पोषण लाभ और प्रगति की निरंतरता बनाए रखने की ओर अग्रसर भारत

**डॉ रंजन शंकर**



### लेखक के बारे में

डॉ. राजन शंकर एक चिकित्सक और सेना मेडिकल कोर से चिकित्सा और एंडोक्रिनोलॉजी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सलाहकार हैं। उन्होंने इससे पहले टाटा ट्रस्ट में पोषण निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दी। टाटा ट्रस्ट में अपनी भूमिका से पहले, डॉ. शंकर ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन (जीएआईएन) में दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रतिनिधि थे, जहाँ उन्होंने भारत में कार्यक्रम विकास और अनुदान प्रबंधन में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत में यूनिसेफ के बाल विकास और पोषण अनुभाग में एक परियोजना अधिकारी के रूप में काम किया। डॉ. शंकर ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किए हैं।

समग्र कल्याण के लिए अच्छा पोषण बेहद जरुरी है और राष्ट्र के स्वास्थ्य और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण मिलने से, खासकर गर्भावस्था के दौरान, जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ होते हैं और उनकी जीवनभर बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आनंद लेने की संभावना ज्यादा होती है। बचपन में उचित पोषण प्राप्त होने का असर बच्चों की बेहतर आईक्यू, उत्पादकता में वृद्धि और वयस्क होने पर बेहतर धन संग्रह पर भी पड़ता है। गभार्धान के पहले 1,000 दिनों के दौरान पोषण को प्राथमिकता देना, किसी भी पीढ़ी में कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल कोपेनहेगन सहमति की एक रिपोर्ट के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पोषण में निवेश करना सबसे प्रभावी रणनीति है। 7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद जरुरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खासकर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दशार्ते हैं।

**पोषण में आत्मनिर्भर : आंगनवाड़ी और पोषण वाटिका**

महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसे कार्यक्रम, पोषण परिणामों में सुधार लाने और बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से संस्थागत समर्थन का एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं। सक्षम आंगनवाड़ी पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) बुनियादी पोषण सहायता के इतर भी व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में स्वस्थ भोजन, प्रसवपूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, स्तनपान की प्रक्रिया और पूरक आहार के महत्व पर मार्गदर्शन देना शामिल हैं। अपने नियमित स्वास्थ्य जांच अभ्यासों के जरिए, यह कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिहाज से बच्चों का मूल्यांकन करता है और उचित सहायता प्रदान करता है। आंगनवाड़ी केंद्रों को बचपन के समय में ही प्रारंभिक विकास को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं बाल पोषण प्रयासों में सहायता करके, देखभाल की निरंतरता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कुपोषण से निपटने के लिए नीति निर्माण में डेटा-संचालित समाधान सुनिश्चित करने में होने वाली प्रगति ही पोषण ट्रैकर की शुरूआत है। यह बेहद सक्रिय मंच, पोषण सेवाओं की योजना, निष्पादन और निगरानी में सहायता करता है ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान कर सकें और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके। इस योजना के तहत एक अन्य पहल पोषण वाटिका (पोषण उद्यान) की भी शुरूआत की गई है। आमतौर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में स्थापित इन किचन गार्डन का मकसद ताजा, स्थानीय रूप से उगाई गई सब्जियां और फल प्रदान करके बच्चों और महिलाओं के पोषण को बेहतर बनाना है। यह पहल न केवल सबसे जरुरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि आत्मनिर्भरता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त भी बनाती है। यह खाद्य योजनाओं को स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाने की अनुमति देता है, आहार विविधता और सतत भोजन लेने की विचारधारा का समर्थन करता है। जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य प्रणालियों की संवेदनशीलता के संदर्भ में भारत ने बाजरा को बढ़ावा दिया है, जो जलवायु के लिहाज से बेहतर और ज्यादा पौष्टिक हैं। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त, ये फसलें प्रोटीन,जरुरी फैटी एसिड, फाइबर, विटामिन बी और प्रमुख खनिजों से भरपूर हैं, जो खासकर महिलाओं और बच्चों में एनीमिया जैसी कमियों को दूर करने में मदद करती हैं। बाजरा पोषण अभियान का एक प्रमुख भाग है और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पूरक पोषण में शामिल है।

**कमजोर लोगों तक पहुंच बनाना: ज्यादा कुपोषण वाले वर्ग का सामुदायिक प्रबंधन**

पोषण एक बहुक्षेत्रीय मुद्दा है, जिसके लिए बहु-क्षेत्रीय समाधानों की जरुरत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से, कुपोषित बच्चों के प्रबंधन के लिए हाल ही में शुरू किया गया प्रोटोकॉल, बच्चों, खासकर गंभीर रुप से कुपोषण वाले बच्चों में कुपोषण की पहचान करने और उनका प्रबंधन करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। सामुदायिक सक्रियता, नियमित स्क्रीनिंग और निगरानी जैसी जरुरी कार्यनीतियों को रेखांकित करते हुए, ये दिशा-निर्देश न केवल एक समग्र दृष्टिकोण को दशार्ते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर कुपोषण के प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए, लागत के लिहाज से अनुकूल उपाय भी प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में जब गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) वाले बच्चों का चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए मूल्यांकन किया जाता है, तो ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) को लेकर अतिरिक्त जांच की जाती है। जटिलताओं या कम भूख लगने की समस्या से ग्रसित बच्चों को पोषणिक पुनर्वास केन्द्रों(एनआरसी) या कुपोषण उपचार केन्द्रों (एमटीसी) भेजा जाता है, जबकि चिकित्सीय जटिलताओं से रहित बच्चों का उपचार आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया जाता है। कई राज्यों में, सामुदायिक प्रणाली में गंभीर तीव्र कुपोषण के जटिल मामलों के प्रबंधन पर फोकस करने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस के दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आशा और एएनएम के बीच बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

**सुधार के अवसर :** कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन फिर भी चुनौतियां बरकरार हैं। मौजूदा कार्यक्रमों ने बच्चों में मध्यम और गंभीर तीव्र कुपोषण दर में सुधार और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाते हुए एक ठोस नींव रखी है। हांलाकि, विशेष रूप से गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं, खासकर ऐनीमिया जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित किशोरियों के लिए निरंतर कोशिशें होना जरुरी है। इस समूह के लिए समर्पित हस्तक्षेप और मंचों की आवश्यकता है।

## अलग बात

# मुइज्जू को आखिर आना पड़ा दिल्ली की शरण में



बिक्रम उपाध्याय

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दिल्ली में हैं और छह महीने के भीतर उनकी यह दूसरी भारत यात्रा है। जून में वह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे शपथग्रहण समारोह में आए थे। लेकिन ताजा यात्रा का उदेश्य दूसरा है। इस बार मुइज्जू बड़ी उम्मीद और याचना के साथ आए हैं। वह भारत से अपने देश के आर्थिक संकट से निबटने के लिए मदद मांगने आए हैं। यह वही मुइज्जू हैं जो राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए भारत के खिलाफ अभियान लेकर मैदान में उतरे थे। मालदीव की रक्षा के लिए वहाँ ठहरे भारतीय सैनिकों को अपने देश से निकाल बाहर करने की जिद ठान कर मुइज्जू ने संबंधों में गांठ डाल दी थी। चीन को खुश करने के लिए मुइज्जू और उनके कुछ मंत्री प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्द बोल रहे थे। अब वही मुइज्जू उम्मीद कर रहे हैं कि भारत उनको करोड़ों डॉलर के बेलआउट पैकेज दे दे, क्योंकि चीन अपनी आदत के अनुसार मुइज्जू को भी ठेंगा दिखा चुका है। चीन अपने कथित दोस्तों को भी भारी सूद पर पैसा देता है और स्थिति यह है कि मालदीव कर्ज की वर्तमान देनदारी को भी देने की स्थिति में नहीं है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि मालदीव डिफॉल्ट की कगार पर पहुँच गया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 440 मिलियन डॉलर (ख334 मिलियन) रह गया है। यानी आने वाले दिनों में मालदीव जरूरी आयात के भुगतान के लिए भी संघर्ष करेगा। मुइज्जू ने दिल्ली रवाना होने से पहले बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत, मालदीव की वित्तीय स्थिति से पूरी तरह वाकिफ है और उन्हें उम्मीद है कि उनके बोझ को कम करने के लिए नई दिल्ली बेहतर विकल्प और समाधान देने को तैयार होगा। नई दिल्ली के प्रति मुइज्जू का यह लहजा बताता है कि अपने चुनाव अभियान के दौरान जो रुख उन्होंने भारत के प्रति दिखाया था, उससे उनको अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। 'भारत को बाहर करो' की उनकी पुरानी नीति अब जरूरत पड़ते ही बदल गई है। इसीलिए अब वह अफसोस के साथ कह रहे हैं कि किसी भी मतभेद को खुले संवाद और आपसी समझ के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। मुइज्जू के भारत के प्रति बदले सुर के पीछे असली वजह है मालदीव का आर्थिक संकट। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग घटा दी है और डिफॉल्ट जोखिम बढ़ने की ओर इशारा भी किया है। अब मुइज्जू के सामने दो ही विकल्प हैं- या तो वह डिफॉल्ट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम में जाए या फिर किसी दोस्त मुल्क से बेल आउट पैकेज के लिए निवेदन करें। मूडीज के अनुसार मालदीव को 2025 में लगभग $600 मिलियन और 2026 में $1 बिलियन से अधिक की रकम ऋण के पुनर्भुगतान और ब्याज सेवा के लिए चाहिए। मुइज्जू सरकार के लिए इस संकट से उबरने के लिए धन जुटाना आसान नहीं है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर



डॉ. रमेश ठाकुर

प्राकृतिक आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए। आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुईं। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है। बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**यदि आपकी कोई विशेष बुरी आदत या कार्मिक प्रवृत्ति है, तो उनकी संगति में न रहें, जिनमें इस प्रकार की बुरी आदतें हैं। यदि आपकी लालची होने की प्रवृत्ति है, तो उनकी संगत से बचें जो लालची हैं। यदि आप शराब पीने की इच्छा रखते हैं, तो उनसे दूर रहें जो शराब पीते हैं।**

# अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

परन्तु महान मन 'नहीं' से भरे होते हैं। जब आपने यह दृढ़ निश्चय कर लिया है कि मैं धूम्रपान नहीं करूँगा, या मूर्खतापूर्ण नहीं खाऊँगा, झूठ नहीं बोलूँगा, अथवा किसी को धोखा नहीं दूँगा, तो इन अच्छी इच्छाओं में दृढ़ रहें, कमजोर न पड़ें। गलत परिवेश आपकी इच्छाशक्ति को दुर्बल बना देता है और गलत इच्छाओं को आमन्त्रित करता है। चोरों के साथ रहने पर आप सोचने लगेंगे कि केवल यही जीवन है। परन्तु दिव्य विभूतियों के साथ रहने से और ईश सम्पर्क हो जाने के पश्चात कोई भी अन्य इच्छाएँ आपको प्रलोभित नहीं कर सकतीं। यदि आपकी कोई विशेष बुरी आदत या कार्मिक प्रवृत्ति है, तो उनकी संगति में न रहे जिनमें इस प्रकार की बुरी आदतें हैं। यदि आपकी लालची होने की प्रवृत्ति है तो उनकी संगत से बचें जो लालची हैं। यदि आप शराब पीने की इच्छा रखते हैं, तो उनसे दूर रहें जो शराब पीते हैं। जो लोग आपकी बुरी आदतों को समर्थन देते हैं वे आपके मित्र नहीं हैं। वे आपको अपनी आत्मा के आनन्द को दूर फेंकने का कारण बनेंगे। बुरे कर्म करने वालों की संगति से बचें और उनकी संगति करें जो अच्छे हैं। आपके जीवन में सबसे अधिक प्रभाव, जो कि आपकी इच्छाशक्ति से भी अधिक शक्तिशाली है, वह है आपका परिवेश। यदि आवश्यकता हो तो उसे बदल दें। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Naresh Agarwala**
15h ·

*टूटी सड़क के बीच जमे हुए पानी में मकान का रिफ्लेक्शन* मेरे द्वारा खींची गई तस्वीर।



51 · 15 comments 3 shares
Like · Comment · Send · Share

## X से

**Surya Pratap Singh IAS Rtd.** @s... · 8h
देखो-देखो, कौन आया?

'BOYCOTT INDIA' से बेहाल हुए टूरिज्म के बाद माफ़ी माँगने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भारत आ गये।

वह भी भारतीय वायु सेना का विमान उधार माँग कर। 4 महीने में दूसरी यात्रा है।

तेवर ढीले हो गये, समझ आ गई भारत की अहमियत।

मुहम्मद यूनुस का भी यही हाल होगा, Show more




52 · 75 · 376 · 24K

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**पूर्वाग्रह की देहरी, लोग न करते पार।**
**यही वजह थी, युद्ध में, गया दशानन हार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना



योगेश कुमार गोयल

**भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस पर विशेष**



भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, त्तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा। एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 40 हजार मूल्य के लहसुन चोरी मामले में पुलिस की छापेमारी जारी, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बीते 4 अक्तूबर को गया रोड स्थित पंकज केसरी के लहसुन गोदाम से 40000 रुपए मूल्य के 4 बोरी लहसुन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने बरही थाना को लिखित आवेदन देकर उचित छान बीन की मांग की है। भुक्तभोगी श्री केसरी ने दो स्थानीय लोगो की मदद से चोरी के लहसुन को तिलैया डैम और गुड़ियों विजैया चौक पर बेचने की भी जानकारी दिया है। पूरे मामले में दो लोग पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए दो व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछ ताछ प्रारंभ कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुक्तभोगी के सूचना और पूछ ताछ के आधार पर माल बारामदी हेतु छापेमारी जारी है। देर संध्या तक तिलैया डैम से कुछ मात्रा में लहसुन प्राप्ति की भी सूचना मिली है। साथ ही छापेमारी की प्रक्रिया जारी थी। जिसमे पुलिस को काफी हद तक सफलता भी मिली है। मामले के संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि छान बीन जारी है, शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर अपराधियो को जेल भेजा जायेगा।

# धार्मिक कार्यक्रमों से सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश मिलता है : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर शामिल हुए। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना का संचार होता है। उन्होंने ग्रामीणों के धार्मिक और सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। श्री मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और सद्भावना बनाए रखने का संदेश देते हैं। सुधीर मंगलेश ने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहिए। मौके पर उप मुखिया उमाशंकर महतो, बिक्की महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव छोटेलाल महतो, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, प्रतिमा कुमारी, देवकीनंदन महतो, अमित जयसवाल, रामरंजन करमाली सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# गांडेय प्रखंड में धोती-साड़ी वितरण का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय, गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत भवन में सोमवार को धोती साड़ी वितरण समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी, प्रमुख राजकुमार पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष ध्रुवदेव पण्डित, बीडीओ निसात अंजुम, मुखिया निर्मला कुमारी, झामुमो जिला सचिव महालाल सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. मौके पर अतिथियों ने कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया. प्रमुख राजकुमार पाठक ने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुवे कहा कि झारखंड सरकार के सोना सोभारण धोती साड़ी योजना के तहत दुर्गा पूजा त्योहार को देखते हुए कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी दिया जा रहा है जो सराहनीय कदम है। वहीं दासदीह पंचायत के मुखिया ने सभी डीलारों को लाभुको के बीच शांतिपूर्ण तरीके से धोती साड़ी वितरण करने का अपील किया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो.अकबर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांद मल मरांडी, जितेंद्र मंडल, नुमाई दास, डीलर ईश्वर राम, गौतम पाठक समेत कई मौजूद थे.

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वेबिनार का आयोजन

# वेबिनार व सेमिनार से विद्यार्थियों को नई जानकारियां मिलती हैं : कुलसचिव

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विज्ञान विभाग की ओर से पल्स पावर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक डिविजन (विद्युत चुंबकीय स्पंद) विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, संरक्षक कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद थे। इस वेबिनार से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को जोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व बार्क के वैज्ञानिक आकाश कुमार ने वेबिनार से जुड़े सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षित करने के लिए नाभकीय विखंडन और नाभकीय संलयन की प्रक्रिया के साथ साथ ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदलने की प्रक्रिया से वाकिफ कराया। साथ ही उन्होंने विद्युत के साथ साथ ऊर्जा बचाने के तरीके भी बताए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित कक्षाओं के साथ साथ वेबिनार व सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को नई और अहम जानकारियां प्रदान करना उद्देश्य होता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय में नियमित समयांतराल में विभिन्न विषयों पर वेबिनार व सेमिनार का आयोजन कराया जाता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों का समावेशी विकास विश्वविद्यालय के प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल-कूद व विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान विभाग की एचओडी सबिता कुमारी ने किया। वेबिनार को सफल बनाने में मुकेश कुमार, सबिता कुमारी, नेहा सिन्हा, राहुल राजवार, विशाखा बाला सहित अन्य के नाम शामिल है।

## उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू। (आपदा प्रबंधन प्रभाग)

### अपील

**दुर्गा पूजा के दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पन्डाल बनाये जाते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान आग दुर्घटना एवं भगदड़ जैसे हादसों से बचने के लिये दुर्गा पूजा समिति निम्नलिखित सुरक्षा निर्देशों का पालन अवश्य करें .....**

- पन्डाल की दूरी किसी मकान या संरचना से कम से कम 15 से 20 मीटर रखें।
- पन्डाल की दूरी किसी गैस गोदाम, बिजली के उपकेन्द्र, ट्रान्सफर्मर, रेलवे लाईन, हाई टेंशन लाईन से कम से कम 20 से 25 मीटर रखें।
- पन्डाल को बनाने में नायलॉन की रस्सी एवं सिन्थेटिक कपड़ों का प्रयोग न करें।
- पन्डाल में प्रवेश एवं निकास के अलग–अलग रास्ते रखें। प्रवेश एवं निकास गेट पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा कर्मचारियों की व्यवस्था करें।
- मुख्य प्रवेश गेट एवं निकास के गेट कम से कम 5 मीटर चौड़ा होना चाहिये।
- प्रवेश कतार लगाकर करायें तथा पुरुषों एवं महिलाओं के लिये अलग–अलग कतार की व्यवस्था करें।
- निकास के रास्ते को जगह–जगह पर तीर के निशान के संकेत से प्रदर्शित करें, जिससे आम जनता को किसी इमरजेंसी के समय सुरक्षित निकास में मदद मिल सके।
- भगदड़ से बचाव के लिये भीड़ प्रबंधन की योजना पहले से बना कर रखें एवं उसे व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के साथ साझा करें।
- पन्डाल में बिजली की वायरिंग किसी योग्य एवं प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से करायें एवं हमेशा आई0एस0आई0 मार्क कॉपर के केबल का ही प्रयोग करें। नंगे तारों पर अच्छी प्रकार से टेप लगा कर रखें एवं उसे पहुंच से दूर रखें।
- कुर्सी पर बैठने के लिये बनाये गये दो पंक्तियों के बीच कम से कम 2.5 फीट का अन्तर रखें और सीट के दोनों ओर कम से कम 2.5 मीटर का स्थान खाली रखें।
- पन्डाल में ज्वलनशील पदार्थो को एकत्र करके न रखें।
- किचन पन्डाल से कम से कम 20 मीटर दूर रखें।
- पन्डाल के आसपास एवं आग संभावित क्षेत्र के आसपास पर्याप्त मात्रा में फायर एक्सटिंग्यूसर, पानी एवं बालू की व्यवस्था रखें।
- दुर्गा पूजा समिति पूजा शुरु होने से पूर्व अपने निकटतम फायर स्टेशन से आग से बचाव का अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त करें।
- पन्डाल में प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखें।
- कार्यक्रम के दौरान एम्बुलेंस एवं अग्नि शमन सेवा को तैयार रखें।
- किसी भी आपातकाल से बचने के लिये वैकल्पिक मार्ग पहले से चिन्हित कर रखें।
- कार्यक्रम के दौरान लाउडस्पीकर द्वारा लोगों को सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी एवं चेतावनी देते रहें।
- पूजा के दौरान सुरक्षा के लिये पन्डालों में सी0सी0टीवी कैमरा जरुर लगा कर रखें।

**किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 101 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 338178 (Palamu) 24-25 (D)

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
### जिला- लातेहार

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 12/2024–25**

### आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक आवेदक को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 16.10.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 04 | दुकान सं0 13 का साईज– 6'X 7' सदर अस्पताल गेट के पास | 72324.00 | 1000.00 | 15.10.2024 |

**नियम एवं शर्त्त–**

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में **1000.00 (एक हजार) रू0 नगद** जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 15.10.2024 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के समक्ष किया जायेगा।
4. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का **बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो** 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्व कानुनी कारवाई की जायेगी।
6. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
7. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
8. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
9. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
10. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
11. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 338232 Urban Development (24-25)_D

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
### जिला- लातेहार

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24(5th Call)**

### आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 16.10.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |

**नियम एवं शर्त्त–**

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में **500.00 (पांच सौ) रू0 नगद** जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 15.10.2024 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
5. उपरोक्त दुकानों का आवंटन स्थानीय मत्स्य ब्रिकेताओं को किया जायेगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का **बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो** 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्व कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 338234 Urban Development(24-25)#D

## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 28/2024-25 (2nd call)**

1.कार्य का नामः–

| ग्रुप | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम भुसूर टोला केन्दवाही तीन मुहान से जालिम बाजार टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 62,15,600 | 1,24,500 | 10,000 | 04 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–14.10.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.10.2024 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

**PR 338229 (Rural Development)24-25*D**

## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 34 वर्ष 2024–25

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 15.10-2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 16.10.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 16.10.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत चपरी ग्राम ऑगनबाडी केन्द्र भवन में मरम्मति। | 316200 | 6500 | 750 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत अक्सी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोयरा का चाहरदिवारी निर्माण। | 1582100 | 32000 | 5000 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत परसही ग्राम परसही में गुंजा लोहरा के घर से राजेन्द्र उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3786300 | 76000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिझिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग लेंगे।
12. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

**PR.NO.338221 Rural Development(24-25):D**

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 14/वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 18.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 19.10.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 19.10.2024 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of rcc drain and pcc road from ashok giri house to kapil singh housein ward no 2 Under Medininagar Municipal Corporation | 911890 | 18500 | 5000 | तीन माह |
| 2 | Laying of paver block from aitwariya bhuiya house via manik ram to rakesh singh house and vinod ram house to rajendra mehta house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation | 457130 | 9500 | 1000 | तीन माह |
| 3 | Construction of pcc road from arun sharma house to mukesh kumar house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation | 619290 | 12500 | 5000 | तीन माह |
| 4 | Laying of paver block from chunmun kumar house to sangeeta devi house in ward no 3 Under Medininagar Municipal Corporation | 567866 | 11500 | 5000 | तीन माह |
| 5 | Laying of paver block from siri singh house to amresh paswan house and RCC culvert in ward no 4 Under Medininagar Municipal Corporation | 661270 | 13500 | 5000 | तीन माह |
| 6 | Installation of deep boring on premises of shelter home in ward no 5 Under Medininagar Municipal Corporation | 492600 | 10000 | 1000 | तीन माह |
| 7 | Construction of drain Slab from Rajendra Ram house to Rabindra Pandey, Repair of PCC Road & Drain slab from Sunil kr Chaubey house to Anil kr Shukla house & RCC Drain from Prabhu Saloon to Santosh kr Gupta general store in ward no. 07 Under Medininagar Municipal Corporation | 333890 | 7000 | 1000 | तीन माह |
| 8 | Construction of (i) PCC Road from Pradeep Paswan house to chhotu kumar house and from Ramesh kumar house to Vijay Baitha house at Baitha Niwas (ii) Repair of PCC drain frm Pradeep Paswan house to chhotu kumar house (2) pcc Road at jiwan jyoti lane near bypass road in ward no. 08 Under Medininagar Municipal Corporation | 748959 | 15000 | 5000 | तीन माह |
| 9 | Construction of RCC drain from Shyam nandan Gupta's house to Soni Dubey's house at Gaytri Mandir in ward no. 10 & construction of R.C.C. Culvert near surendra singh house in ward no. 11 under medininagar municiple corporation | 924710 | 18500 | 5000 | तीन माह |
| 10 | Construction of RCC Drain near suryamandir at Hamidganj in war no. 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 999000 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 11 | Laying of pcc road from parshuram mehta house to late arun yadav house (ii) laying of hume pipe from parshuram mehta house to arun yadav house in ward no 14 under medininagar municiple corporation | 392800 | 8000 | 1000 | तीन माह |
| 12 | Construction of R.C.C Drain and paver block road sonu singh house to avinash verma house in ward no. 16 Under Medininagar Municipal Corporation. | 999780 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 13 | Construction of RCC drain fro Dudheshwar Tiwari's house to Canal at ward no-17 & Construction of PCC road from Satendra Dubey's house to Prabhat Tiwari's house at ward no -17 Under Medininagar Municipal Corporation | 589060 | 12000 | 5000 | तीन माह |
| 14 | Laying of Paver block from Laddu Singh's house to Surendra Singh's house in ward no. 17 Under Medininagar Municipal Corporation | 833260 | 17000 | 5000 | तीन माह |
| 15 | Construction of R.C.C culvert from Suresh Prasad's house to Culvert and Drain from culvert to KTM Showroom in ward no. 18 & Construction of RCC drain from Shankar kumar's house to Barla Billa's house in ward no. 24 & Construction of RCC Drain near Ramswarat Paney's House in ward no. 18 under medininagar municiple corporation . | 815460 | 16500 | 5000 | तीन माह |
| 16 | Construction of PCC road from Vishnu Enterprizes via Arun Paswan's house to Dilip Gupta's house in ward no. 19 Under Medininagar Municipal Corporation | 844451 | 17000 | 5000 | तीन माह |
| 17 | Constrution of RCC drain near Taxi stand at ward no -24 Under Medininagar Municipal Corporation | 989590 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 18 | Construction of pcc road from dhanu khan house to naem mistry house ,dhannu khan house to sarfu khan house , sarfu khan house to fazlu khan mansuri house in ward no. 31 & Construction of paver block and Drain near Anoj kumar house in ward no. 35 Under M edininagar Municipal Corporation | 782900 | 16000 | 5000 | तीन माह |
| 19 | Construction of rcc drain from opoosite sahodaya school to Sunil jaiswal house in ward no. 33 & construction of P.C.C. road from ajay singh house to Digvijay singh house in shanti nagar in ward no. 33 Under Medininagar Municipal Corporation | 912880 | 20000 | 5000 | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

**PR 338180 (District)24-25*D**

## एक नजर

### लकड़बग्घा के हमले से बच्ची घायल

**बालूमाथ।** लकड़बग्घे के हमले से 5 वर्षीय बच्ची रानी कुमारी पिता विपिन ठाकुर ग्राम सिबाला घायल हो गई है। घटना बालूमाथ वन क्षेत्र के सिबला ग्राम का है। जहां रानी अपने घर में खेल रही थी कि इसी दौरान लकड़बग्घा ने हमला कर दिया। जिससे रानी घायल हो गई। किसी तरह घरवालों ने लकड़बग्घा से बचाया और बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार की जा रही है। डॉक्टरी इलाज के बाद बच्ची की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### पोते ने दादी के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मंझगांवा में एक कलयुगी पोता ने अपनी 75 वर्षीय दादी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। लिखित आवेदन में पीड़िता ने बताया कि अपने बेटा नरेश यादव के साथ खेत में चना व सरसो बुवाई कर रही थी। इस बीच पोता अरुण यादव पिता मोहन यादव खेत में फसल लगाने से मना करने लगे और गाली गौलौज के साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित के लिखित आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जिप उपाध्यक्ष ने की स्कूल को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त लातेहार को पत्र लिखकर धाधू मॉडल विद्यालय से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि बालूमाथ प्रखंड के धाधू पंचायत में मॉडल विद्यालय संचालित है। जहां प्लस टू तक की पढ़ाई कराई जाती है। विद्यार्थियों के लिए अच्छे कमरे और समुचित प्रयोगशाला की व्यवस्था अन्य विद्यालयों की तुलना में अच्छी है।

### वज्रपात से आठ मवेशियों की मौत

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय से सटे डूबा गढ़ा के पास हल्की सोमवार की शाम पांच बजे बारिश के दौरान हुई बज्रपात में 8 मवेशियों की मौत हो गई। चार मवेशी प्रेम यादव, एक मवेशी शंभू यादव, एक मवेशी ननदेव यादव, दो मवेशी विनोद यादव की बताई जाती है। सभी हेरहंज प्रखंड मुख्यालय के निवासी हैं। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त पशुपालक अपने मवेशियों को चारा चराने के लिए डूबा गढ़ा की ओर ले गए थे। इस दौरान यह घटना घटी है। बज्रपात की घटना से उपरोक्त मवेशी पालकों को करीब चार लाख रुपए का आर्थिक नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन व विभागीय प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# अवैध खनन, परिवहन के खिलाफ सख्त एक्शन लें : उपायुक्त

**खनन विभाग ने 58 वाहनों को जब्त किया, 7 पर प्राथमिकी, 10 लाख फाईन की वसूली**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, संचालित खनन पट्टों, प्रखंडवार क्रशरों की सूची की गहन समीक्षा कर निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 28 अगस्त 24 से 6 सितंबर तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 58 वाहनों को जब्त कर 7 प्राथमिकी दर्ज गई है। 10 लाख 29 हजार 93 रुपया जुमार्ना राशि की वसूली की गई। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन नहीं होने देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिए। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तेतरियाखड़, सिकनी परियोजना से सीटीओ/खन्ना प्लान/ईसी प्रतिवेदन अप्राप्त है। उपायुक्त ने तेतरियाखड़, सिकनी परियोजना को सात दिनों के अंदर बिन्दुवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने व संलग्न व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, कोल कंपनियों के प्रतिनिधि व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### दो मोटरसाइकिल सहित 120 लीटर डीजल के साथ चोर गिरफ्तार

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के अमरावाडीह पीकेट पुलिस ने डीजल चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिनों से ट्रक हाईवा मालिकों द्वारा डीजल चोरी होने का शिकायत की रही थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा ने गश्ती के दौरान दो मोटरसाइकिल से सैकड़ों लीटर चोरी के डीजल ले जा रहे बसंत उरांव पिता कार्तिक उरांव थाना टंडवा जिला चतरा को बाइक सहित गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान चोर ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। चोर को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत लातेहार जेल भेज दिया गया है। बता दें कि डीजल चोर के गिरफ्तार होने से अन्य डीजल चोरों में हड़कंप व्याप्त है। वहीं वाहन मालिक को राहत मिली है। इस छापेमारी अभियान में अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा के अलावा मोहम्मद मुख्तार व पिकेट के कई जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने निकाली शोभायात्रा

**चंदवा।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित आठ दिवसीय बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन बाबा नाम केवलम कीर्तन उद्गम स्थल, कीर्तन नगर,अमझरिया में आयोजित किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के सातवें दिन इंदिरा गांधी चौक से टोरी रेलवे स्टेशन तक बाबा नाम केवलम कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। आनंद मार्ग सेवा धर्म मिशन के विश्व स्तरीय सचिव आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने आध्यात्मिक उद्बोधन में कहा कि प्रभु के दो पक्ष है। एक है निर्गुण और दूसरा है सगुण । भक्तों ने भगवान का नामकरण किया। उसके बाद भगवान नामी कहलाये। भक्त कहता है कि तुम महान हो। भगवान भक्त को महान कहते हैं। भक्त और भगवान के बीच यह लड़ाई चली आ रही है। जब भक्त भगवान के महिमा का गुणगान करते हैं तो इसे कीर्तन कहते हैं। वह गाता है,नाचता है,रोता है, कीर्तन करने के दौरान भक्त का हृदय भक्ति भाव से भर जाता है।

### जाति प्रमाण पत्र को लेकर लोहरा समाज की बैठक

**चंदवा।** कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म परिसर में सोमवार को आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड कमेटी की बैठक उषा उद की अध्यक्षता में हुई। संचालन राकेश लोहरा ने किया। बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनने में हो रही परेशानी को लेकर गम्भीरता से चर्चा की गई। कहा कि खतियान में त्रुटि के कारण आदिवासी लोहरा समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वरीय अधिकारियों का निर्देश प्राप्त है कि ग्राम सभा के माध्यम से प्रमाण पत्र बनेगा, लेकिन दुःखद बाद है कि सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिसके कारण समाज के युवा पढ़ाई व नौकरी में पिछड़ते जा रहे हैं। अगर प्रशासन इस समस्या का समाधान जल्द नही निकालेगी तो गोलबंद होकर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश नाथ लोहरा,महासचिव वीरेंद्रनाथ लोहरा,मछिन्दर लोहरा,वीरेंद्र लोहरा,सुलेन्द्र लोहरा,नरेश लोहरा,बबिता देवी,गुल्फी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### पंचायत सचिवालय का खिड़की तोड़कर लाखों की सामग्री चोरी

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मझगांवा पंचायत सचिवालय में रविवार रात चोरों ने खिड़की का रड काटकर लाखों रुपये का सामना चोरी कर लिया। पंचायत सचिवालय से एक लेफ्टॉप, दो इनर्वटर, तीन बड़ा बैट्री, एक एलइडी टीवी, एक प्रिंटर व कई अभिलेखों को नुकसान पहुंचाने के अलावा पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र से दो लेफ्टॉप, एक इनर्वटर और बड़ा बैट्री के साथ प्रिंटर, 10 हजार नकद रुपये चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी स्थानीय थाना को देने के बाद अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल किया। चोरों का एक जोड़ा चप्पल, एक चाकू बरामद किया गया। पंचायत सचिव शशि कुमार रवि के लिखित आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। इससे पहले भी चोरों द्वारा सकल देव सिंह के घर पास चापाकल में लगा मोटर की चोरी, रविंद्र सिंह, रंजित सिंह के घर में ताला तोड़कर लाखों रुपये का चोरी कर लिया गया। अभी तक चोरों की पहचान नहीं हो पाया। इसके फलस्वरूप चोरों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### डांडिया गरबा नृत्य देखने के लिए उमड़ी भीड़



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव में डांडिया गरबा की धूम ने चार चांद लगा दिया है। डांडिया गरबा नृत्य का विधिवत उद्घघाटन पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य ने पूजा अर्चना कर किया। प्रखंड केलगभग सभी पूजा स्थलों पर डांडिया गरबा नृत्य की धूम मची है। शाम ढ़लते ही पूजा स्थलों पर बच्चे बच्चियों द्वारा मनमोहक डांडिया प्रस्तुत किया जा रहा है। डांडिया, खोरठा,हिंदी,गुजराती, मराठी एवं भक्ति गानों पर प्रस्तुत किया जा रहा है। डांडिया गरबा देखने को लेकर लोगों भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि वर्ष 2009-10 में गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय से डांडिया गरबा की शुरूआत हुई थी। अब धीरे-धीरे पूरे जिले में फैल गया। बगैर डांडिया गरबा का पूजा अधूरा सा लगने लगा है। गिद्धौर पेक्सा, पहरा, केंदुआ, सिंदुआरी व प्रखंड मुख्यालय में डांडिया गरबा किया जा रहा है। गिद्धौर गांव में सबसे बेहतर डांडिया गरबा की प्रस्तुति हो रही है। नवरात्र के पांचवें दिन मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना किया गया। भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा की गई। प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों व देवी मंडपों में सुबह शाम की जा रही महाआरती से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है।

# दुर्गा पूजा का भव्य पंडाल बना आकर्षण का केंद्र, संध्या आरती में भक्त ले रहे भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** नारी शक्ति रुपी मां दुर्गा के पूजा को लेकर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्ति का बयार बह रहा है। प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में भव्य दुर्गा पूजा का पंडाल आकर्षण का केंद्र बना है। जिसको देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंच रहे हैं और संध्या आरती में भी काफी भक्तों की भीड़ लग रही है। समिति के अध्यक्ष अखलेश यादव ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से लगभग 9 लाख की लागत से बंगाल के प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा पांडाल तैयार की गई है, जो राजस्थान के प्रसिद्ध मंदिर का थीम दिया गया है। साथ ही पूजा समिति के सचिव कृष्णा साव, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि प्रति दिन कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। रविवार की रात्रि बड़कागांव से आए कीर्तन मंडली के गायिका गौरा रानी एवं उनके टीम द्वारा भजन कीर्तन किया गया, जिसे देखने के लिए आरा, चमातू कुंडी, देवलगड्डा से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। साथी ही महानवमी के रात्रि भक्ति जागरण एवं दशमी के दिन मेला में नृत्य संगीत का आयोजन किया जाएगा। नवरात्र का पाठ आचार्य बनारस बाबा एवं उनके सहयोगियों द्वारा कराया जा रहा है। पूजा के मुख्य पुजारी गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव हैं। मां दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण से संपन्न करने के लिए समिति के सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्यभार सौपा गया है। साथ ही समिति के द्वारा भंडारण का भी आयोजन किया गया। समिति के संरक्षक पदुम यादव, शंभू साव, जितेंद्र प्रसाद ,मंगल गंझू, सुबोध कुमार, लखन साव ने बताया कि सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन का भी पालन किया जा रहा है।

# विजया दशमी पर हिंदू महासभा करेगा रावण दहन



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** हिंदू महासभा महुआडांड़ के तत्वावधान में विजया दशमी उत्सव के मौके पर हर की तरह इस साल भी बस स्टैंड परिसर में रावण दहन किया जायेगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। बता दे कि महुआडांड़ में पहली बार किसी पारंपरिक कारीगर द्वारा रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है। पुतलों के निर्माण मोहम्मद पप्पू कर रहे हैं। यह इनका पुश्तैनी काम है। वह के बिहार गया जिला के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह दशहरा पर्व में कई साल से झारखंड के विभिन्न जगहों पर विजया दशमी पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतले बनाते आ रहे है। उनका परिवार पीछले तीन पीढ़ी से इस रोजगार से जुड़ा है। झारखंड ही नही अन्य राज्य में भी जाकर परिवार के अन्य सदस्य पुतले का निर्माण करते हैं। कही कोई दिक्कत नहीं हुई है और न उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि वे किसी अन्य धर्म के हैं। उन्होंने कहा कि हमारी रोजी-रोटी हिंदू रीति-रिवाजों और त्योहारों के कारण चलती है और चलती रहेगी। कारीगरी में विरासत मिली है, जिसका प्रयोग कर हम लोग परिवार का पेट पालते हैं।

नवयुवक संघ दुर्गा पूजा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

# आठ दशकों से हो रही है मां दुर्गा की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा में नव युवकसंघ दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष भी अपनी अनोखी सजावट और आधुनिक कलाकृति से पंडाल को आकर्षण का केंद्र बना दिया है। ज्ञात हो कि कुन्दा में आठ दशकों से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना होते आ रही है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को बनाए रखते हुए वृंदावन से आई कथा वाचिका देवी निहारिका जी द्वारा कथा का आयोजन किया गया है। जिससे लोगों को जीवन के मूल संदेश प्राप्त हो सकें। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग दुर्गा पूजा पंडाल को देखने आते हैं और इसकी भव्यता की प्रशंसा करते हैं। यह पूजा स्थल धार्मिक महत्व का केंद्र होने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जा रहा है।

# हेमंत के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के लिए हो रहा काम : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के बिजली विभाग के ऑफिस में बिजली बिल माफ कार्यक्रम में विधायक रामचन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिस उपभोक्ताओं का 200 यूनिट मासिक या 2400 यूनिट वार्षिक खपत है, उनका बिजली बिल माफ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार गरीब, माध्यम वर्ग, आदिवासी, अल्पसंख्यक समुदाय, दलित और पिछड़े वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एक समय में यह सबसे ज्यादा जटिल समस्या हो गई थी। हेमंत सरकार ने उपभोक्ताओं को इस समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार यह सबसे पहले निर्णय लिया कि गांव के लोग हैं उनका भला कैसे हो। इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से कहना है कि सभी लोगों का बिजली बिल माफ कराने में सहयोग करें। बिजली विभाग के एसडीओ को सुदुरवर्ती क्षेत्र ओरसापाठ की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वहां की स्थिति बहुत खराब है, जिसमें आप खुद जाकर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निपटारा करेंगे। विधायक ने लगभग 60 लोगों को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र दिया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ प्रमुख कंचन कुजुर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर सह युवा नेता अजित पाल कुजूर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता कोमल किंडो, किशोर तिर्की,नसीम अंसारी,महुआडांड़ युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल, युवा कांग्रेस प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुबोध खलखो, महुआडांड़ के सभी पंचायतों की मुखियागण, युवा कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव राजा गुप्ता, राहुल गुप्ता, कन्हैयालाल, साहिल खान, कांग्रेस मिडिया प्रभारी राजेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखण्ड सचिव आयुष जायसवाल, विकास गुप्ता, शक्ति सिंह, राजन गुप्ता, अंकित कुमार, राजा रवि राम, रोहित सोनी,राजा खान, नदीम खान व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सड़क दुर्घटना को कम करने व ट्रैफिक कंट्रोल संबंधी नियमों पर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी से पिछले महीनों में हुए सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी ली गई। जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इस संदर्भ में निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी को इस दिशा में सजग होकर कार्य करने की जरूरत है। समीक्षा के क्रम में अधिक खराब हो चुकी सड़कें जहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है उस पर उपायुक्त ने आमझरिया घाटी से लातेहार तक की सड़क की स्थिति अत्यंत खराब पाया। उपायुक्त ने सड़क अप्रोचमेंट सही करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जानकारी लेते हुए सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिएआवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिए सड़क की मरम्मती कराने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साइनेज, जगह-जगह पर स्पीड लिमिट बोर्ड, कर्व बोर्ड, डेंजर जोन, यू टर्न आदि का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने परिवहन विभाग, विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया। जांच में हेलमेट नहीं पहनने, गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पहुंचने वाले नेक नागरिकों की पहचान कर गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र वितरण करने का निर्देश दिया। सभी एंबुलेंस का ऑडिट करवा कर एनएचएम के मापदंड के अनुसार रिपोर्ट बनाकर एक हफ्ते के अंदर उपयुक्त कार्यालय को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के अंदर) हॉस्पिटल लेकर जाने पर प्रोत्साहन राशि के रुप 5000 रुपए दिया जाता है। इस पॉलिसी का व्यापक प्रचार प्रसार करें, ताकि लोग सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आयें। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

**गारू में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह**

# धरती की शोभा वन व प्राणियों से है : उप निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू/लातेहार।** धरती की शोभा उसके वन एवं वन्य प्राणियों से होती है। वन्य जीवों के बिना धरती पर विरानी छा जाएगी। मनुष्य समेत अन्य सभी जीव-जन्तु जीवन के लिए आवश्यक तत्वों ऑक्सीजन और पानी के बिना जीवित नहीं रह पाएंगे। यह विचार पलामू व्याघ्र परियोजना वफर क्षेत्र के उप निदेशक कुमार आशीष ने गारू प्रखंड मुख्यालय के खेल मैदान में आयोजित वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह के दौरान व्यक्त की। उप निदेशक कुमार आशीष ने कहा कि इस क्षेत्र को प्रकृति ने वन एवं पर्यावरण से परिपूर्ण बनाकर अत्यंत आकर्षक बनाया है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं वन कर्मियों से अपील की कि वह वन एवं वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करें। समारोह में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वन कर्मियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों का भी सहयोग वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल और जंगल के बिना जीवन अधूरा है, इसलिए हमें इन्हें संजोकर रखना चाहिए। इस अवसर पर सीओ दिनेश मिश्रा ने सामूहिक सहयोग पर बल देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर प्रकृति की इस धरोहर को सुरक्षित रखना होगा। कार्यक्रम को भाजपा एसटी मोर्चा के मंगल उरांव, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, और मनोज यादव ने भी संबोधित किया। समारोह में रेंजर उमेश कुमार दुबे, वनपाल रंजय कुमार, परमजीत तिवारी, वनकर्मी रूपेश कुमार, अमृत कुमार, साकेत कुमार पाण्ड्य , बिपिन कुमार, हरिकीशोर दुबे, कौशल कुमार, रोहित कुमार, तारा कुमारी, ओमप्रकाश राम, रविकांत रवि समेत महुआडांड़, गारू, बारेसाढ़, छिपादोर के वनकर्मी, टेकर गार्ड, एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### वन विभाग ने कई कार्याक्रमों का किया आयोजन

वन प्राणी सप्ताह दिवस कार्यक्रम समारोह के दौरान पलामू बाघ परियोजना के तत्वावधान में फुटबॉल मैच प्रतियोगिता समेत कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट गारू बनाम गुटवा की ग्रामीण टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम समय तक मैच को ड्रा बनाए रहीं, लेकिन अतिरिक्त समय में गारू की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। मैच के रेफरी प्रभु उरांव थे। दूसरी ओर, हुरहुरकर्चा और कोटाम महिला टीमों के बीच खेले गए दूसरे मैच में कोटाम की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। मैच का शुभारंभ स्थानीय विधायक और डीएफओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल कीक मारकर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, घड़ा फोड़ जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को उप निदेशक कुमार आशीष, उमेश कुमार दुबे और समाजिक कार्यकर्ता हरिकिशोर दुबे,फुटबॉल मैच की विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी और जर्सी प्रदान की गई।

### वन्य प्राणी सप्ताह के तहत स्कूली-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

**टंडवा (चतरा)।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देश पर 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक पूरे वन प्रक्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देशन में कन्या मध्य विद्यालय के छात्राओं ने वन्य जीवों के संरक्षण व संवर्धन पर आधारित पेंटिंग व लेखन प्रतियोगिता में भाग लिए। वन प्रक्षेत्र कार्यालय से प्रकृति की रक्षा, हमारी जिम्मेदारी जैसे जागरूकता नारा लगाते हुए सभी विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी पूरे शहर का नगर भ्रमण किया। मौके पर वनरक्षी ललटु कुमार, सुनील उरांव, राकेश कुमार, सत्यनारायण रविदास, अंकित कुमार, इन्द्रदेव आर्य ,शमी एक्का,रौशन नायक समेत अन्य मौजूद थे।

# बेटियां पढ़ेंगी तभी समाज बढ़ेगा : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित बच्चियों, महिला, अतिथियों व उपायुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शी बॉक्स का इनॉग्रेशन व विभागीय योजनाओं से जानकारी के लिए पुस्तिका का अनावरण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव की भावना को दूर करने के साथ समाज में जागरूकता और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बेटियां नागरिक सेवाएं, खेल-कूद एवं अन्य सभी क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन कर रही हैं। बेटियां आज बेटों से अधिक ऊर्जावान हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। विकास के सर्वोत्तम शिखर में बेटियों का स्थान दिलाने, उसकी सुरक्षा, सम्मान, प्रतिष्ठा और प्रोत्साहन देकर अपनी महती जिम्मेवारी निभाने की जरूरत है। बेटियों की उज्जवल भविष्य के लिए राज्य और केन्द्र सरकार तत्पर है। सरकार बेटियों के लिए कई योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, तेजस्वनी योजना, सुकन्या योजना समेत अन्य योजना चलाई जा रही हैं। सभी को अपनी सोच व बेटियों के प्रति अपनी भावना को बदलते की जरूरत है। समाज से दहेज प्रथा, बाल विवाह व कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाज से खत्म करने की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने मासिक धर्म व स्वच्छता विषय पर जानकारी दिया। उपायुक्त व अतिथियों ने विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5 छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अलका हेंब्रम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहित महिला पर्यवेक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### पार्टियों संग बैठक में चुनाव आयोग ने कहा

# विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी 40 लाख रुपये ही खर्च कर पायेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च की सीमा 40 लाख रुपए तक की राशि तय की गई है । इसके साथ ही स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी प्रत्याशी एवं राजनीतिक दल तय निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने निर्वाचन व्यय का ब्योरा संबंधित पदाधिकारी कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराएंगे। वे सोमवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दे रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से संबंधित मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर ही उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ रहने हैं। इलेक्शन बूथ में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसके अंदर कोई खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाए, न हीं भीड़ की अनुमति दी जाएगी। साथ ही किसी भी इलेक्शन बूथ में प्रत्याशियों के प्रतीक चिन्ह अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्र परिसर के 200 मीटर की परिधि को चिन्हित किया जाना है। यह भी जानकारी दी गयी की चुनाव के घोषणा के 72 घंटे के अन्दर सभी निजी स्थानों से पार्टी के झंडों को हटा लिया जाना है, इसके पश्चात नाम वापसी के बाद अभ्यार्थियों की सूची तैयार होने के पश्चात निजी स्थानों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए झंडे लगाये जा सकते हैं।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय के आकलन एवं इससे संबंधित व्यय प्रतिवेदन जमा करने के प्रावधानों आदि विषयों पर बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर सुगम्यता उनका अधिकार : के रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के सुगम्य मतदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। उनके मतदान प्रक्रिया को सहज करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी आयोग के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी दिव्यांग मतदाताओं को सुगम्य मतदान का अवसर प्रदान कराना निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है एवं उनका अधिकार है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन में सुगम्यता एवं सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्ध से संबंधित सभी प्रमंडल आयुक्तों, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहीं ।

## दुर्गा पूजा में मरीजों के लिए वैकल्पिक रूट का नहीं है कोई इंतजाम

### भीड़ में एम्बुलेंस पार होना नहीं है आसान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में दुर्गा पूजा की उमंग जोरों पर है। पूरे झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग रांची आते हैं। प्रशासन की तरफ से विभिन्न रूटों को बैरिकेडिंग किया जा रहा है। रूटों के आधार पर पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। लॉ एण्ड ऑडर का अनुपालन करने के साथ अनेक जवाबदेही प्रशासन को उठाना है। ऐसे में प्रशासन की सारी व्यवस्थाओं के बीच एक व्यवस्था अछूती रह जा रही है और वह है एम्बुलेंस के आने- जाने की व्यवस्था। अगर कोई गंभीर रूप से बीमार हो, दुर्घटनाग्रस्त हो या दूसरे जिले के लोगों को रिम्स या अन्य हॉस्पीटल में जाने की आवश्यकता हो तो ऐसे में एम्बुलेंस का चलना कितना आसान होगा? मरीजों के लिए वैकल्पिक रूट का भी कोई इंतजाम नहीं है। दुर्गा पूजा में लाखों की भीड़ राजधानी में उमड़ती है। पैदल चलने वालों की भीड़ का अंदाजा भी सभी को है।

ऐसे में एम्बुलेंस पार होना कितना आसान होगा? यह यक्ष प्रश्न की तरह अभी भी खड़ा है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रांची ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली से बात की तो उन्होंने कहा कि हमलोग एम्बुलेंस पार करा देंगे।

## छह में से एक शिकायकर्ता पहुंचा जेएसएससी, आज जारी होगी जांच रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (सीजीएल) में अनियमितता की जांच में सहयोग के लिए सिर्फ एक शिकायतकर्ता प्रकाश कुमार सोमवार को जेएसएससी पहुंचे। आयोग ने अन्य पांच शिकायतकताओं कुणाल प्रताप सिंह, आशीष कुमार, रामचंद्र मंडल, विनय कुमार और प्रेम लाल ठाकुर को साक्ष्य उपलब्ध कराने का अंतिम मौका दिया था। अब आयोग मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट जारी करेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने मनाया नवरात्रि महोत्सव



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवा टोली पिठोरिया शाखा के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव का सोमवार को आयोजन किया गया राजयोगिनी बीके राजमती की उपस्थिति में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बीके राजमती नेअपने 40 वर्ष के अनुभव से लोगों को लाभान्वित किए। उन्होंने कहा कि वास्तव में मां दुर्गा हम सभी के जीवन के श्रेष्ठतम स्थिति का प्रतीक है। यदि हम सब अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें तो स्वतः ही बुराइयों का अर्थात महिषासुर का खात्मा हो जाएगा। वास्तव में महिषासुर बुराई एवं अज्ञानता का प्रतीक है। मां दुर्गा निर्भयता एव श्रेष्ठता का प्रतीक हैं। वर्तमान समय सर्व शक्ति मान परमात्मा अवतार लेकर अपनी सर्व शक्तियां बह्मकुमारी बहनों के माध्यम से अपनी सर्व शक्तियों को संचार कर रहे हैं। उसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर लीला देवी,रेखा देवी , उर्मिला देवी, कविता देवी, स्नेहा देवी, सीता कुमारी,सोनल कुमारी आदि कई लोग मौजूद थे।

### कन्याओं को दी गयी गुड टच बैड टच की जानकारी




बच्चियों के बीच कपड़े का वितरण

**रांची।** झारखंड प्रांत युवा मंच के 9 दिन 9 कन्या कार्यक्रम के अंतर्गत रांची समर्पण शाखा द्वारा बच्चों के बीच गुड टच बैड टच पर कार्यशाला हुई। यह कार्यशाला कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के साथ 30 मिनट का एक सत्र रखा गया। यह कार्य किशोरगंज आरबी स्प्रिंगडल स्कूल में किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को पढ़ाई के साथ अपनी सुरक्षा करना भी सिखाया गया ।साथ ही उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। इसके अलावा बच्चों के बीच स्टेशनरी वस्तुओं का वितरण किया गया। जिसमें बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल,पेन और रबर का वितरण किया गया। यह कार्य हातमा बस्ती नियर सिद्धू कानू पार्क के पास में किया गया। इस कार्य में 50 से अधिक बच्चे का लाभांवित हुए। बच्चे भी पढ़ने की वस्तु पाकर बहुत ही खुश हुए , साथ ही बच्चो को प्रोत्साहित किया गया की विद्या एक महादान है । सभी को शिक्षित होने का पूरा हक है।इस कार्य में सयोजिका कोमल पोद्दार और प्रभारी रेखा रायका , दिशा जैन का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम मे अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल,कोमल पोद्दार, दिशा जैन, रेखा रायका वेदिका सिंघानिया,कविता जालान उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### नवजात शिशु का शव मिला

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर रोड नंबर 1 से सोमवार की सुबह कचरे के ढेर में प्लास्टिक में लिपटा नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बच्चे के शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत होने के बाद उसे कचरे में फेंक दिया गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश कर रही है।

### सामूहिक अवकाश लेकर जेईपीसी कर्मियों ने दिया धरना





**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के सभी जिलों के कर्मचारी 7 और 8 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर राजभवन के पास धरना पर हैं। पूर्व के लंबित जिला के जिला परियोजना कार्यालय के कर्मी, प्रखंड कार्यालय के कर्मी और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कर्मी शामिल हुए है। कर्मियों ने कहा कि मांगे नहीं मानी गई तो दुर्गा पूजा के बाद सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को विवश हो जाएंगे। बताया कि परियोजना कर्मियों की बहाली एकीकृत बिहार के समय 1996 में हुआ थी। इसके बाद झारखंड बनने के बाद 2006, 2007 और 2011 में हुई। जिस नियमावली में इनकी बहाली हुई थी। उस नियमावली को के अनुसार इनकों सारी सुविधाएं नहीं दी जा रहीं है। धरना पर बैठे कर्मियों की मांगों में वेतन वृद्धि व महंगाई के तर्ज पर सीपीआई लागू करे। समूह बीमा और चिकित्सा बीमा दिया जाये व सेवा नियमित करें।

### राष्ट्रीय डाक सप्ताह के पर ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन



**रांची।** वरिष्ठ डाक अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने ग्राहकों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में ग्राहकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और डाक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से किया गया। इसमें डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं जैसे स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवा, डाक निर्यात केंद्र, बचत योजनाएं, डाक जीवन बीमा तथा अन्य नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ डाक अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि डाकघर केवल एक सेवा केंद्र नहीं है, यह जनता की उम्मीदों और आवश्यकताओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम है। हमारे ग्राहक हमारे लिए सर्वोपरि हैं, और उनकी संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। हम उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर अपनी सेवाओं को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कांटाटोली फ्लाईओवर की सड़क में है रुखड़ापन



विजय नायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीते दिनों कांटा टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन करने के बाद आम जनों के लिए कांटा टोली फ्लाईओवर को सौंप दिया गया। रांचीवासी काफी उत्सुक भी है कि उन्हें एक नया फ्लावर मिला है और कहीं ना कहीं जाम से भी मुक्ति मिली है। फ्लाईऑफर की जो सड़क है वह सड़क पूरी अच्छी तरह से नहीं बनी है। सड़क को देखने से ऐसा लगता है कि जल्दबाजी में उसे बनाया गया है जॉइंट वाले जगह पर पिचिंग नहीं किया गया है। वहीं कहीं रुखापन तो कहीं चिकनापन है कई जगह पर काम के दौरान गड्ढे हुए उनका गड्ढों को भी भरकर प्लेन नहीं किया गया है। फ्लाईओवर लचने वालों का कहना है कि इस सड़क में गाड़ी संभाल के चलानी पड़ता है कहीं गिर ना जाएं इस बात का डर लगता है।

आदिवासी मूलवासी जनअधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि सरकार को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए और जो छुटा हुआ काम है उसे पूरा करना चाहिए।

## मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर जाने के रूट पर गड्ढे



दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गा पूजा पर प्रशासन ने रूट का निर्धारण कर दिया है। राजधानी के रूट निर्धारण में एक रूट पिस्कामोड़ का भी है। पिस्कामोड़ से न्यू मार्केट (रातू रोड) की ओर जाने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक की ओर किया गया है। मगर इस रूट में किसी प्रशासनिक पदाधिकारी ने जाकर नहीं देखा कि यह रूट पैदल चलने लायक भी नहीं है। विदित हो कि इस रूट में वेंकटेश्वर मंदिर के पास मोड़ की हालत बहुत खराब है। गड्ढे के कारण आए दिन दुघर्टना होती रहती है। कई बार ऑटो उलट गई है। इस जगह पर कोई दिन ऐसा नहीं होता जब यहां दुघर्टना नहीं होती। इस स्थान पर जाम लगना आम बात है। प्रशासन ने इस रूट का निर्धारण तो कर दिया है मगर यहां गड्ढों के कारण हमेशा जाम की हालात बनेंगे रहेंगे।

### झारखंड में समय पर ही चुनाव कराए आयोग : झामुमो

**रांची।** सत्तासीन झामुमो ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर झारखंड में हेमंत सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर ही राज्य में विधानसभा चुनाव कराने की मांग रखी है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि पांचवीं विधानसभा गठन का फलाफल 23 दिसंबर 2019 को सामने आया और इसके बाद हेमंत सरकार का गठन हुआ। पंचम विधानसभा का कार्यकाल औपचारिक तौर पर पांच जनवरी 2020 से शुरू हुआ, जबकि राज्य सरकार का गठन 29 दिसंबर 2019 को हुआ था। वर्तमान राज्य सरकार विगत विधानसभा के गठन में प्राप्त जनादेश के आधार पर ही कार्यरत है। लोकतंत्र में जनादेश ही एकमात्र रास्ता है, जो राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करता है। जनादेश का एक दिन का भी क्षय लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है। झामुमो की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कहा गया है कि वह उच्च संवैधानिक संस्था के प्रमुख पद पर आसीन हैं और लोकतांत्रिक व संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के संरक्षक की भूमिका में हैं। वर्तमान में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर कराया गया।

## विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम करगे पंचायत भवन में आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने करगे पंचायत भवन, मांडर में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता, शिवानी सिंह, पीएलवी सुमन ठाकुर, पम्मी देवी, रेनू देवी, शाहिस्ता प्रवीण, पुनम देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। शिवानी सिंह व डालसा के कार्यरत पीएलवी ने करगे पंचायत भवन में लोगों को डायन बिसाही और बाल विवाह पर जागरूक किया। शिवानी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डायान-बिसाही अंधविश्वास है, किसी भी महिला को डायन कहकर इंगित करना, उसे मारना-पीटना, हत्या करना और प्रताड़ित करना कानुनन अपराध है। वहीं बाल विवाह के बारे में चर्चा करते हुए बोली कि सभी अभिभावक 18 साल के बाद भी कन्याओं का विवाह करें। उन्होंने बच्चों के उनके अधिकार और कर्त्तव्यों के बारे में बताया। शिवानी सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी, वहीं पीएलवी सुमन ठाकुर ने लोक अदालत एवं पीड़ित मुआवजा की जानकारी दी।

## रिनपास के सभी भवनों के जीर्णोद्धार व मरम्मति की मिली सहमति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को रांची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) कार्य उपसमिति की बैठक हुई।

बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता, झारखण्ड एवं प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, ने रिनपास के सभी भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मति के निदेश के अनुपालन में जीर्णोद्धार/मरम्मति कार्य के प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। जिसके उपरांत समिति द्वारा कई प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। बैठक में भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1 के योजनाओं के प्रस्तावों के लिए एजेंसी द्वारा अनुमानित राशि की उपलब्ध करायी गयी सूची एवं समर्पित अनुमानित प्राक्कलन पर विचारोपरान्त समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्य योजना के प्रस्तावों को भी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। कार्य योजना में रिनपास के महिला ओटी सेक्शन में टॉयलेट बनाना एवं कूलर के साथ आरओ प्यूरिफायर लगाया जाना है। समिति द्वारा विद्युत कार्य प्रमण्डल के कार्य योजना को भी अनुमोदित किया गया।

### विश्व मानक दिवस पर स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव का आयोजन

## व्यापार को सुविधाजनक बनाने में मानकीकरण महत्वपूर्ण : परेश गट्टानी



**रांची।** विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में औद्योगिक संगठनों, एकेडमी, हॉलमार्किंग केंद्रों और ज्वेलर्स ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मानकीकरण व्यवसायों के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार को सुविधाजनक बनाने में मानकीकरण एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह लक्ष्यों को प्राप्त करने में आनेवाली तकनीकी चुनौतियों पर काबू पाने में मदद करता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कॉन्क्लेव में शामिल चैंबर के पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार मारू ने बीआईएस की उद्योग में भूमिका और उद्योग के लिए बीआईएस के विभिन्न पहलुओं पर बल दिया। एसके वर्मा, वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख, बीआईएस ने कॉन्क्लेव के उद्देश्य और विश्व मानक दिवस 2024 के विषय के बारे में जानकारी दी।

### टिकट बंटवारे पर दिल्ली में भाजपा नेताओं की बैठक

# राज्य में टिकट बंटवारे पर चर्चा के लिए मरांडी समेत पांच नेता अधिकृत

**नवीन मेल संवादददाता। रांची**

। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत अन्य नेता मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, राज्य में टिकट बंटवारे पर चर्चा के लिए बाबूलाल मरांडी समेत पांच नेताओं को अधिकृत किया गया है। इन नेताओं के द्वारा भेजे गए अंतिम नामों पर ही विचार होगा। जानकारी के मुताबिक, भाजपा के द्वारा पहली सूची एक सप्ताह में जारी की जा सकती है। सीट शेयरिंग को भी दिया जा रहा अंतिम रूप जानकारी के मुताबिक, विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग को भी अंतिम रूप दिया जा सकता है। जदयू को भाजपा तमाड़ व जमशेदपुर पश्चिम की सीट दे सकती है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जदयू ज्वाइन कर लिया है। 2005 और 2014 में वह जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक रहे हैं। ऐसे में भाजपा जमशेदपुर पश्चिमी सीट जदयू को देने पर विचार कर रही है। जानकारी के मुताबिक, आजसू को भी गठबंधन के तहत नौ सीटे दी जा सकती हैं। आजसू के लिए पिछली बार प्रतिष्ठा की सीट बनी लोहरदगा पर आजसू चुनाव लड़ेगी, जबकि चंदनक्यारी की सीट पर भाजपा ही चुनाव लड़ेगी। नवरात्र के बाद सीट शेयरिंग का ऐलान एनडीए के द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा की पहली सूची भी जारी की जाएगी। पहली सूची में अधिकतर आदिवासी आरक्षित सीटों व सीटिंग विधायकों की उम्मीदवारी का ऐलान हो सकता है।

## आवास मिलने पर लाभुकों के चेहरे खिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना, (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने आशियाना होने के सपने को साकार किया। मौके पर कई लाभुक उपस्थित थे। चाभी मिलते ही सभी लाभुकों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने सरकार की इस काम को सराहा।



**मेरे आंखों में आंसू आ गया : हदी शूल**

आवास की लाभुक हदी शूल ने कहा कि आज आंखों में आंसू आ गया। मुख्यमंत्री का धन्यवाद कैसे करें। वर्षों का सपना हेमंत बाबू ने पूरा किया। मैं उन्हें धन्यवाद के अलावा कुछ नहीं दे सकती।



**लिस्ट में मेरा नाम है : मंगरी उराई**

लाभुक मंगरी उराई ने कहा कि मेरा नाम लिस्ट में है, लेकिन हमें अभी मिला नहीं है। बहुत जल्द ही मुझे भी आवास मिल जायेगा। हमलोग हेमंत सोरेन के आभारी हैं, जिन्होंने घर का सपना पूरा किया।



**घर का था : बासो उराई**


लाभुक बासो उराई ने कहा कि आवास पाने वालों में मेरा नाम है। साहब लोग बोले है बहुत जल्द मिल जाएगा। मेरा घर नहीं है, लेकिन अब हमलोगों को घर मिल जाएगा।



# त्योहार में खास दिखना भी जरूरी

त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है, लोगों में अजब सा उत्साह है। कोई पूजा की तैयारी में जुटा है तो कोई पंडाल निर्माण में। पूजा का समय है तो लोगों में नया वस्त्र पहनने और खास दिखने की परंपरा रही है। फैशन भी अपने चरम पर होता है। नये फेबरिक और डिजाइन के कपड़े लोगों की पहली पसंद होते हैं। इनकी खरीदारी भी खूब होती है। बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लिए नये डिजाइन के वस्त्र हर मूल्य वर्ग में उपलब्ध हैं। वहीं महिलाओं-युवतियों के लिए तो ब्रांड और डिजाइन के कई रेंज हैं। वहीं बेहतर लूक के लिए न सिर्फ तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट बाजार में हैं। खास अंदाज में साड़ी पहनाने वाले प्रोफेशनल्स से लेकर ब्यूटी सर्विस देने वाले सैलून और ब्यूटी पार्लर भी हैं।

## बच्चों की पसंद रेडीमेड कपड़े



पूजा खरीदारी के दौरान बच्चों के फैशन का खास ख्याल रखा जाता है। वो दौर समाप्त हो चुका है जब टेलर दुकान में कपड़े सिलाने के लिए लाइन लगी होती थी। अब बच्चों का फैशन बाजार रेडीमेड गारमेंट में सीमट गया है। ऐसे में ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह के फैशन वियर विकल्प में हैं। जीरो साइज कपड़े से लेकर ऊंचाई और उम्र के अनुरूप खरीदारी की जा सकती है। लड़कों के लिए ट्रेडिशनल धोती-कुर्ता, कुर्ता विद पायजामा, जींस, शर्ट, टीशर्ट और थ्री पीस के रेंज ट्रेंड में हैं। वहीं, लड़कियों में जींस, वेस्टर्न टॉप, फ्रॉक, केप्री, वन पीस, गाउन, टॉप-स्कर्ट और सूट के कलेक्शन खास हैं। इसके साथ ही फैंसी कपड़ों में कॉमिक्स व कार्टून कैरेक्टर प्रिंट वाले कपड़ों का खास स्टॉक बाजार में उपलब्ध है।

## युवतियों के लिए सूट व प्लाजो

युवतियों के बीच पूजा में ट्रेडिशनल वियर का चलन बढ़ा है। ऐसे में प्लाजो टॉप विथ चुनरी, डिजाइनर शॉर्ट कुर्ती, पाकिस्तानी सूट और फ्लोरल सूट के कलेक्शन बाजार में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही ब्रांडेड कुर्ती व सेमी स्टिच्ड सूट के नये कलेक्शन कपड़े की मांग बढ़ी है। युवतियां ट्रेंडी वेस्टर्न आउटफिट को भी अपने पूजा कलेक्शन में शामिल कर रही हैं। इसके लिए स्पेशल फैंसी वेस्टर्न गाउन, वनपीस, क्रॉप टॉप, जंप सूट, जेगिंस विद सर्ट जैसे कलेक्शन भी डिमांड में हैं। इसके अलावा कॉटन टॉप, जींस, लखनवी चिकन वर्क सूट और प्लाजो सेट भी डिमांड में हैं। दुकान, मॉल के साथ ई कामर्स साइट पर भी जमकर खरीदारी हो रही है।

## मेंस का ओवरसाइज्ड फैशन ट्रेंड पर

टीन एज पार कर चुके युवाओं के लिए खासकर लड़कों के बीच इस वर्ष ओवरसाइज्ड शर्ट व टी-शर्ट ट्रेंड कर रहा है। दुर्गा पूजा को देखते हुए ओवरसाइज्ड ट्रेंड का प्रिंटेड व चेक कलेक्शन आकर्षक है। इसके अलावा ट्रेडिशनल फैशन वियर व रेडीमेड गार्मेंट में कॉटन कुर्ता पायजामा से लेकर फैंसी कुर्ता पायजामा, कुर्ता शर्ट, जींस, शर्ट, प्रिंटेट टी-शर्ट समेत अन्य डिजाइन ट्रेंड पर हैं। कॉटन कुर्ता-पायजामा के फैशनेबल कलेक्शन में एक समान रंग के अलावा एम्ब्रॉयडरी वर्क, खान सूट, फैंसी कुर्ता-पायजामा विद एम्ब्रॉयडरी वर्क, चिकन वर्क, प्रिंटेड कुर्ता के कलेक्शन की खरीदारी हो रही है। मेंस कलेक्शन में शर्ट और टीशर्ट के बड़े रेंज के अलावा ठंड को देखते फुल शर्ट और स्वेट टीशर्ट भी पसंद की जा रही है।

## पूजा में महिलाओं की पहली पसंद साड़ी

पूजा फैशन में महिलाओं की पहली पसंद तांत, कॉटन और सिल्क की साड़ियां हैं। बाजार में इसके आकर्षक रेंज उपलब्ध हो चुके हैं। खास तौर पर तांत और कॉटन की साड़ियां महिलाएं खरीदने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही साड़ी में कांजीवरम, असम सिल्क, धर्मावरम, कतान सिल्क, बालू चुरी, फैंसी सिल्क, तसर, चिकनकारी, साउथ कॉटन, बंगाल की ढाकायी तांत और प्योर सिल्क, जामदानी जैसी साड़ियां इस वर्ष पूजा फैशन में नजर आ रही हैं। वहीं, महिलाएं जिनका बजट सामान्य है, उनके लिए सेमी सिल्क साड़ियां भी अलग-अलग रेंज में मौजूद हैं। बजट शॉपिंग के लिए महिलाएं 2000 से 8000 तक के रेंज में खरीदारी कर सकती हैं। वहीं, लाइट वेट व तांत की साड़ी 400 रुपये से 2000 रुपये तक के रेंज में उपलब्ध हैं।


## साड़ियों की कीमत

- **कॉटन :** 500 से शुरू
- **सिंथेटिक साड़ी :** 400 से शुरू
- **प्रिटेट इंब्रोडरी :** 400 से शुरू
- **प्योर सिफॉन :** 2000 से शुरू
- **सेमी सिफॉन :** 800 से शुरू
- **बालू चेरी :** 3000 से शुरू
- **कॉटन :** 500 से शुरू
- **बंगाल तांत :** 500 से शुरू
- **बनारसी साड़ी सेमी सिल्क :** 1500 से शुरू
- **बनारसी प्योर सिल्क :** 2500 से शुरू
- **कांजीवरम :** 6000 से शुरू





## नवरात्र से पहले घर पर करें फेशियल
# चेहरे पर आएगा गजब का निखार



नवरात्रि के पहले दिन व्रत रखने के बाद आप सुंदर लगना चाहती है, जिससे कि हर कोई आपके चेहरे का निखार पूछें। इसके लिए कई लोग पार्लर भी जाते हैं। लेकिन अगर आपके पास समय की कमी है और पार्लर नहीं जा सकती हैं। तो आप घर पर भी फेस क्लीन और फेशियल कर सकती हैं। क्योंकि आज हम आपको घर पर ही फेशियल करने का ऐसा खास तरीका बताने वाले हैं। जिससे कि आपके चेहरे का निखान पूरे 9 दिनों तक बना रहेगा। नवरात्रि से पहले और बीच के दिनों में आप इस नुस्खे को अपना सकती हैं। जिससे कि चेहरे का निखार और भी बढ़ जाए। हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि फेस पर निखार पाने के लिए हम पार्लर जाते हैं और हजारों-रुपए का फेशियल कराते हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर और बहुत ही सस्ते में फेशियल करने का तरीका बताने जा रहे हैं। जिससे आपके फेस पर चमक भी आएगी और आपका पार्लर का पैसा भी बच जाएगा।

### फेशियल

- चावल का आटा- 2 चम्मच
- बेसन- 1 चम्मच
- शहद- 2 चम्मच
- हल्दी- 1/3 चम्मच
- कच्चा दूध- जरूरत अनुसार

- सबसे पहले एक कटोरी में चावल का आटा, बेसन और शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- फिर इसमें हल्दी और जरूरत अनुसार कच्चा दूध डालकर गाढ़ा मलाई जैसा स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें।
- अब आप इस फेस पैक से अपने चेहरे पर एक पतली सी लेयर अप्लाई करें।
- इसके बाद इस फेसपैक को करीब 10-15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।
- फिर फेस को गीले कपड़े से पोछ लें।
- फेस को साफ करने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।
- अगर आपको ठंडा या नॉर्मल पानी से समस्या नहीं है, तो इसका भी इस्तेमाल कर सकती हैं।
- ऐसे रखें स्किन का ख्याल
- फेशियल करने के बाद आप अपनी त्वचा को मॉइस्चराइजर या फिर किसी हाइड्रेटिंग क्रीम का इस्तेमाल करें। वहीं अगर आप विटामिन सी सीरम का इस्तेमाल करती हैं, तो सीरम फेस पर लगाएं और त्वचा को हाइड्रेट रखें। स्किन को हाइड्रेट रखने का यह बेहतर तरीका है।

### फेस क्लीन

- पपीता- 1 चम्मच (गूदा)
- शहद- 1 चम्मच
- चीनी का बूरा- 1 चम्मच

*इस तीनों चीजों को अच्छे से मिक्स कर अपने फेस पर अप्लाई करें। अब इसको क्लीन करना है। इससे आपके फेस की सफाई होगी और साथ ही आपकी त्वचा की स्क्रबिंग होगी। इन तीनों चीजों को 5 मिनट तक स्क्रब करें और फिर नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें।*

## त्वचा की रंगत में आएगा निखार, ब्यूटी प्रोडक्टस छोड़ घर पर बनाएं ये उबटन

उबटन का प्रयोग प्राचीन समय चल रहा है और यह पारंपरिक तरीका है। उबटन एक हर्बल पेस्ट जो त्वचा को मुलायम, चमकदार और साफ करता है। आज भी लोग ब्राइडल के निखार के लिए उबटन का प्रयोग किया जाता है। पहले के समय में भी दुल्हन के शरीर पर उबटन लगाया जाता था, जिससे प्राकृतिक निखार बना रहे। आजकल तो महिलाएं ब्यूटी सैलून और महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के जरिए चेहरे को चमकदार बनाती है लेकिन इसके चक्कर में कई बार त्वचा पर पिंपल्स में निकलने लगते है। या फिर स्किन एक समय अपना रंगत खोने लगती है। उबटन में प्रयोग होने वाली सामग्रियों में जैसे चना का आटा, हल्दी, चंदन, बेसन, बादाम पाउडर आदि होते हैं। इन सामग्रियों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण और सुरक्षा प्रदान करते हैं। उबटन लगाने से त्वचा को टोन करने में मदद करता, स्किन में निखार आता है, मुंहासे दूर होते है, त्वचा को हाइड्रेट करता है। त्वचा की रंगत निखारने के लिए इस्तेमाल करें ये उबटन, जानिए कैसे बनाएं?

### घर पर कैसे बनाएं उबटन

**सामग्री**

- चने का आटा
- बेसन
- हल्दी पाउडर
- बादाम पाउडर
- चंदन पाउडर
- गुलाब जल
- दही
- नींबू का रस



### ऐसे बनाएं उबटन

- सबसे पहले आप एक कटोरे में चना का आटा, हल्दी पाउडर, चंदन पाउडर, बेसन, बादाम पाउडर मिलाएं।
- अब गुलाब जल, दही और नींबू का रस मिला दीजिए।
- इसे अच्छी तरह से मिलाएं, ताकि एक चिकना पेस्ट बना लें।



### उबटन का प्रयोग कैसे करें

- सबसे पहले आप अपने फेस को गीला करें।
- उबटन पेस्ट को अपनी त्वचा पर लगाएं, इसे आप चेहरेस गर्दन और हाथों पर लगाएं।
- हल्के हाथों से उबटन की मालिश करें। इससे ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है।



- 15-20 मिनट तक उबटन को अपनी त्वचा पर रहने दें।
- फिर आप चेहके को ठंडे पानी से साफ कर लें।



# आपका लुक जीत लेगा सबका दिल

नवरात्रि का महापर्व आते ही हर लड़की के मन में यही ख्याल आता है कि वह गरबा नाइट के लिए किस तरह तैयार होगी। जिससे कि उनका लुक सबसे हटके और सबसे ज्यादा अच्छा लगे। खासकर वह लड़कियां, जिनके बाल छोटे हैं। यह अपने कपड़ों से ज्यादा बालों को लेकर टेंशन में रहती हैं। अगर आप भी अपने हेयर स्टाइल को लेकर परेशान हैं, तो आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के हेयर डू दिखाने वाले हैं। ऐसे में आप इन एक्ट्रेस के लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**कर्ली हेयर लुक :** शॉर्ट हेयर्स को अलग कर्ली लुक देने से यह आपकी खूबसूरती को और भी बढ़ा सकता है। आप श्रद्धा कपूर के लुक को देख सकती हैं। उन्होंने लहंगे के साथ अपने बालों को ऊपर से नॉर्मल और कानों के ऊपर से कर्ली किया है। एक्ट्रेस का यह लुक काफी गॉर्जियस लग रहा है। ऐसे में अगर आपके बाल भी कंधे तक हैं, तो आप पर भी यह हेयर स्टाइल खूब जंचेगा।

**सिंपल स्ट्रेट हेयर स्टाइल :** गरबा या डांडिया खेलने के दौरान बालों का दिखना बेहद जरूरी है। ऐसे में आप अपने बालों को सिंपल स्ट्रेट लुक दे सकती हैं। आप यहां देख सकती हैं कि एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने मिडिल पार्टीशन के साथ हेयर स्टाइल कैरी की है। ऐसे में आप चाहें तो आप भी सेम हेयर स्टाइल रख सकती हैं। इसके अलावा आप साइड पार्टिशन के साथ बालों को एलिगेंट लुक देने के लिए ब्रेड बना सकती हैं। यह दोनों ही हेयर स्टाइल आप पर खूब जचेंगी।

**बेबी हेयर :** छोटे बालों को सेट करने का सबसे अच्छा ऑप्शन है, उनको अच्छे से वेव टच देना। इस हेयर स्टाइल में बालों की वॉल्यूम भी बढ़कर दिखती है। अगर आपके बाल हल्के हैं या फिर बालों की वॉल्यूम कम है, तो आप लहंगे के साथ इस तरह का हेयर स्टाइल कैरी कर सकती हैं। आप एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की तरह बालों को साइड वेव दे सकती हैं।

**फेस कट के हिसाब से बेब लुक :** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने फेस कट के हिसाब से अपने बालों को वेव्स लुक दिया है। अगर आपके बाल भी पतले और छोटे हैं, साथ ही आपका चेहरा भी छोटा है, तो आप एक्ट्रेस आलिया भट्ट की तरह फेस फ्रेमिंग हेयर डू या लेस वेव कर सकती हैं।बता दें कि फेस फ्रेमिंग तब ही अच्छा लगता है, जब आप अपने फेस कट को अट्रैक्टिव दिखाना चाहते हैं। इस तरह से आप अपने बालों को वेव लुक दें या फिर फेस फ्रेमिंग, दोनों ही हेयर स्टाइल आप पर बेहद अच्छे लगेंगे।

**मिडल पार्टिशन के साथ टाई करें बाल :** अगर आपके बाल छोटे हैं और बार-बार फेस पर बाल आने से आपको परेशानी होती है। तो आप अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की तरह अपने बालों को टाई कर सकती हैं। इससे आपका लुक भले ही सिंपल रहेगा, लेकिन यह काफी अच्छा लगेगा।आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए गजरा भी लगा सकती हैं। इससे आपका हेयर स्टाइल अट्रैक्टिव दिखेगा और नवरात्रि के गरबा लुक को हर कोई पसंद करेगा।

## दुर्गा पूजा में दिखना है एकदम हटके तो इस तरह से करें बंगाली मेकअप सबकी निगाहें आप पर होगी

नवरात्रि की शुरूआत 3 अक्टूबर 2024 से हो रही है। नवरात्रि पर्व के अब दिन ही कितने बचें। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। इस त्योहार की घूम पूरे भारत में दिखती है। अगर आप भी दुर्गा पूजा में एकदम परफेक्ट बंगाली लुक चाहते हैं तो आपको इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं करना। बस इन 3 टिप्स को फॉलो करें। भारत में फेस्टिवल की शुरूआत होने वाली है। नवरात्रि पर्व का आरंभ 3 अक्टूबर से होने जा रहा है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। इस त्योहार की घूम पूरे भारत में दिखती है। खासतौर पर नवरात्र की रौनक गुजरात और बंगाल में अलग ही होती है। आपको बता दें कि, बंगाली लोगों के लिए षष्ठी से विजयादशमी खास होती है। इस दौरान पंडालों में भक्तिमय माहौल होता है। अगर आप भी दुर्गा पूजा के लिए खास बंगाली लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप इस साल बंगाली लुक अपनाना चाहती हैं।

**चूज करें सही साड़ी :** यदि आप भी दुर्गा पूजा के लिए बंगाली लुक ट्राई करना चाहते हैं। तो आप इसे पहनें और अगर आपके पास ट्रेडिशनल साड़ी नहीं है तो आप किसी भी तरह की कॉटन साड़ी को चुन सकती हैं। लीनन की साड़ी काफी अच्छा लुक देगी। हालांकि, इसके लिए किसी हल्के रंग की साड़ी को पहनें। लाल सफेद रंग की हो तो भी अच्छा है। जब आप साड़ी सेलेक्ट कर लें तो इसे बंगाली तरीके से पहनें या ओपन पल्ले के साथ भी इसे पहन सकते हैं।

**सही जूलरी चुनें :** बंगाली लुक के लिए आप हैवी जूलरी पहन सकते हैं। अगर आप हल्की जूलरी पहनना चाहते हैं। झुमके या फिर आप लंबे ईयररिंग्स जरुर पहनें। इसके साथ ही बंगाली शाखा पोला पहनें या फिर लाल प्लेन चूड़ी के साथ कुंदन के पतले कड़ों को पहन सकते हैं।


**मेकअप लुक बेहद जरूरी और हेयर स्टाइल पर ध्यान :** अगर आप मैरिड हैं तो बंगाली मेकअप में सिंदुर को जरुर शामिल करें। बंगाली लुक के लिए मेकअप ब्राइट रखें। लिप कलर के लिए भी आप लाल, गुलाबी जैसे रंग को चुन सकते हैं। हेयर स्टाइल के लिए आप सेंटर पार्टिशन सबसे अच्छा माना जाता है।

प्रस्तुति : विशाल कुमार सिंह, गोविन्दा

# सत्ता शीर्ष पर नरेंद्र मोदी के 23 साल पूरे, बेदाग रहा है करियर



2001 में पहली बार बने थे सीएम



अब संभाल रहे देश की सत्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके प्रशंसकों के लिए 7 अक्टूबर का दिन बहुत खास है। दरअसल, सत्ता की भागदौड़ संभालते हुए नरेंद्र दामोदरदास मोदी को आज 23 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने पहले करीब 13 साल तक गुजरात की सत्ता संभाली और उसके बाद 10 साल से ज्यादा समय से लगातार प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। नरेंद्र मोदी के कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इतने साल तक सत्ता के शीर्ष पदों से जुड़े रहने के बाद भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार और घोटाले का एक भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने बिना स्वार्थ के जनता के बीच रहकर जनता के लिए काम किया।जिन लोगों ने उस समय उनके साथ काम किया है जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, वे पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच की तारीफ करते हैं। अब वह देश को भी उसी दृष्टिकोण के साथ लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का जीता-जागता उदाहरण है 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य। जहां एक ओर तमाम पार्टी और राजनेता पांच साल का विजन लेकर चलते हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े-बड़े लक्ष्यों के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की सफलता, पीएम मोदी की सोच को साफ दशार्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कई इंटरव्यू में कह चुके हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गुजरात के मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन आज से ठीक 23 साल पहले 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात की सत्ता संभाली। कुशल नेतृत्व के कारण गुजरात की जनता ने उनपर लगातार तीन बार भरोसा जताया। नरेंद्र मोदी यहीं नहीं रुके। अपनी कल्याणकारी योजनाओं और गुजरात मॉडल के दम पर उन्होंने 2014 में भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में जबरदस्त बहुमत से जीत दिलाई। जहां एक ओर पूर्व की यूपीए सरकार को भ्रष्टाचार पर घेरते हुए उन्होंने भाजपा को जीत दिलाई, वहीं 10 साल से केंद्र की सत्ता में रहते हुए खुद और अपनी पार्टी को इस गंदगी से दूर भी रखा। केंद्र में सरकार का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में लगातार ऐसे बड़े फैसले हुए, जो उनकी उपलब्धियों को और आगे ले गए। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का हटना, सीएए-एनआरसी लागू होना, तीन तलाक को असंवैधानिक बनाना और जीएसटी जैसे फैसले अहम हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक होना, उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण उनके कार्यकाल की कुछ अन्य उपलब्धियां हैं। अब नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए चुने गए हैं। ऐसे में वह देशहित में आगे और कई फैसले ले सकते हैं, जिनमें 'वन नेशन, वन इलेक्शन' भी शामिल है।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म एवं हत्या का मामला

# सीबीआई ने दाखिल किया पहला आरोप पत्र, संजय राय को बनाया मुख्य आरोपी

**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें गिरफ्तार संजय रॉय को एकमात्र मुख्य आरोपी बनाया गया है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि सोमवार दोपहर कोलकाता की एक विशेष अदालत में दायर पहले आरोपपत्र में सीबीआई अधिकारियों ने कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जांच के प्रारंभिक चरण के दौरान मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ का विवरण दिया है। कोलकाता पुलिस द्वारा यह जांच, कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय एजेंसी को जांच का प्रभार सौंपे जाने से पहले की गई थी। सूत्रों ने बताया कि आरोप पत्र में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा जांच अधिकारियों को दिए गए बयान का विवरण भी दिया गया है। सीबीआई द्वारा मामले की जांच शुरू करने के ठीक 58 दिन बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। याद रहे कि संजय रॉय, जिन्हें आरोप पत्र में बलात्कार और हत्या के एकमात्र मुख्य आरोपी के रूप में उल्लेख किया गया है। उसे कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था और बाद में सीबीआई को सौंप दिया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और सीबीआई ने पहले ही उसका पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। हालांकि जांच अधिकारी रॉय पर नार्को-विश्लेषण भी करना चाहते थे, लेकिन रॉय ने इसके लिए सहमति नहीं दी, इसलिए यह संभव नहीं हो सका। रॉय के अलावा, सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ अभिजीत मंडल को भी गिरफ्तार किया था। उन्हें शहर पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के दौरान जांच को गुमराह करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने बताया कि जांचकतार्ओं को इस बात के पुख्ता सुराग मिले हैं कि जिस तरह से मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई, वह बलात्कार और हत्या के वास्तविक अपराध से कम जघन्य नहीं है। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को यह भी लगता है कि जिस कुशलता और तत्परता के साथ सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई, उससे इस जघन्य अपराध के पीछे एक गहरे रहस्य का संकेत मिलता है।

## प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर उचित कार्रवाई की जाएगी : कोलकाता पुलिस आयुक्त



**कोलकाता।** कोलकाता के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) मनोज कुमार वर्मा ने सोमवार को कहा कि शहर की पुलिस मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड में सात जूनियर डॉक्टरों द्वारा आमरण अनशन के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी। आमरण अनशन पर बैठे डॉक्टर आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक साथी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जब वर्मा से मीडियाकर्मियों ने जूनियर डॉक्टरों की चल रही भूख हड़ताल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, पुलिस उचित कार्रवाई करेगी। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने दावा किया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे अपना आमरण अनशन तब तक जारी रखेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। इस बीच, सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल के खिलाफ दायर याचिका के आधार पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

## पंजाब में आआपा सांसद के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने सोमवार सुबह आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा तथा पंजाब के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी व फाइनेंसर हेमंत सूद के आवास पर छापा मारा। ईडी की टीमों ने सांसद के आवास व अन्य ठिकानों पर कई घंटे सर्च किया। सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट टेंडर घोटाले में भारत भूषण आशु का नाम आने के बाद ईडी ने मामले की जांच की। विदेशी लेन-देन को हेमंत सूद से जोड़ कर देखा जा रहा है। ईडी की टीम राज्यसभा सांसद अरोड़ा और हेमंत सूद से पूछताछ कर रही है। उनकी संपत्तियों का रिकॉर्ड जुटाया जा रहा है। परिवार के सभी मोबाइल फोन बंद करवा दिए गए हैं। ईडी की जांच के बाद राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है।

# तेजस्वी ने बंगला खाली किया, पलंग सोफा-नल-टब सब गायब : भाजपा

**एजेंसी। पटना**



▸ तेजस्वी पर लगाया सरकारी बंगले से सामान ले जाने का आरोप

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता व पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सरकारी बंगला खाली कर दिया है। अब यह बंगला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आवंटित किया जाएगा। वह विजयादशमी के दिन इस बंगले में शिफ्ट होंगे, लेकिन उससे पहले भाजपा ने तेजस्वी यादव पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा नेता दानिश इकबाल ने तेजस्वी यादव पर आरोप लगाया है कि वह बंगला खाली करते समय बाथरूम से टब और बेसिन नल अपने साथ ले गए। इसके अलावा, वह हाइड्रोलिक पलंग, टोटी, महंगे सोफे और एयर कंडीशन भी साथ ले गए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव सरकारी संपत्ति को अपनी निजी संपत्ति समझते हुए उसे अपने साथ ले गए हैं। सम्राट चौधरी के निजी सहायक शत्रुघन प्रसाद ने बताया, हम मामले को समझने की कोशिश कर रहे हैं। हम कोई भी आरोप नहीं लगा रहे हैं। हम सिर्फ सच्चाई को लोगों के बीच में प्रस्तुत कर रहे हैं। आप लोग खुद बंगले में आकर देख सकते हैं कि कितनी चीजें गायब कर दी गई हैं। करीब 20 से ज्यादा एसी गायब है। किचन से आरओ और फ्रिज गायब है। यहां बिल्डिंग के अलावा अब कुछ नहीं बचा है। इस बंगले में दो हाइड्रोलिक पलंग था, वो भी गायब हो चुका है। तेजस्वी अपने साथ एसी, कंप्यूटर सहित अन्य बेशकीमती सामान भी ले गए। राजद ने भाजपा के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे घटिया राजनीति से प्रेरित बताया है। राजद के नेताओं का कहना है कि भाजपा के आरोपों में तनिक भी सत्यता नहीं है। यह आरोप सिर्फ तेजस्वी यादव की छवि को धूमिल करने के मकसद से लगाया जा रहा है, जिनका सत्यता से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा नेताओं का कहना है कि वो भवन निर्माण की ओर से दी गई लिस्ट लेकर आएंगे। बता दें कि सम्राट चौधरी के बंगले में शिफ्ट होने से पहले यहां रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार (8 अक्टूबर) को आएंगे। मालूम हो कि जम्मू-कश्मीर में एक अक्टूबर को 90 विधानसभा सीटों पर आखिरी चरण की वोटिंग पूरी हुई थी। इससे पहले 18 सितंबर को पहले और 25 सितंबर को दूसरे चरण का मतदान हुआ था। बता दें कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां पहली बार चुनाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ है, इसलिए वोटर्स को चुनाव के नतीजों का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए सभी 90 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार हरियाणा में कांग्रेस ने सीपीएम के साथ मिलकर 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है और एक सीट सीपीएम को दी है। वहीं, भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा है। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है। आधिकारिक रिपोर्ट्स के अनुसार, वोटों की गिनती सुबह 8 बजे शुरू होगी। चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एजेंटों के साथ, मतगणना केंद्रों पर पहुंचेंगे। वहीं, मतदान अधिकारियों को सुबह 6 बजे तक उनकी संबंधित मतगणना टेबल पर तैनात कर दिया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## पटाखा बनाते समय विस्फोट, दो की मौत और तीन झुलसे

**गोण्डा।** तरबगंज थाना क्षेत्र में एक खाली पड़े मकान में अवैध तरीके से पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि अभी तक जांच में जो जानकारी मिली है उसके अनुसार तरबगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को फारूख के एक बंद पड़े मकान में कुछ लोग अवैध तरीके से पटाखा बना रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी को सीएचसी भेजा, जहां आकाश (15) और लल्लू (20) को मृत घोषित कर दिया गया है।

# बीरभूम की कोयला खदान में विस्फोट पांच मजदूरों की हुई मौत, कई गंभीर

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के खयाराशोल ब्लॉक के अंतर्गत लोकपुर थाना क्षेत्र के भादुलिया गांव में सोमवार को एक कोयला खदान में भीषण हादसा हो गया। गंगारामचक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीएमपीएल) कोयला खदान में हुए विस्फोट से पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे को देखते हुए मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़ सकती है। हादसे के बाद खदान में मौजूद अधिकारी और ऊपरी प्रबंधन के कर्मचारी मौके से फरार हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विस्फोट के कारण मृतक मजदूरों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए हैं। इस घटना में घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया है और बाकी बचे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। घटना सोमवार सुबह की है जब मजदूर कोयला निकालने के काम में लगे हुए थे। शुरूआती जांच में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि कोयला निकालने के दौरान विस्फोटक का असावधानी से इस्तेमाल इस दुर्घटना का कारण बना। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और घायलों को बीरभूम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है, वहीं बाकी मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत कार्य तेज कर दिया गया है।

# त्रिपुरा में सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

**एजेंसी। अगरतला**

उत्तरी त्रिपुरा जिले के कदमतला में दुर्गा पूजा के चंदे को लेकर हुए हिंसक सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह घटना 6 अक्टूबर को उस समय हुई, जब कदमतला में रहने वाले मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय का एक परिवार इलाज के लिए असम जा रहा था। रास्ते में उन्हें एक दुर्गा पूजा आयोजक द्वारा रोककर कथित तौर पर उनसे चंदे की मांग की गई। इस दौरान उन लोगों में तीखी बहस के बाद हाथापाई हो गई। इस टकराव के बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने पूजा आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब उपद्रवियों ने स्थानीय बाजार पर हमला कर दिया और दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की, जिससे तनाव और बढ़ गया। उपद्रवियों ने कई दुकानों में लूटपाट की और कुछ घरों पर भी हमला किया।

# हिंदू उत्सवों व धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विहिप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने सोमवार को कहा कि हिन्दू पर्व-त्योहारों या कुम्भ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिन्दू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्नडालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। संपूर्ण देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें जिससे हम राष्ट्र विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षडयंत्रों को समाप्त कर भारत को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है। दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जेहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है। कल ही भाग्यनगर (हैदराबाद) के डांडिया पंडाल में एक जिहादी इरशाद खान ने एक हिंदू लड़की का हाथ पड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की। डॉ जैन ने आगे कहा कि कामुकता से भरे इन जेहादियों की कई प्रकार की गंदी हरकतों के समाचार मिलते रहते हैं। कभी किसी हिंदू लड़की को छेड़ना तो कभी उनको रोकने पर लड़की पर तेजाब डाल देना कहां की सभ्यता है। पत्थरबाजी के समाचार भी मिलते रहते हैं। हमारी पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट करने का यह लोग हमेशा प्रयास करते ही हैं। इनकी पाशविक कामवासना, जिसको लव जिहाद का नाम दिया गया है, से पूरी दुनिया त्रस्त है। ऐसे में अगर विहिप ,बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता दुर्गा पूजा के पंडालों में जेहादियों के आने पर रोक लगाते हैं तो क्या गलत करते हैं? क्या हम अपनी आस्था और बहन बेटी के शील और स्वाभिमान को बचाने का भी अधिकार नहीं रखते? दुर्घटना की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती। हम जानते हैं कि सावधानी में ही बचाव है। उन्होंने बचाव या सुरक्षा के इस पुनीत कार्य में लगे हिन्दू युवकों को हिंदू धर्म रक्षक बताते हुए कहा कि इनका सम्मान होना चाहिए। दुर्भाग्य से सेकुलरिज्म से ग्रस्त कुछ लोग उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं।

# उप्र के मुजफ्फरनगर में दो कैफे पर छापेमारी, 40 युवक-युवतियां पकड़े गए

**एजेंसी। मुजफ्फरनगर**



उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के महावीर चौक स्थित स्वरूप प्लाजा मार्केट में पुलिस और प्रशासन ने दो कैफे पर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस ने 40 से 50 युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से अधिकांश स्कूल-कॉलेज के छात्र हैं। कैफे से बियर की बोतल और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार अवैध रूप से संचालित इन कैफे पर अनैतिक कार्य कराया जा रहा था। प्रशासन की टीम को मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई है। पुलिस ने मौके पर मौजूद कैफे के संचालक, युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक यह कैफे पिछले कई साल से संचालित हो रहे थे। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सभी खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। फिलहाल इन दोनों कैफे का खाद्य सुरक्षा विभाग में कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। इस मामले में दोनों कैफे को सील करने की बात भी कही जा रही है।

# सीएम हाउस में शिफ्ट हुईं आतिशी कर्मचारियों के साथ की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, सीएम आवास में शिफ्ट हो गई हैं। सिविल लाइंस स्थित सीएम आवास में आने के बाद उन्होंने सोमवार को पहली बैठक भी की। यह बैठक सीएम और सीएम आवास के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच हुई। यह वही सीएम आवास है, जिसमें पहले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहा करते थे। आम आदमी पार्टी (आप) का कहना है कि बतौर मुख्यमंत्री आतिशी अब इसी आवास में रहेंगी। पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए आतिशी सीएम हाउस में शिफ्ट हुई हैं। अरविंद केजरीवाल ने पिछले महीने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था, जिसके बाद आतिशी ने सीएम पद की शपथ ली और अब वह सीएम आवास में शिफ्ट हो गई हैं।




# भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान को दुबई में पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत के साथ पुनर्जीवित किया, जबकि पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड से 52 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से भारत को ग्रुप ए में अपने पहले अंक मिले, जबकि पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर अपना खाता पहले ही खोल लिया था।

ग्रुप-स्टेज के दो मैच बचे हैं, ऐसे में भारत को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए दोनों मैच जीतने होंगे। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी और भारत अधिकतम छह अंक तक पहुंच सकता है। उस स्थिति में, यदि न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है, तो भारत के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह अंक पर्याप्त होंगे, बशर्ते पाकिस्तान अपने बचे हुए मैचों में से केवल एक ही जीत ले। यदि पाकिस्तान और भारत अपने बचे हुए प्रत्येक मैच जीत जाते हैं और न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत जाता है, तो छह अंकों पर तीन-तरफा टाई होगी जिसे नेट रन रेट के माध्यम से हल किया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया से हारने पर और बढ़ेगा संकट

अगर भारत श्रीलंका को हराने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार जाता है, तो उसकी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें दूसरे नतीजों पर निर्भर होंगी। इसके लिए न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हारना होगा या ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना होगा। उस स्थिति में, तीन टीमें चार अंकों पर बराबर होंगी और नेट रन रेट दूसरे क्वालीफायर का निर्धारण करेगा।

## विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड महिला टीम 3 वनडे के लिए आयेगी भारत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला टीम अहमदाबाद में चल रहे टी20 विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। ये तीन मैच क्रमशः 24, 27 और 29 अक्टूबर को खेले जाने हैं, जो आईसीसी महिला एकदिवसीय चैम्पियनशिप 2022-25 का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड को पिछले साल इस दौरे के लिए आना था, लेकिन 2023 की भारतीय टीम की व्यस्त सर्दियों के कारण इस श्रृंखला को स्थगित करना पड़ा, जिसमें डब्ल्यूबीबीएल के नौवें संस्करण के समापन के बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो एक-एक टेस्ट मैच शामिल थे। चैंपियनशिप पॉइंट्स के साथ, दोनों टीमों के पूरी ताकत से खेलने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि ए-लिस्टर्स डब्ल्यूबीबीएल 2024 में अपनी-अपनी टीमों के कम से कम पहले दो राउंड मिस कर सकते हैं, जो दूसरे वनडे के साथ ही शुरू होगा। इस साल छह भारतीय ऑस्ट्रेलियाई लीग में जा रहे हैं, जिनमें उप-कप्तान स्मृति मंधाना भी शामिल हैं। डब्ल्यूबीबीएल के समापन के बाद, 1 दिसंबर को, भारतीय टीम को 5-11 दिसंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। न्यूजीलैंड वर्तमान में 10 टीमों की आईडब्ल्यूसी स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है, जिसने अब तक अपने 18 वनडे में से केवल आठ जीते हैं। 2025 के वनडे विश्व कप की मेजबानी करने के कारण भारत को इस मेगा इवेंट के लिए स्वतः ही क्वालिफाई करना होगा। इस शोपीस इवेंट से पहले महिला टीम को ज्यादा से ज्यादा जगहों पर खेलने का मौका देने के लिए, बीसीसीआई ने नए बने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेल आयोजित करने का फैसला किया है। भारत के अलावा, आईडब्ल्यूसी तालिका में शीर्ष पाँच टीमें अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाले टूनामेंट में आगे बढ़ेंगी, जबकि शेष चार को अपनी जगह बनाने के लिए क्वालीफायर से गुजरना होगा।

## आईएसएसएफ निशानेबाजी के शीर्ष पर रहे भारतीय जूनियर्स

- अंतिम दिन पांच और पदक जीता, 13 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों के साथ पदक तालिका में रहा अव्वल

एजेंसी



**लीमा।** जूनियर भारतीय निशानेबाजी टीम ने पेरू के लीमा में आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) जूनियर विश्व चैम्पियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के अंतिम दिन एक स्वर्ण सहित पांच और पदक जीते। भारत ने कुल 24 पदक (13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर अपना अभियान समाप्त किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण और कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारत के लिए स्वर्ण पदक रविवार को जूनियर पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में आया, जहां दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्र (528) ने संयुक्त रूप से 1616 अंक हासिल किए, जिससे भारत ने अजरबैजान को एक अंक से पीछे छोड़ दिया। अर्मेनिया तीसरे स्थान पर रहा। मुकेश नेलावल्ली ने भी इस स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता का उनका छठा पदक था, उन्होंने 60 शॉट में कुल 548 अंक बनाए। अजरबैजान के इमरान गरायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में, परीशा गुप्ता ने 540 अंक लेकर व्यक्तिगत रजत पदक जीता। वह हंगरी की मिरियम जाको के 546 अंक को पार नहीं कर सकीं, जो जूनियर विश्व रिकॉर्ड था। सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने भी मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम रजत पदक दिलाया, जो अजरबैजान से पीछे रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचवीं भारतीय दिवांशी ने 523 अंक बनाकर आठवां स्थान हासिल किया।

अंतिम दिन की दूसरी स्पर्धा में, शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने मिलकर जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाया, जिसमें प्रत्येक ने 75 से अधिक लक्ष्य बनाए। शार्दुल ने 71 अंक बनाए, जबकि सबीरा ने 67 अंक बनाए, जिससे दोनों का कुल स्कोर 138 रहा, जो स्वर्ण जीतने वाले चेक गणराज्य (141+8) और रजत जीतने वाले इटली (141+7) के स्कोर से पीछे था। इस स्पर्धा में दूसरी भारतीय जोड़ी जुहैर खान और भव्य त्रिपाठी ने कुल 134 अंक बनाकर संयुक्त छठा स्थान हासिल किया।

## पाकिस्तान ने जाहिद महमूद व नोमान अली को टीम से किया बाहर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लेग स्पिनर जाहिद महमूद और बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स नोमान अली को अपनी टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान ने केवल पहले टेस्ट के लिए अपनी टीम की घोषणा की थी, जिसमें महमूद को देर से शामिल किया गया था, जो 16वें खिलाड़ी थे। लेग स्पिनर को पाकिस्तान द्वारा शुरूआती टेस्ट के लिए 15 खिलाड़ियों की घोषणा करने के एक दिन बाद जोड़ा गया था। उन्होंने केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं। अली पिछले साल तक पाकिस्तान की टीम में नियमित रूप से शामिल थे। उन्हें पिछले दिसंबर में तीव्र अपेंडिसाइटिस के कारण पाकिस्तान के टेस्ट दौरे की शुरूआत से पहले ऑस्ट्रेलिया से स्वदेश लौटना पड़ा था और अगस्त और सितंबर में बांग्लादेश के दो टेस्ट के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम में उनका नाम नहीं था। पाकिस्तान ने अपनी टीम में 15 खिलाड़ियों को शामिल किया था और चोटिल खुर्रम शहजाद की जगह अली को शामिल किया था। हालांकि, इस कदम से पाकिस्तान के पास केवल तीन रिजर्व खिलाड़ी मोहम्मद हुरैरा, सरफराज अहमद और मीर हमजा रह गए हैं।

## श्रीलंका क्रिकेट ने सनथ जयसूर्या को बनाया पुरुष टीम का हेड कोच

एजेंसी

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। श्रीलंका के पूर्व ओपनर रह चुके जयसूर्या के मार्गदर्शन में टीम ने खासकर भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। जयसूर्या की नियुक्ति 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है और वह 31 मार्च 2026 तक इस पद पर रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के बयान के अनुसार, "श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने यह निर्णय हाल के भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दौरे पर टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए लिया, जहां जयसूर्या अंतरिम मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ थे।" मुख्य कोच के रूप में जयसूर्या की पहली जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सीमित ओवरों के मैच होंगे, जो दांबुला और पल्लेकेले में खेले जाएंगे। जयसूर्या पहले श्रीलंका क्रिकेट के सलाहकार रह चुके हैं। उनको पहली बार जुलाई में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पिछले कुछ महीनों में जयसूर्या की देखरेख में, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती, 10 साल में पहली बार इंग्लैंड को उनकी धरती पर टेस्ट मैच में हराया, और हाल ही में न्यूजीलैंड को घरेलू टेस्ट में 2-0 से हराया। 1991 से 2007 तक जयसूर्या ने 110 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 40.07 की औसत से 6973 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। 445 वनडे मैचों में उन्होंने 13,430 रन बनाए, 32.36 की औसत से 28 शतक और 68 अर्धशतक लगाए।



## गर्दन की चोट के कारण ब्राजील के विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हुए विनीसियस जूनियर

**साओ पाउलो।** ब्राजील के फारवर्ड विनिसियस जूनियर चोट के कारण चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे, जिससे वह टीम में प्रतिस्थापित होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। ब्राजील फुटबॉल संघ (सीबीएफ) ने रविवार को उक्त जानकारी दी। विनिसियस जूनियर के क्लब रियल मैड्रिड ने कहा कि शनिवार को विलारियल के खिलाफ 2-0 की घरेलू जीत के दौरान विनीसियस को गर्दन में चोट लग गई थी। सीबीएफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को उनकी जगह लेने के लिए बुलाया गया है। विनीसियस की चोट ने कोच डोरिवल जूनियर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, क्योंकि आठ मैचों के बाद 10 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ के विश्व कप क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील को 10 अक्टूबर को सैंटियागो में चिली का सामना करना है, उसके बाद पांच दिन बाद ब्रासीलिया में पेरू की मेजबानी करनी है।



## ग्लोबल सुपर लीग टी-20 का उद्घाटन संस्करण 26 नवंबर से

**गुयाना।** एक नए क्रिकेट टूनार्मेंट ग्लोबल सुपर लीग टी-20 का पहला संस्करण 26 नवंबर से 7 दिसंबर 2024 तक खेला जाएगा, जिसमें पांच अलग-अलग देशों की पांच टीमें 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की महत्वपूर्ण पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस आयोजन में गुयाना अमेजन वॉरियर्स और दुनिया भर की चार अन्य स्थापित टी20 टीमें भाग लेंगी। आयोजकों ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। यह दक्षिण अमेरिका का पहला स्टैंडअलोन क्रिकेट आयोजन होगा और इसे क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा मंजूरी दी गई है और गुयाना सरकार द्वारा इसका पूरा समर्थन किया जाता है, जो इस टूनार्मेंट में एक प्रमुख हितधारक होगी। इस आयोजन में 11 मैचों की एक मिनी लीग होगी, जिसमें प्रत्येक टीम चार मैच खेलेगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जुलाई-सितंबर तिमाही में भारतीय कंपनियों ने किए 551 सौदे, दो साल में सर्वाधिक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारतीय कंपनियों ने 19 अरब डॉलर मूल्य के 551 सौदे किए, जो संख्या के आधार पर दो साल में सबसे अधिक है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। 'ग्रांट थॉर्नटन भारत डीलट्रैकर' के अनुसार, मौजूदा कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में 4.1 अरब डॉलर मूल्य के 25 आईपीओ भी आए। इस अवधि में 214 विलय एवं अधिग्रहण सौदे हुए, जिनका मूल्य 11.4 अरब डॉलर था। यह इस साल अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में संख्या के हिसाब से 57 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 65 प्रतिशत की वृद्धि है, जो देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती और बढ़ते आत्मविश्वास का प्रमाण है। ग्रांट थॉर्नटन भारत की पार्टनर शांति विजेता ने कहा, "साल 2023 की पहली तिमाही से ही देश में संख्या के हिसाब से सौदों का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ रहा है। "साल 2024 की तीसरी तिमाही में यह अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो घरेलू बाजार की मजबूती को दर्शाता है। यह घरेलू और सीमा-पार लेनदेन से प्रेरित है और निवेशकों के बीच विश्वास पैदा कर रहा है। इसके अतिरिक्त, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) गतिविधियों का रिकॉर्ड स्तर और आईपीओ की बढ़ती संख्या दिखाती है कि भारतीय पूंजी बाजार में उत्साह है। विजेता ने कहा, "हमें उम्मीद है कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, सस्टेनेबिलिटी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश के कारण यह गति जारी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पार गतिविधि 10 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 5.3 अरब डॉलर मूल्य के 35 सौदे हुए। इनमें भारती एंटरप्राइजेज द्वारा एक ब्रिटिश दूरसंचार समूह में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी का चार अरब डॉलर में अधिग्रहण सबसे प्रमुख रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू गतिविधियों में भी संख्या के हिसाब से 54 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 24 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। संख्या के मामले में तीसरी तिमाही में सर्वकालिक उच्चतम स्तर देखा गया। निजी इक्विटी के 7.6 अरब डॉलर मूल्य के 337 सौदे हुए जो 2022 की तीसरी तिमाही के बाद से सबसे अधिक संख्या है। इस तिमाही में उच्च मूल्य वाले सौदों में 23 सौदे 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के थे, जिनकी कुल कीमत 4.9 अरब डॉलर थी। सभी सौदों के कुल मूल्य में इनका योगदान 65 प्रतिशत रहा। प्रारंभिक चरण के वित्तपोषण में



### पहली छमाही में वाहनों की खुदरा बिक्री 6.5 प्रतिशत बढ़ी, ग्रामीण मांग बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में कमजोर रहने के बावजूद मौजूदा वित्त वर्ष के पहले छह महीने में इसमें 6.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मजबूत ग्रामीण मांग के कारण यह संभव हो सका है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि इस साल सितंबर में वाहनों की ओवरऑल बिक्री पिछले साल के समान महीने की तुलना में 9.26 फीसदी कम रही। सितंबर 2023 में देश में 18,99,192 वाहन बिके थे जबकि सितंबर 2024 में यह संख्या 17,23,330 इकाई रही। इसमें यात्री वाहनों में 18.81 फीसदी, वाणिज्यिक वाहनों में 10.45 फीसदी और दोपहिया वाहनों में 8.51 फीसदी की गिरावट शामिल है।

## महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, टैक्स में छूट के साथ 7.5 प्रतिशत का ब्याज

**नई दिल्ली।** भारत में सरकार की ओर से महिला केंद्रित कई बचत योजनाएं चलाई जाती हैं। ऐसी ही एक योजना 'महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र' (एमएसएससी) है। यह स्कीम खासकर महिलाओं के लिए लाई गई है। इस स्कीम में आप मार्च 2025 तक निवेश कर सकते हैं। इसमें दो साल के लिए निवेश किया जाता है और आप अधिकतम 2 लाख रुपये तक की राशि जमा कर सकते हैं। यह स्कीम महिलाओं को बचत और निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाई गई है। महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र स्कीम में कोई भी महिला निवेश कर सकती है। इस स्कीम के तहत नाबालिग खाता अभिभावकों द्वारा खोला जाता है। एमएसएससी सरकार समर्थित स्कीम है और यह 100 प्रतिशत सुरक्षित है। भारत सरकार की इस स्कीम पर मौजूदा समय में 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाता है। स्कीम के तहत जमा राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज तिमाही आधार पर जुड़ता है। अगर कोई महिला एमएसएससी में अधिकतम 2 लाख रुपये निवेश करती है तो उसे निवेशित अवधि के दौरान 32,044 रुपये का कुल ब्याज मिलेगा। 2 वर्ष बाद मैच्योरिटी अमाउंट 2,32,044 रुपये होगा।

## सोशल मीडिया पर बवाल से ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 90 रु के नीचे फिसला

एजेंसी

**मुंबई।** भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली ओला इलेक्ट्रिक के शेयर सोमवार को 90 रुपये के नीचे फिसल गया। शेयर में गिरावट की वजह सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक के स्कूटर्स को लेकर लगातार आ रही शिकायतें हैं। शुरुआती कारोबारी घंटे में शेयर ने करीब 9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.55 का न्यूनतम स्तर छुआ। बाद में शेयर में हल्की रिकवरी देखने को मिली और यह देर सुबह 11:30 बजे 6.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.20 रुपये पर था। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 76 रुपये के भाव पर अगस्त में बाजार में लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद शेयर में काफी तेजी देखने को मिली थी और कुछ हफ्तो में शेयर का भाव करीब दोगुना होकर 157.40 रुपये पर पहुंच गया था, जो कि इसका उच्चतम स्तर है। फिलहाल शेयर अपने उच्चतम स्तर से 42 से 43 प्रतिशत फिसल चुका है। ओला के शेयर में गिरावट आने की वजह कंपनी के लिए लगातार नकारात्मक खबरों का आना है। सितंबर के बिक्री के आंकड़ों में कंपनी का मार्केट शेयर गिरकर 27 प्रतिशत हो गया है, जो कि पहले 30 प्रतिशत से अधिक था। कंपनी ने पिछले महीने 24,665 ईवी स्कूटर्स बेचे थे। अगस्त में यह आंकड़ा 27,587 यूनिट्स का था। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में गिरावट की एक वजह बाजार में प्रतिस्पर्धा का बढ़ना है।



## भारतीय शेयर बाजार धराशायी, सेंसेक्स 638 अंक फिसला, निवेशकों के डूबे करीब 9 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 638 अंक या 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,050 और निफ्टी 218 अंक या 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,795 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ रुपये कम होकर 452 लाख करोड़ रुपये रह गया। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में यह 461 लाख करोड़ रुपये पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,174 अंक या 2.01 प्रतिशत गिरकर 57,300 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 515 अंक या 2.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,242 पर था। आईटी इंडेक्स को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं।



### मृतक के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

# राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करेगी : सीएम हेमंत

- *हमारी झारखंड सरकार संवेदनशील, जिम्मेवारियों का कर रही निर्वहन*
- *उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाली*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। वहीं मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व. मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को 5 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं घटित हुई हैं जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घटनाओं में हमसभी से जिनका साथ छूटा है, जो हमें छोड़ गए उन्हें तो वापस नही लाया जा सकता है, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सके, किस प्रकार एक-दूसरे का सहयोग करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें यह बहुत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपने जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आज यहां एकत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हमेशा ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुःख को बंटता आया हूं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखने वाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिला है। पहले भी राज्य सरकार की ओर से कई बहाली प्रक्रियाएं हुई हैं लेकिन ऐसी घटना यदा-कदा ही देखने और सुनने को मिली है।

मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## मॉब लिंचिंग की घटनाएं दु:खदायी और दर्दनाक

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर विभिन्न मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है यह घटना भी काफी दुःखदाई और दर्दनाक है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित पीड़ित परिवारों के आश्रितों से कहा कि हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। आज आपसभी पीड़ित परिवार के लोगों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान की जा रही है, यह आपके प्रति राज्य सरकार का एक संवेदना मात्र है। आने वाले दिनों में आप पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेगी। आपको अपने पैरों पर खड़ा कर सके इस निमित्त सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ा जाएगा। आपके बच्चों की पढ़ाई तथा आपके भविष्य की सुरक्षा की चिंता हमारी सरकार कर रही है। आने वाले समय में पूरा सरकारी महकमा आपको सहायता करेगा।

## उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई मृत्यु की जांच आवश्यक

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस घटनाओं के विस्तृत जांच का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने राज्य में वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में पुलिस नियुक्तियां तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है उसे समय भी राज्य सरकार के लिए कैसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेगी। यही कारण है कि केंद्र सरकार से हमारी सरकार ने डॉक्टर की एक बड़ी टीम को इस घटना की संपूर्ण जांच के लिए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

# बदले गए 19 अंचल के सीओ, ताला तोड़कर चार्ज लेने वाले का भी ट्रांसफर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोमवार को राज्य सरकार ने 19 अंचल अधिकारियों (सीओ)का तबादला किया है, भू-राजस्व विभाग के द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। ताला तोड़कर चार्ज लेने बाद चर्चा में आए रांची के नामकुम अंचल के पद पर पदस्थापित अंचल अधिकारी राम प्रवेश को गुमला जिले के डुमरी अंचल का अंचल अधिकारी बनाया गया है।




जारी अधिसूचना के अनुसार विजय हेमराज खलखो को पश्चिम सिंहभूम के मझगांव का सीओ, पंकज कुमार भगत को सिमडेगा के बांसजोर का सीओ, चोनाराम हेंब्रम को करमातांड़ जामताड़ा के करमाटांड का सीओ बनाया गया है। इसी प्रकार शंभू राम को सिमडेगा के जलडेगा का सीओ, मनोज कुमार को पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर का सीओ, संजय पांडे को गिरिडीह के जमुआ का सीओ, निशांत अंबर को पूर्वी सिंहभूम घाटशिला का सीओ, हेमंत लाल महतो को जामताड़ा के फतेहपुर का सीओ, विजय कुमार को लातेहार के बालूमाथ का सीओ, तृप्ति विजय कुजूर को खूंटी के अड़की का सीओ, पवन कुमार को पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया का सीओ, कमल किशोर सिंह को रांची के नामकुम का सीओ, रामप्रवेश कुमार को गुमला के डुमरी का सीओ, राकेश कुमार तिवारी को पलामू के बिश्रामपुर का सीओ, मोहम्मद मोदस्सर नजर मंसूरी को लोहरदगा के सेन्हा का सीओ, फुलेश्वर साहू को पश्चिम सिंहभूम के खूंटपानी का सीओ, विजय कुमार दास को चतरा के टंडवा का सीओ, अरुणिमा एक्का को रांची के सिल्ली का सीओ, प्रवीण कुमार सिंह को धनबाद के बलियापुर का सीओ बनाया गया है।

साथ ही जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य पदाधिकारी का पदस्थापन हो गया है, उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है वह राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में अपना योगदान देंगे।

# रिश्वत मामले में सीएमपीडीआई के इंजीनियर को 4 साल की कैद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को 7 साल पुराने रिश्वत मामले में अभियुक्त सीएमपीडीआई रांची के तत्कालीन सिविल इंजीनियर उमा शंकर कुमार को दोषी करार कर 4 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे 4 महीने अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सीबीआई ने अभियुक्त इंजीनियर को 13 नवंबर 2017 को 13 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। वह शिकायतकर्ता नंद गोपाल त्रिपाठी से बैंक गारांटी और सुरक्षा जमा जारी करने के एवज में रिश्वत ले रहा था। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने अदालत के समक्ष नौ गवाहों को प्रस्तुत किया था। अभियुक्त ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत सीबीआई के एसपी को दी। एसपी के निर्देश पर डीएसपी तपेश पचौड़ी ने इसे सत्यापित किया था। प्री-ट्रैप मेमोरेंडम तैयार करने के बाद उसके दबोचने के लिए एक जाल बिछाया गया और ट्रैप के दौरान उसके हाथों से 13 हजार रुपए रंगे हाथों पकड़ा गया था।

# भाजपा की सांगठनिक कार्यक्रमों में सरकारी हस्तक्षेप अवैध : हिमंता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए असम सरकार के मुख्यमंत्री एवम झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक, प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। कहा जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

# पीएम ने फोन पर जाना पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के स्वास्थ्य का हाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन को फोन कर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान चंपाई सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। चंपाई सोरेन ने उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टरों के अथक प्रयास और आम लोगों की दुआओं से अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चम्पाई सोरेन की तारीफ करते हुए कहा कि आप अस्वस्थ रहने के बावजूद आस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आयोजित आदिवासियों के महासम्मेलन में शामिल हुए। इस फोन कॉल के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने मीडिया से कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व पर जो संकट मंडरा रहा है, उसे देखते हुए, समाज के लोगों को जागरूक एवं संगठित करना जरूरी है। समाज की माटी, रोटी, बेटी तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन को शनिवार को स्वास्थ्य संबिधित जटिलताओं की वजह से टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें रविवार को बरहेट में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने अस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरीये सभा को संबोधित किया।



# जमीन माफिया कमलेश कुमार ने दाखिल की जमानत याचिका



**रांची।** जमीन माफिया कमलेश कुमार ने सोमवार को जमानत की गुहार लगाते हुए पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की कोर्ट में याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर मंगलवार को अदालत में सुनवाई होगी। मामले में जमानत की गुहार चार्जशीट दाखिल करने के बाद लगाई है। ईडी ने 24 सितंबर को कमलेश सिंह सहित छह के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। आरोपित कमलेश को ईडी ने 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। ईडी की छापेमारी के दौरान उसके आवास से एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी मिली थी। साथ ही 100 जिंदा कारतूस भी ईडी ने बरामद किया था।

# राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे लोगों से मिले धर्मेंद्र तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजभवन के सामने धरना पर बैठे संगठनों से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी मिले। सभी की समस्याओं को सुना वहीं कहा कि हमारा प्रयास होगा की सरकार आपकी मांगों को माने। धरना में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ, झारखंड राज्य की आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ शामिल हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना राज्य बनने से पूर्व बिहार शिक्षा परियोजना था आज बिहार शिक्षा परियोजना में कर्मियों को अधिक लाभ मिलता है पर झारखंड में नहीं। चतुर्थ वेतनमान के बाद कोई वेतन वृद्धि नहीं हो पाई है। बिहार में महंगाई भत्ता का लाभ भी दिया जाता है झारखंड में कई विभागों में संविदा कर्मियों को महंगाई भत्ते का लाभ मिलता है परंतु परियोजना में नहीं।



आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका का मांग पत्र में सरकार की ओर से सकारात्मक पहल का अभाव है। इसी कारण से सेविका सहायिका में आक्रोश है। पिछले माह रैली की शक्ल में इन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन किया। उस समय सरकार के प्रतिनिधि विधायक सुदीब्य सोनू ने विश्वास दिलाया कि कैबिनेट में आपकी मांगों को हम पूर्ण करा देंगे। लेकिन उनकी आठ सूत्री मांगों को सरकार ने नजर अंदाज किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ के राज्य कार्यकारिणी की बैठक में संघ के लंबित मांगे पर विचार किया गया था। 17-18 वर्षों से शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी कई बार सरकार से मिले पर आश्वासन ही मिलते गया इनके लिए कोई नीति नहीं बनी। एक तरफ सरकार महिलाओं के बारे में बात करती है। महिलाओं का सम्मान करती है दूसरी और जो महिलाएं शिक्षा का दीपक जला रही हैं उनको परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है।

# गोगो-दीदी योजना से डरी हुई है झामुमो, कांग्रेस व राजद : बाउरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कोई राज्य की महिलाओं को हक देने का प्रयास कर रहा है तो सीएम हेमंत को परेशानी है। अगर बांग्लादेशियों को किसी योजना का लाभ देना होता तो सीएम समर्थन में सबसे आगे खड़े होते। लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी ठगबंधन खुलेआम महिलाओं से फॉर्म भरवा रही थी। तब मुख्यमंत्री को आनंद की अनुभूति हो रही थी। यह नियम आचार संहिता लगने के पश्चात की है। आचार संहिता लगने के पूर्व अगर कोई राजनीतिक दल अपने वादों को लेकर राज्य की जनता के समक्ष जाता है, तो उसमें क्या समस्या है? समस्या सिर्फ वैसे लोगों को है जिनकी जमीन खिसक चुकी है। समय बदलेगा, परिस्थितियों बदलेंगी। राज्य के अफसरों पर निशाना साधते हुए कहा कि वैसे पदाधिकारी भी ध्यान रखें: समय बदलेगा, परिस्थितियों बदलेंगी, ऐसा कोई कार्य न करें कि एक राजनीतिक दल का कार्यकर्ता होने का मुहर लग जाए और भविष्य में परेशानियां खड़ी हो। राज्य में भाजपा नेतृत्व की सरकार आएगी। राज्य की हर महिला को महीने की 11 तारीख को 2100 रुपए दिए जाएंगे। इसे कोई भी कुंठित मानसिकता नहीं रोक सकती।



*आचार संहिता लगने के पूर्व अगर कोई राजनीतिक दल अपने वादों को लेकर राज्य की जनता के समक्ष जाता है, तो उसमें क्या समस्या है?*

## पृष्ठ एक के शेष

**बहुप्रतिक्षित अपोलो अस्पताल...**
के अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना के 291 लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपी। मालूम हो कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 2011 में करीब एक हजार अवैध आवास तोड़ दिया था। फ्लैट के एवज में रांची नगर निगम ने लाभुकों से 50 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी लिया है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, प्रशासक नगर निगम संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

**झारखंड में लागू होगा एनआरसी...**
संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू आबादी भी प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक के लालच में हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों के आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं, यह देश के लिए बड़ा खतरा है। आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसा कर उनसे शादी कर जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है।

**नक्सली मानवाधिकार के सबसे...**
और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

**विकास कार्यों पर बढ़ाया खर्च :** उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत 2004-2014 के बीच इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 के बीच हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो लगभग तीन गुना है। एसआरई मुख्य योजना है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में योगदान देती है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दशक में 3590 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शाह ने कहा कि 2019 से पहले सैनिकों के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के छह और वायुसेना के छह हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सैनिकों की मदद करते हैं।

**हर माह होगी समीक्षा बैठक :** नक्सल प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करें।

**सरकार चाहे जितने मुकदमे दर्ज...**
में मुकदमा कायम करते हुए सूचना दें।" सीएम सोरेन के इस आदेश के बाद कई जिलों में प्रशासन ने पत्र निकालकर लोगों को 'आगाह' किया है। मसलन, गिरिडीह जिले में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि 'गोगो दीदी योजना' नाम से कोई योजना संचालित नहीं है। इसे लेकर कोई आवेदन प्रपत्र जारी नहीं किया गया है। लोगों से अपील की गई है कि भ्रामक विज्ञापन से बचें।

**सीएम के पास संवैधानिक ज्ञान का अभाव : भाजपा**
भारतीय जनता पार्टी ने सीएम के आदेश को असंवैधानिक करार दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान एवं समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं। मरांडी ने कहा, "पंच प्रण के तहत 'गोगो दीदी योजना' द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2,100 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तीकरण का लाभ मिल सके।" उन्होंने कहा,"हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जाएं।" उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए कहा, "आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपा कार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे।

**मेडिसिन के लिए विक्टर...**
के लिए मूलभूत रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। बता दें कि न्यू हैम्पशायर में जन्मे एम्ब्रोस ने साल 1979 में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पीएचडी की। उन्होंने कैम्ब्रिज से एमए किया है। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में प्राकृतिक विज्ञान में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, रुवकुन का जन्म 1952 में कैलिफोर्निया में हुआ था। उन्होंने 1982 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। वह हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं। नोबेल पुरस्कार का ऐलान कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के 50 प्रोफेसरों की नोबेल असेंबली की ओर से हर साल किया जाता है।


# 2006 से बंद डकरा केंद्रीय विद्यालय में अगले सत्र से शुरू होगी पढ़ाई : संजय सेठ

रांची। नवरात्र पर डकरा खलारी क्षेत्र को रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने सौगात दी है। वर्ष 2006 से बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय एक बार पुन आरंभ होने वाला है। आने वाले सत्र 2025-26 से यहां पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। इस आशय की जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को दी। सेठ ने कहा कि डकरा खलारी का केंद्रीय विद्यालय पुनः आरंभ हो। यहां के बच्चों को अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था, अच्छा शैक्षणिक माहौल मिल सके, इस दिशा में उनका प्रयास सांसद बनने के साथ ही 2019 से जारी था। कोयला मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय के बाद अब सुखद परिणाम सामने आया है। सीसीएल के जरिये पुनः उस केंद्रीय विद्यालय को आरंभ करने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे शिक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। इसे आरंभ करने की स्वीकृति भी दे दी है। शैक्षणिक क्षेत्र 2025-26 से इस विद्यालय में नामांकन और पढ़ाई शुरू हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्रीय विद्यालय के पुराने भवन को ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस भवन को बेहतर स्थिति में बनाकर विद्यालय का पठन पाठन का कार्य आरंभ किया जाएगा। इसके बाद बहुत जल्द नया भवन भी तैयार होगा। इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है। नया भवन बिल्कुल अत्याधुनिक होगा, जहां बच्चों के लिए कई सुविधाएं मौजूद होंगी। सेठ ने कहा कि यहां केंद्रीय विद्यालय के आरंभ होने से क्षेत्र के कामगारों ग्रामीण नागरिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सकेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल और प्रयास के धरातल पर उतरने से क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं और नागरिकों में हर्ष है। क्षेत्र के लोगों ने रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

# राजनीतिक विरोधियों ने मेरे खिलाफ साजिश रची : बन्ना गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंत्री बन्ना गुप्ता ने एक बार फिर फर्जी एफआईआर पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होने कहा कि मेरे साथ राजनीतिक विरोधियों ने कुंठित मानसिकता का परिचय देते हुए मेरे चरित्र के हनन का प्रयास किया है। उन्होने कहा कि पिछली बार भी मेरे फर्जी वीडियो को सरयू राय ने पोस्ट किया था। इस संबंध में उनके कट्टर समर्थक, एक कथित पत्रकार और स्वास्थ्य विभाग के एक चिकित्सक जिन पर विभागीय कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार भी सरयू समर्थकों ने ही मुझे नीचे दिखाने और चरित्र हनन के लिए एक सोची साझी साजिश के तहत फर्जी एफआईआर को हर सोशल मीडिया पर प्रचारित और प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि मैं सरयू राय से पूछना चाहता हूं आप 10 साल विधायक रहें, 5 साल मंत्री रहें तो आपने मानगो फ्लाईओवर के बारे क्यों नहीं सोचा? एमजीएम अस्पताल के जीर्णोद्धार के बारे में क्यों नहीं सोचा? आप हर साल स्वर्णरेखा का पानी बोतल में बंद कर लें जाते रहें, कॉर्पोरेट घरानों को डराते धमकाते रहें लेकिन रिपोर्ट क्यों नहीं सार्वजनिक करते हैं? स्वर्णरेखा के जीर्णोद्धार के लिए आपने क्या किया हैं? जब मैंने जाममुक्त जमशेदपुर के सपने को साकार करने के लिए मानगो फ्लाईओवर निर्माण में आगे बढ़ते हुए अधिकारीयों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इससे भी पेट में दर्द शुरू हुआ, कभी इस परियोजना को सफेद हाथी कहा, पैसे की बबार्दी कहा, मुझे हठधर्मी कहा और इस परियोजना को रोकने के लिए टाटा स्टील, फॉरेस्ट, एनजीटी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्यसचिव समेत ना जाने कितने लोगो और संस्थाओं को पत्र लिखकर विकास कार्य को रोकने एवं बाधा डालने का प्रयास किया।




## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।
(जिला सामान्य शाखा)

### आवश्यक सूचना
**चौकीदारी नियुक्ति विज्ञापन सं0 01/2024**

गढ़वा जिला में चौकीदार नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा एवं शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का मेघा सूची के अनुसार अंतिम औपबंधिक परीक्षाफल / परिणाम गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। निदेशानुसार, सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सा जाँच निम्न तालिका में दिये गये समयानुसार किया जायेगा, जिसमें सफल अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) के साथ ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| चिकित्सा जाँच करने की तिथि एवं समय | अनारक्षित, (Unreserved) आ0क0वर्ग (EWS) | दिनांक 07.10.2024, को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक |
| | पिछड़ा वर्ग, (BC-II) अनुसुचित जनजाति (ST) | दिनांक 08.10.2024, को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक |
| स्थान | सदर अस्पताल गढ़वा। | |

PR 338323District(24-25)D

प्रभारी पदाधिकारी,जिला सामान्य शाखा, गढ़वा।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति में मालदीव का अहम स्थान : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' पॉलिसी और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी विजन अपनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, 'दोनों पड़ोसी देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का फैसला किया है और साथ ही स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम किया जाएगा।' प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और सबसे करीबी मित्र है। पीएम मोदी ने कहा, "भारत ने हमेशा मालदीव के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के तक जरूरी वस्तुओं को पहुंचाना हो, प्राकृतिक आपदा के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड के दौरान टीके उपलब्ध कराना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई है। दोनों नेताओं ने डेवलपमेंट पार्टनरशिप, ऊर्जा, व्यापार, वित्तीय जुड़ाव और रक्षा सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रिश्तों को और गहरा करने के लिए व्यापक चर्चा की और कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने कहा, आज हमने रीडेवलप्ड हनीमाधू एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। अब ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट में भी तेजी लाई जाएगी। थिलाफुशी में एक नए कमर्शियल बंदरगाह के विकास के लिए भी मदद दी जाएगी। आज भारतीय सहायता से निर्मित 700 से अधिक सोशल हाउसिंग यूनिट्स भी सौंपी गई।



> मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इस तरह के पहले लेनदेन के गवाह बने। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मालदीव में रुपे कार्ड लॉन्च किया गया। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ जाएंगे।

> 'दोनों पड़ोसी देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का फैसला किया है और साथ ही स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम किया जाएगा।'

# हिजबुल्लाह ने दागे रॉकेट लेबनान पर इजरायल का एयर स्ट्राइक



एजेंसी

**बेरूत।** हिजबुल्लाह ने सोमवार को उत्तरी इजरायल के शहर हाइफा पर रॉकेट से हमला किया। लेबनानी ग्रुप ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि गाजा पट्टी में हमारे दृढ़ फिलिस्तीनी लोगों, उनके बहादुर और सम्मानजनक प्रतिरोध के समर्थन में, लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में, शहरों, गांवों, नागरिकों पर बर्बर इजरायली आक्रमण के जवाब में एक बड़े रॉकेट से बमबारी की। वहीं लेबनानी सैन्य सूत्रों ने इजरायल ने सोमवार तड़के दक्षिणी लेबनान के कस्बों, गांवों और खुले इलाकों पर 30 हवाई हमले किए। पूर्वी लेबनान के बालबेक शहर और उसके आसपास के इलाकों पर 28 हवाई हमले दर्ज किए गए, जबकि इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान के 34 से अधिक सीमावर्ती गांवों और कस्बों पर लगभग 200 गोले दागे।

## युद्ध विराम का समय आ गया है : इजरायली पीएम से बोले फ्रांस के राष्ट्रपति



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मध्य पूर्व के हालत के बारे में टेलीफोन पर बातचीत की। यह चर्चा ऐसे समय में हुई जब मैक्रों द्वारा यहूदी राष्ट्र के लिए हथियारों की सप्लाई रोकने की मांग करने पर दोनों देशों के संबंधों में तल्खी आ गई। एलीसी पैलेस (फ्रेंच प्रेसिडेंट का आधिकारिक निवास) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रविवार को दोनों नेताओं ने अपनी अलग-अलग राय को स्वीकार किया और बेहतर समझ के लिए अपनी पारस्परिक इच्छा पर जोर दिया। मैक्रों ने नेतन्याहू को बताया कि उनका मानना है कि अब युद्ध विराम का समय आ गया है। बता दें शनिवार शाम को मैक्रों के रेडियो इंटरव्यू के बाद वीकेंड में फ्रांस-इजरायल संबंध तनावपूर्ण हो गए। मेक्रों ने राजनीतिक समाधान को अहमियत दिए जाने पर जोर दिया और गाजा में मिलिट्री अभियानों के लिए इजरायल को हथियारों की सप्लाई रोकने की अपील की।

## 7 अक्टूबर हमले की बरसी: विश्व नेताओं ने दी पीड़ितों को श्रद्धांजलि

**तेल अवीव।** विश्व के कई नेताओं ने सोमवार को 7 अक्टूबर हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। 7 अक्टूबर, 2023 का अटैक होलोकॉस्ट के बाद एक ही दिन में यहूदी लोगों पर हुआ सबसे घातक हमला था। इसमें करीब 1200 इजरायलियों की मौत हो गई जबकि 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था।

1. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी 7 अक्टूबर के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और कहा कि यह 'यहूदी इतिहास में होलोकॉस्ट के बाद सबसे काला दिन' था। इन भयानक हमलों के एक साल बाद, हमें यहूदी समुदाय के साथ स्पष्ट रूप से खड़ा होना चाहिए। हम शांति की अपनी कोशिशों में पीछे नहीं हटेंगे, दुख और दर्द के इस दिन, हम उन लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्हें हमने खो दिया।
2. नाटो महासचिव मार्क रूटे ने एक्स पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इजरायल के लोगों, हमले के पीड़ितों और बंधकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने युद्ध विराम लाने और बंधकों की रिहाई के प्रयासों का समर्थन किया।जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने भी इजरायल के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, हम आपके साथ दर्द साझा करते हैं।
3. ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी हमास हमले की निंदा करते हुए कहा, हम शोक मनाते हैं और अपनी साझा मानवता के एक मूलभूत सिद्धांत का भी समर्थन करते हैं - हर निर्दोष जीवन मायने रखता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्वरचित गरबा गीत आवती कलाय साझा किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी दुर्गा की स्तुति में स्वयं का लिखा गरबा गीत साझा किया है। जिसका टायटल है आवती कलाय। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर लिखा अपना गरबा गीत सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए कहा, यह नवरात्रि का पावन समय है और लोग अलग-अलग तरीकों से उत्सव मना रहे हैं, जो मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े हैं। श्रद्धा और आनंद की इस भावना के साथ प्रस्तुत है आवती कलाय, एक गरबा जो मैंने उनकी शक्ति और कृपा को श्रद्धा स्वरूप लिखा है।




## मेक्सिको: पदभार संभालने के 6 दिन बाद मेयर की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के गुएरेरो राज्य के चिलपानसिंगो शहर के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की पदभार ग्रहण करने के छह दिन बाद हत्या कर दी गई। गुएरेरो राज्य की गवर्नर एवलिन सालगाडो ने सोशल मीडिया पर लिखा, उनके निधन से पूरा गुएरेरो समाज शोक में है। हम आक्रोश से भर गए हैं। आर्कोस को जून में विपक्षी गठबंधन के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया था जिसमें इंस्टिट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी (पीआरआई) शामिल थी। उनकी हत्या के बाद, पीआरआई ने अपराध को 'कायरतापूर्ण' बताते हुए इसकी निंदा की और इंसाफ की मांग की। इस राज्य ने ड्रग उत्पादन और तस्करी पर नियंत्रण के लिए लड़ने वाले कार्टेलों के बीच के हिंसक संघर्षों को वर्षों तक झेला है।



# एजुकेशन/करियर

पर्यावरण इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग की वह शाखा है जो दूसरों को प्रदूषण जैसे कठोर पर्यावरणीय प्रभावों से बचाती है। यह विशेषज्ञ इंजीनियर जीव विज्ञान, मृदा विज्ञान और रसायन विज्ञान का उपयोग करके स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रयास करता है। संधारणीयता इंजीनियर पर्यावरण को प्रभावित करने वाले खतरों को रोकने के लिए रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान का उपयोग करते हैं। ये तकनीशियन पर्यावरण जांच रिपोर्ट और योजनाओं को तैयार, अपडेट और बनाए रखते हैं। वे डेटा का विश्लेषण भी करते हैं, निरीक्षण करते हैं, प्रगति की निगरानी करते हैं और पर्यावरण की रक्षा में सहायता करने वाली परियोजनाओं को डिज़ाइन करते हैं। कुछ तो विषाक्त पदार्थों की सफाई में भी शामिल होते हैं।भूमिका की प्रकृति का अर्थ यह है कि पर्यावरण इंजीनियर विभिन्न प्रकार के परिवेशों में काम करते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वे कृषि, उद्योग, किसी सरकारी एजेंसी या परामर्शदाता के रूप में काम करने के लिए नियोजित हैं। अधिकांश काम दफ़्तरों से किया जाता है जहाँ परियोजनाओं की योजना बनाई जा सकती है और रिपोर्ट लिखी जा सकती है, हालाँकि निर्माण या अन्य कार्यों के प्रभाव का आकलन करने के लिए साइटों पर जाने की आवश्यकता हो सकती है। पर्यावरण इंजीनियरों को अपने कर्तव्यों के हिस्से के रूप में ग्राहकों से मिलने की भी आवश्यकता हो सकती है। भूमिका स्थानीय या वैश्विक रूप से केंद्रित हो सकती है, जिसका अर्थ है कि नौकरी की प्रकृति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रा का अवसर भी हो सकता है।

## पर्यावरण इंजीनियरिंग में नौकरियों

**वायु प्रदूषण :** वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कार्य करते हुए, पर्यावरण इंजीनियर प्रदूषकों की सांद्रता तथा वाहनों, उद्योगों आदि से होने वाले उत्सर्जन के कारण वायु की गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं।

**पर्यावरण प्रभाव आकलन :** इस क्षेत्र में, इंजीनियर वायु गुणवत्ता, कृषि, आवास, वनस्पति और जीव, जल गुणवत्ता और अन्य के लिए किसी भी प्रतिकूल प्रभाव का आकलन करने के लिए विज्ञान और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों को लागू करते हैं। जहां प्रतिकूल प्रभाव अपेक्षित हैं, वहां शमन उपाय विकसित और लागू किए जाते हैं।

**जल आपूर्ति और उपचार :** पर्यावरण इंजीनियर कई तरह की जरूरतों के लिए पानी की आवाजाही का आकलन करते हैं और साथ ही कई तरह के अनुप्रयोगों के लिए पानी को स्टोर और ट्रीट करने की प्रणालियों का भी आकलन करते हैं। इसमें संक्रामक और अन्य बीमारियों के जोखिम को रोकने के लिए पानी का उपचार करना और उपभोक्ताओं के लिए स्वादिष्ट स्वाद बनाना शामिल है। ये इंजीनियर सुनिश्चित करते हैं कि घरेलू से लेकर सिंचाई और अग्निशमन तक कई तरह के उपयोगों के लिए पानी का वितरण सही प्रवाह दर और दबाव वाला हो।



# पर्यावरण इंजीनियरिंग दे रहा है करियर के बेहतर ऑप्शन

## पर्यावरण इंजीनियर के काम

- साइट का मूल्यांकन करना
- तकनीकी ऑडिट करना
- पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन
- साइट की सफाई, पुनर्ग्रहण या अपशिष्ट प्रबंधन के लिए समाधान की सिफारिश करना
- पर्यावरण नियमों के अनुपालन का आकलन
- कंप्यूटर मॉडलिंग और गणित के साथ पर्यावरणीय समस्याओं का पूर्वानुमान और आकलन
- प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए तकनीकी समाधान प्रदान करना
- डेटा प्रबंधन और व्याख्या
- योजनाओं, परमिटों, कानूनीताओं और मानक संचालन प्रक्रियाओं को बनाए रखना और प्रबंधित करना

## अपशिष्ट जल उपचार

पर्यावरण इंजीनियरिंग का यह महत्वपूर्ण पहलू यह सुनिश्चित करता है कि पानी से अशुद्धियाँ हटा दी जाएँ। इसमें प्राथमिक स्पष्टीकरणकर्ता, द्वितीयक उपचार प्रणाली, तृतीयक जैविक नाइट्रोजन निष्कासन प्रणाली और सतही जलधारा या महासागर में निर्वहन से पहले अंतिम कीटाणुशोधन प्रक्रिया शामिल है।

## प्रयावरण इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए संस्थान

- एनआईटी कुरुक्षेत्र
- आईआईटी, रुड़की
- एनआईटी, बरलंगा
- डीटीयू, दिल्ली
- एमएसयू, बडोदरा
- आईआईटी, बॉम्बे
- आईआईटी, धनबाद
- एवीसीआई, विशाखापटनम
- गुरुगोविंद सिंह इंद्रपरस्त यूनिवर्सिटी

## एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के कोर्स

- कोस्टल इंजीनियरिंग
- जियोफिजिकल इंजीनियरिंग
- ओसियन इंजीनियरिंग
- सॉलिड वेस्ट इंजीनियरिंग
- इकोलॉजिकल इंजीनियरिंग
- वॉटर रिसोर्स इंजीनियरिंग
- ग्राउंडवॉटर हाइड्रोलॉजी
- एनवायर्नमेंटल केमो डायनामिक्स
- क्लाइमेटोलॉजी
- जियोमोर्फोलॉजी
- कलेक्शन सिस्टम डिज़ाइन
- एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट